सदा तेजोभानौ स्फुरति जयिनः काकतिविभो-
ररिक्ष्माभृत्कान्ताचिकुरतिमिराहंकृतिमुषि ।

शीघ्रगामिनः । 'चरति' इति ठक् । दुष्टनिग्रहशिष्टपरिपालनाभ्यामखिलक्षोणीसंरक्षणादस्य माहाभाग्यम् ॥ १५ ॥

औदार्यमाह—यदिति ॥ तच्छीलस्य भावस्ताच्छील्यम् । विश्राणने ताच्छील्यमिति शिवभागतववत् समासः । उदाहरति—वदान्य इति ॥ त्रयाणां जगतां समाहारस्त्रिजगदिति 'तद्धितार्थ' इत्यादिना द्विगुः । गुणश्रेणीश्लाघया गुणगणोत्कर्षेण पिहितं तिरस्कृतं हरिदीशानानां दिक्पतीनां यशो येन तस्य । अत्र समृद्धवस्तुवर्णनादुदात्तालंकारः ॥ १६ ॥

तेजस्वित्वमाह—जगदिति ॥ उदाहरति—सदेति ॥ जयिनो जयशीलस्य । काकतिदेवतोषासको विभुः काकतिविभुः । मध्यमपदलोपी समासः । अरिक्ष्माभृत्का-

---

चलने वाले अनुपम विक्रमों से पृथ्वी की रक्षा करता है । यहां दुष्ट निग्रह पुरःसर शिष्ट परिपालन से अखिलक्षोणिरक्षणीक्षमता रूप महाभाग्य व्यक्त होता है ॥१५॥

औदार्य—दान करने का जो शील है स्वभाव है उसे औदार्य कहते हैं—जैसे तीनों लोकों में प्रताप रुद्रके समान दाता दूसरा कोई नही है । जिसने अपने गुणों की प्रशंसा से आठों दिशाओं के स्वामियों के यश को ढाँप दिया है । जिसके द्वारा दान में दिये हुए मत्त हाथियों की चारों तरफ फैली हुई मदकी गन्ध से विद्वानों के घरों की मणिमण्डित प्राङ्गणभूमियां सुरभित की जाती हैं ॥१६॥

तेजस्विता जो जगत्प्रकाशनकर्तृत्व है उसे तेजस्वित्व कहते हैं । जैसे त्रैलोक्य विजयी काकतिविभु प्रतापरुद्र का तेजोभानु-जिसने दुश्मनों के औरतों के शिर के

प्रकाशव्युत्पत्तिर्भवति उरदुद्दामतमसा-
मसूर्यंपश्यानामवधिगिरिपाश्चात्त्यदृषदाम् ॥ १७ ॥

अथ वैदग्ध्यम्—

कृत्यवस्तुषु चातुर्यं वैदग्ध्यं परिकीर्त्यते ।

यथा—

चातुर्यं किमु वर्ण्यते गुणनिधेः श्रीवीररुद्रप्रभो-
र्यत्रान्योन्यविरुद्धयोरपि महद्वाणीश्रियोरार्जवम् ।

न्ताचिकुराः शत्रुराजस्त्रीकुन्तला एव तिमिरं तस्याहंकृतिमुषि गर्वनिर्वापके, प्रियवियोजनेय तन्निवर्तकत्वादिति भावः। तेजोमानी सदा न दिवैव स्फुरति सतीति भावलक्षणा सप्तमी। जरन्ति जीर्णानि सर्वदा प्रकाशविरहात् घनीभूतानीत्यर्थः। 'जीर्यतेरतृन्' इति भूते अतृन्प्रत्ययः। तान्युद्दामानि बहुलानि तमांसि यासां तासां तथोक्तानाम्। न सूर्यं पश्यन्तीत्यसूर्यंपश्याः। 'असूर्यललाटयोर्दृशितपोः' इति खश्प्रत्ययः। 'अरुर्द्विषत्—'इत्यादिना मुमागमः। 'उपपदमतिङ्' इति समासः। अत्र नञः सूर्यकर्मिकया दृशिक्रियया संबन्धो न तु सूर्यस्थया सत्तया। अतोऽसूर्यमित्यसमर्थकसमासः। तथापि साधुरेव। यदाह भगवान् भाष्यकारः—'अवश्यं कस्यचिन्नञ्समासस्यासमर्थस्य गमकस्य साधुत्वं वक्तव्यम्। असूर्यं पश्यानि मुखानीति'। तासामवधिगिरेः लोकालोकपर्वतस्य पाश्चात्यदृषदामप्रकाशप्रदेशवर्त्युपलानां प्रकाशव्युत्पत्तिः प्रकाशज्ञानम्। यद्वा—अयं प्रकाशशब्दवाच्य इति शृङ्गग्राहिकया संगतिग्रहः। अत्र सूर्यप्रकाशरहितयोरपि देशकालयोरतिवेलप्रकाशजननाल्लोकोत्तरमस्य तेजस्वित्वमिति भावः॥ १७॥

वैदग्ध्यमाह—कृत्येति॥ कृत्यवस्तुषु कर्तव्यार्थेषु चातुर्यं प्रयोगकौशलम्। उदाहरति—चातुर्यमिति॥ 'यत्र विद्या न तत्र श्रीर्यत्र श्रीर्न सरस्वती' इति न्यायेनान्योन्यविरुद्धयोरपि वाणीश्रियोर्यत्र वीररुद्रे महदार्जवं

केशरूपी अन्धकार के अहंकार को ध्वस्त कर दिया है—सर्वदा रातदिन चमकता है अतएव जिन्होंने कभी सूर्य का दर्शन नही किया है और जिनमें गाढ़ अन्धकार व्याप्त हो रहा है ऐसे लोकालोक पर्वत के पश्चिम दिशा के पाषाणों को प्रकाश की व्युत्पत्ति हो गई है प्रकाश का ज्ञान हो गया है। यहां जिन जगहों में तीन कालों में कभी सूर्य का प्रकाश नही जाता था उन जगहों को जिसने अपने तेज से सर्वदा प्रकाशयुक्त कर दिया है। इससे प्रतापरुद्र की लोकोत्तर तेजस्विता प्रकट हो रही है ॥१७॥

वैदग्ध्य—कृत्यवस्तुओं में कर्त्तव्य कार्यों में जो चातुर्य है प्रयोग करने की कुशलता है उसे वैदग्ध्य कहते हैं।

जैसे गुणों के खजाने राजा प्रतापरुद्र के चातुर्य का क्या बखान करना है यानी चातुर्य

किं चाभ्यां सदृशोपचारललितां तत्तादृशैरुत्सवै-
निः सापत्न्यमिमां भुवं स नृपतिर्धत्ते दिशां जित्वरः ॥

अथ धार्मिकत्वम्—

धर्मैकायत्तचित्तत्वं धार्मिकत्वमुदीर्यते ।

यथा—

ेहार्दमेकत्रावस्थानमिति यावत्। अस्तीति गम्यते, 'अस्तिर्भवन्तीपरोऽप्रयुज्यमानोऽप्यस्ति' इति महाभाष्यकारवचनात् । उक्तन्यायस्तु वीररुद्राद्यतिरिक्तनिर्गुणभूपालविषय इत्यर्थः। आभ्यां श्रीवाणीभ्याम् । सहेति शेषः। अत्र सहादिशब्दाप्रयोगेऽपि तदर्थगम्यतायां 'वृद्धो यूना' इति ज्ञापकात् तृतीया। सदृशैः स्वस्वशीलोचितैरुपचारैः प्रियाचरितसत्कारविशेषैर्ललितां हृष्टामित्यर्थः। तदुक्तं भावप्रकाशे—'उपचारो यथासत्त्वं स्त्रीणामल्पोऽपि हर्षदः। महानप्यन्यथायुक्तो नैव तुष्टिकरो भवेत् ॥' इति। उपचारलक्षणमपि तत्रैव—'वासोऽङ्गरागाभरणमाल्यशय्यासनादिषु। यत्र तत्र स्पृहा तत्तद्देशकालानुकूल्यतः॥ अत्यादरेण सत्कार उपचार इतीरितः॥' इति। आभ्यामित्यत्राप्रधाने तृतीयाविधानेऽपि श्रीवाण्योः शाब्द एवोपसर्जनभावो न त्वार्थः, सह शाखया प्रस्तरं प्रहरतीत्यत्र प्रहरणे शाखाप्रस्तरयोरिव तयोर्भुवश्च समप्रधानभावोपपत्तेः, अन्यथानौचित्यादिति रहस्यम्। अतस्तिस्रोऽपि सदृशोपचारसंतुष्टा इति भावः, तां भुवम्। स नृपतिः। तत्तादृशशब्दयोः स्वरूपप्रकारस्मारकयोः खञ्जकुब्जादिवद्विशेषणसमासः। वक्तुमशक्यैरित्यर्थः ॥ उत्सवैः हर्षोत्पादकव्यापारैः। 'उत्सूते हर्षमित्येष उत्सवः परिकीर्त्यते' इति तत्रैवोक्तेः। मिथो विरुद्धानामेतासामन्योन्यानुरागजननेन वशीकरणाद्दे दग्ध्यमुक्तम्। वितरणविद्वद्गोष्टीप्रजारञ्जनादिभिः श्रीवाणीधरणीर्निर्विरोधं तोषयतीति भावः ॥ १८ ॥

के विषय में क्या कहना है जिसने परस्पर में अहिनकुल की तरह अत्यन्त विरुद्ध रहने वाली (जहां लक्ष्मी है वहां सरस्वती नही है और जहां सरस्वती है वहां लक्ष्मी नही है) लक्ष्मी एवं सरस्वती में प्रेम उत्पन्न कर दिया है। इतना ही नही इस दिग्विजयी प्रतापरुद्र ने इन दोनों लक्ष्मी और सरस्वती के साथ जो पृथिवी का सपत्नीत्व दोष था उसको भी भिन्न २ प्रकार के उत्सवोंके द्वारा उन लक्ष्मी सरस्वती पृथिवी के स्वभाव के अनुकूल उपचारों से प्रेममय कर दिया है।

यहाँ इधर विद्वानों की गोष्ठी हो रही है तो उधर गरीबों को दान दिया जा रहा है और लोकोपकारी कार्यो के द्वारा प्रजारञ्जन किया जा रहा है जिससे लक्ष्मी, सरस्वती एवं पृथ्वी के परस्पर के वैमनस्य को हटाकर प्रेममय वातावरण उत्पन्न किया जा रहा है ॥१८॥

परिहासेऽप्यनौचित्यं स्वप्नेऽप्यन्यवधूकथाम् ।
शत्रावप्यगुणारोपं काकतीन्द्रो न मृष्यति ॥१९॥

आदिग्रहणान्महामहिमत्वपाण्डित्यप्रभृतयः ।

यथा—

तन्महामहिमत्वं स्याद्या पुनर्देवतात्मता ।

कौसल्याऽऽसीत् प्रथमललना देवकी च द्वितीया
विष्णोर्माता तदनु महिता मुम्मडाम्बा तृतीया ।
यस्त्रेतायां रघुपतिरभूद् द्वापरे शौरिरासीत्
त्रातुं क्षोणीं स जयति कलौ वीररुद्रावतारः ॥२०॥

अत्र गरुडध्वजात्मकतया महामहिमतोक्ता ।

अथ पाण्डित्यम् ।

सर्वविद्याधिकत्वं यत् पाण्डित्यं तदुदाहृतम् ।

धार्मिकत्वमाह—धर्मेति ॥ धर्मं चरत्यासेवत इति धार्मिकः । 'सकृत्कृतधर्मो न धार्मिकः' इति वृत्तिकारः । तस्य भावस्तत्त्वम् । उदाहरति—परिहास इति ॥ अनौचित्यमन्यद्रव्याभिलाषानृतभाषणादिहेतुकमित्यर्थः । परिहासादावप्यनौचित्यादिकमसहमानस्य धार्मिकत्वं किमु वक्तव्यमिति भावः ॥१९॥

आदिग्रहणसंगृहीतेषु महामहिमत्वमाह—तदिति ॥ उदाहरति—कौसल्येति कोसलस्यापत्यं स्त्री कौसल्या । 'वृद्धेत्कोसलाजादाञ्ञ्यङ्' इति ञ्यङ् प्रत्यये टाप् । तद्देवकीत्वमनु पश्चाद् देवकीत्वानन्तरमित्यर्थः । 'अनुर्लक्षणे' इति कर्मप्रवचनीयत्वात् तद्योगे द्वितीया । महिता पूज्यमाना । 'मतिबुद्धि' इत्यादिना वर्तमाने क्तः । अत्र विष्णववतारत्वेन देवतात्मकत्वान्महामहिमत्वम् ॥२०॥

धार्मिकत्व जैसे—जिसका चित्त एकमात्र धर्म के ही आयत्त हो उसे धार्मिक कहते हैं ।

राजा प्रतापरुद्र परिहास में भी अनुचित आलाप को स्वप्न में भी परस्त्री की कथा को तथा शत्रु पर भी मिथ्या दोषारोप को नही सहन करता है ।

पहिले जहाँ धार्मिकत्वादयो गुणाः कहा था वहां आदि पदसे महामहिमत्व एवं पाण्डित्य प्रभृति गणों का निदर्शन है अतः उनमें महामहिमत्व जैसे—व्यक्ति का देवतास्वरूप हो जाना महामहिमत्व है जिस विष्णु की प्रथम जननी कौसल्या थी द्वितीया देवकी थी उसके बाद तृतीया माता मम्मडाम्बा नाम से प्रसिद्ध थी । और जो त्रेता में रघुपति हुए तथा द्वापर में शौरि हुए वही कलियुग में पृथ्वी की रक्षा करने के लिए प्रतापरुद्र हैं । उनका जय हो जय हो ॥१९-२०॥

यथा——

गोष्ठीभिः परितोषयन् बुधगणान् षड्दर्शनीसीमभिः
सत्सारस्वतमार्गदर्शनचणैः सूक्तैः कवीन् प्रीणयन्।
संगीतोपनिषद्रहस्यपिशुनैरातोद्ययोग्यक्रमै-
र्धिन्वन् संसदि वैणिकान् विहरते श्रीकाकतीन्द्रो नृपः॥

अथ नायकगुणनिरूपणानन्तरं नायकस्वरूपं निरूप्यते।

पाण्डित्यमाह—सर्वेति॥ उदाहरति—गोष्ठीभिरिति॥ षण्णां दर्शनानां पाणिन्या (?) दिप्रस्थानानां समाहारः षड्दर्शनी। 'पाणिने (?) जैमिनेश्चैव व्यासस्य कपिलस्य च। कणादस्याक्षपादस्य दर्शनानि षडेव हि॥' इत्याहुः। द्विगुत्वात् ङीप्। सा सीमा गोचरो यासां ताभिस्तथोक्ताभिर्गोष्ठीभिः शास्त्रप्रसङ्गैः। सत्सारस्वतमार्गस्य सत्कवितामार्गस्य दर्शनं प्रकाशनम्। दृशेर्ण्यन्ताल्ल्युट्। तेन वित्तैः तच्चणैः। 'तेन वित्तश्चुञ्चुप्चणपौ' इति चणप्प्रत्ययः। संगीतोपनिषद्रहस्यपिशुनैः नाट्यवेदमर्मोद्घाटकैः। आतोद्ययोग्यक्रमैः ततादिचतुर्विधवाद्योचितपरिपाटीभिः। वीणा शिल्पमेषां वैणिकाः तान्। धिन्वन् प्रीणयन्। अत्र विभोः सर्वविद्याविशारदत्वादखण्डं पाण्डित्यमिति भावः। प्रभृतिग्रहणाद्विनीतत्वादयो ये दशरूपकोक्तास्ते तत्रैव द्रष्टव्याः। यथासंभवमेते स्त्रीपुंससाधारणा गुणाः। पुरुषमात्रनियतास्त्वन्येऽपि शोभादयः। तदुक्तम्—'शोभा विलासो माधुर्यं गाम्भीर्यं स्थैर्यतेजसी। ललितौदार्यमित्यष्टौ सात्त्विकाः पौरुषा गुणाः॥' इति॥ २१॥

पाण्डित्य जैसे—सभी विद्याओं में जो आधिक्य है वह पाण्डित्य कहलाता है। पतञ्जलि जैमिनी व्यास कपिल कणाद और गौतम के प्रस्थान योग पूर्वमीमांसा उत्तरमीमांसा सांख्य वैशेषिक एवं न्याय ये छः दर्शन हैं। इन दर्शनों के विषयों में की जाने वाली गोष्ठियों में शास्त्रीय विचारों से बुधगणों को परितुष्ट करते हुए, समीचीन सारस्वत मार्गदर्शन यानी उत्तम कविताओं की रचना के सम्बन्ध में प्रशस्त पथ प्रदर्शन करने वाले सूक्तों से कवियों को खुश करते हुए तथा संगीतोपनिषत् संगीत शास्त्र के रहस्य को सूचित करने वाले नाट्य शास्त्रीय मर्मों के प्रकाशक ततादि चतुर्विधवाद्यों के उपक्रमों माने उचित परिपाटियों से वीणा वादकों को प्रसन्न करते हुए राजा प्रतापरुद्र विहार कर रहे हैं।

यहाँ सर्वविध विशारद राजा प्रतापरुद्र का अखण्ड पाण्डित्य प्रकटित हो रहा है। यहाँ इसी प्रसङ्ग में नायक के विनीतत्वादि और भी बहुत से गुण हैं उनका निरूपण यहां नहीं किया है किन्तु उनको जानना जरूरी है अतः उनको भी नाट्यशास्त्रादि से समझ लेना चाहिए॥२१॥

यशःप्रतापसुभगो धर्मकामार्थतत्परः ।
धुरंधरो गुणाढ्यश्च नायकः परिकीर्तितः ॥२२॥

यशःप्रतापाभ्यां सुभगत्वं यथा—
धर्मालम्बसमुच्छ्रितां त्रिभुवनस्यैकातपत्रश्रियं

तेऽपि तत्रैव द्रष्टव्या इत्युपेक्ष्य नायकलक्षणं प्रतिजानिते—अथेति ॥ लक्षयति—यश इति ॥ गुणैः पूर्वोक्तैः साधारणैर्महाकुलीनतादिभिरसाधारणैः शोभादिभिश्चाढ्य इत्येतावदेव सामान्यलक्षणम् । नयति प्राप्नोति वृत्तं फलं चेति नायक इति व्युत्पत्त्या प्रबन्धव्यापी फलवानित्यपि विशेषो द्रष्टव्यः । चशब्दोऽनुक्तसमुच्चयार्थः सन् उत्तममध्यमाधमभेदेन त्रिविधो नायक इतीमं विभागमाकर्षयति । तेनोक्तसकलगुणसंपन्नः प्रबन्धव्यापिफलशिरस्कव्यापार उत्तमः । कतिपयगुणहीनो मध्यमः । बहुगुणहीनोऽधम इति विवेकः । अत्र धार्मिकत्वादय इत्यादिग्रहणसंगृहीतानां यशःप्रतापादीनां गुणाढ्यपदेनैवोपात्तानामपि पुनरुपादानमेतेषां सर्वेष्वपि नायकेष्वावश्यकत्वमभिव्यञ्जयितुमिति रहस्यम् । सत्समाख्या यशः । कोशदण्डजं तेजः प्रतापः । धर्मादयः प्रसिद्धाः । धूरेव धुरा । 'टाबन्तत्वं हलन्तानाम्' इति वचनाट्टाप् । तां धारयतीति धुरन्धरः । 'संज्ञायां भृतृवृजि' इत्यादिना खच्प्रत्ययः । 'खित्यनव्ययस्य' इति ह्रस्वः । 'अरुर्द्विषद्' इत्यादिना मुमागमः ॥२२॥

तत्र यथायोगमुदाहरति—धर्मेति ॥ धर्म एवालम्बो दण्डस्तस्मिन् समुच्छ्रितां विस्तारिताम् । त्रिभुवनस्येति समाहारद्विगुः । पात्रादित्वान्न स्त्रीत्वम् । स्फारं

अब नायक के गुणों के निरूपण करने के बाद नायक के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

(यश, विद्यादिजनितं यशः) विद्यावैभव, प्रताप (कोश एवं दण्ड से उत्पन्न होने वाला) तेज, उनसे सुभग । धर्म के आचरण करने में अर्थ के कमाने में काम के उचितानुचित विषयक विचार करके सेवन में तत्पर, राज्यकी धुरा को धारण करने वाला और गुणाढय यानी नायकनायिकोभय साधारण गुण एवं पुरुषमात्र नियत

शोभा विलासो माधुर्यं गाम्भीर्यं स्थैर्यतेजसी ।
ललितौदार्यमित्यष्टौ पौरुषाः सात्त्विका गुणाः ॥

शोभादि आठ गुणों से आढय सम्पन्न नायक कहलाता है । यहां धुरंधरः इसमें धूरेव धुरा बना है । आपं चैव हलन्तानां यथा वाचा निशा दिशा । इस नियम के अनुसार धुर शब्द से टाप् होकर धुरा बना है । उस धुरा को धारण करने वाला धुरंधर है । खच् प्रत्यय मुमागम एवं (खिति अनव्ययस्य ह्रस्वः) ह्रस्व हुआ है ॥२२॥

यश एवं प्रताप से राजा प्रतापरुद्र का सौभाग्य जैसे राजा प्रतापरुद्र का विस्तृत यश धर्म के आलम्बन से समुच्छ्रित हुई त्रिभुवन के एकच्छत्र की शोभा को धारण

घत्ते काकतिवीररुद्रनृपतेः स्फारं यशोमण्डलम् ।
छायेवास्य नभःस्थली कुवलयश्यामेयमालोक्यते
तन्मन्ये नियतं प्रतापतपनस्तस्योपरि द्योतते ॥२३॥

धर्मकामार्थतत्परत्वं यथा——

धर्मोऽर्थ इव पूर्णश्रीरर्थो धर्म इव स्थितः ।
कामस्ताविव तौ काम इव रुद्रनरेश्वरे ॥२४॥

धुरीणया यथा——

गायन्तीरनुमोदते निजवधूः शेषः शिरःकम्पनै-
र्लक्ष्मीं प्रीणयतेऽद्य कच्छपपतिर्वक्षःस्थलीदर्शनात् ।

प्रभूतम् । अत्र त्रिभुवनोल्लङ्घिनः कीर्तिमण्डलातपत्रस्योपरि प्रतापतपनः प्रकाशत इत्युत्प्रेक्षणादर्वाचीनसूर्यादिमहसां छत्राधः खचितमणिगणवदवभासमानत्वं कीर्तिप्रतापयोश्चन्द्रसूर्याधिकत्वं च व्यज्यते ॥२३॥

धर्म इति—अत्र धर्मार्थयोः पर्यायेणोपमानोपमेयभावादुपमेयोपमालंकार इति वक्ष्यति । एतेनानयोरन्योन्यमेव सादृश्यं न त्वेतत्सदृशोऽन्यः कोऽपीति व्यज्यते । एवमुत्तरार्धेऽपि योज्यम् ॥२४॥

धुरीणतेति—'खः सर्वधुरात्' इत्यत्र 'खः' इति योगविभागात् खप्रत्ययः । गायन्तीरिति—स्वभर्तृभारावतरणसंतोषमराद्वीररुद्रकीर्तिमेवेति भावः । कच्छपपतिरादिकूर्मावतारो हरिरपोढभारत्वादालिंगनार्थं वक्षस्स्थलीदर्शनात् । दृशेर्ण्यन्ताल्ल्युट् ।

किये हुए है कुवलय दलकी तरह श्यामवर्ण वाली यह नभःस्थली इस राजा की छाया के जैसी मालूम पड़ रही है इसलिए इसे मैं नियत ही मानता हूं कि राजा प्रतापरुद्र इन सबके ऊपर चमक रहा है ।

यहां त्रिभुवन को उल्लंघन करने वाले कीर्ति मण्डल एवं छत्र के ऊपर राजा प्रताप का सूर्य चमकता हैं ऐसी उत्प्रेक्षा से आधुनिक सूर्य का तेज छत्राधः खचित मणिगण की तरह मालूम पड़ता है इससे फिर कीर्ति और प्रताप चन्द्र और सूर्य से अधिक प्रकाशशाली है ऐसा प्रतीत होता है ॥२३॥

धर्म अर्थ एवं काम में तत्परता जैसे—प्रतापरुद्र राजा में धर्म अर्थ की तरह पूर्णश्री हुआ स्थित हैं । अर्थ भी धर्म की तरह वैसा ही है । धर्म और अर्थ की तरह काम है और काम की तरह धर्म और अर्थ हैं ।

यहां धर्म अर्थ एवं काम में पर्याय से उपमानोपमेयभाव है अतः उपमेयोपमा अलंकार है । इससे यह व्यक्त होता है कि इन्हीं लोगों का इन्हीं लोगोंके साथ परस्पर में सादृश्य है अतः इनके समान ये ही है और कोई भी इनके समान नही है ॥२४॥

धुरीणता धुरंधरता जैसे--प्रतापरुद्र राजा अपनी भुजाओं से विश्वंभरा को धारण कर रहे थे उस समय उस राजा के यश का गान करने वाली

दिङ्नागाश्च करेणुकाशुचमपाकुर्वन्त्यनुव्रज्यया
दोष्णा काकतिवीररुद्रनृपतौ विश्वंभरां बिभ्रति ।।२५।।

गुणाढ्यत्वं यथा—

मुखैः सहस्रेण फणी वदेच्चेत्
करैः सहस्रेण लिखेद्विवस्वान् ।
नेत्रैः सहस्रेण हरिश्च पश्येत्
स्थाने गुणान् काकतिवीरभर्तुः ।।२६।।

लक्ष्मीं प्रीणयते, प्रीञ् तर्पणे इत्यस्माद्धातोश्चौरादिकाण्णिचि 'धूञ्प्रीञोर्नुग्वक्तव्यः' इति नुक् । अनुव्रज्यया रन्तुमनुधावनेन । 'व्रजयजोर्भावे क्यप्' इति क्यप् । करेणुकाशुचं विप्रलम्भजनिताम्, अद्येति सर्वत्र संबध्यते । शेषादयो भुवं बिभ्रति शेषादींस्तु कूर्मराज इत्यागमः । शेषादिभरणीयां विश्वंभरां वीररुद्रो भुजेनैकेन बिभर्तीति विश्वातिशायि धुरन्धरत्वमस्योक्तम् ।।२५।।

मुखैरिति—करैरित्यत्रांशुहस्तयोरभेदाध्यवसायाल्लेखनसाधनत्वं विज्ञेयम् । वदेदित्यादौ 'अर्हे कृत्यतृचश्च' इत्यहार्थे लिङ्प्रत्ययः । शेषादय एवास्य गुणानामभिवदनादीन्यर्हन्ति । तथा चेद्युक्तमिति वाक्यार्थः । असंख्येया गुणा इति भावः । सह-

---

अपनी बहुओं का शेषनागजी शिरः कम्पन से अनुमोदन करते हैं। राजा का समाश्लेष करने वाली राज्य लक्ष्मी को देखकर सन्तुष्ट हुए विष्णु अपनी वक्षःस्थली को दिखाकर उसे प्रसन्न कर रहे हैं। दिग्गज लोग भी करेणुकादि अपनी स्त्रियों का अनुव्रजन करके उन के शोक का अपाकरण करते हैं।

यहां शेष विष्णु एवं दिग्गज आदि से धारणीय विश्वम्भरा को अकेला असहाय राजा प्रताप रुद्र एक भुजापर धारण करता है इससे राजा का विश्वातिशायी धुरंधरत्व व्यक्त होता है। यहां दोष्णा की जगह दोर्भ्यां भी पाठ हो सकता था तब भी जो दोष्णा एकवचनान्तका प्रयोग किया है उसका उपर्युक्त व्यङ्ग्य है।२५।

गुणाढयत्व जैसे—

प्रतापरुद्र राजा के गुणों का कहना लिखना और देखना तभी (स्थाने) युक्त हो सकता है (चेत्) अगर सहस्त्रफणों वाला शेष नाग अपने सहस्त्र मुखों से उन गुणों को कहे। सहस्त्रांशु विवस्वान् सूर्य अपने किरणाभिन्न करों से अगर उन गुणों को लिखे और सहस्त्राक्ष हरि विष्णु अपने सहस्त्र नेत्रों से अगर उनको देखे। अन्यथा नही।

यहां शेषादि ही उसके गुणों का कथन लेखन एवं दर्शन कर सकते हैं औरों के लिए यह असम्भव ही है करो एवं किरणों का अभेदाध्यवसान करना आवश्यक है। मुखैः करैः एवं नेत्रैः इन बहुवचनान्त पदों के साथ सहस्त्रेण इस

अथ नायकविशेषा निरूप्यन्ते ।

उदात्त उद्धतश्चैव ललितः शान्त इत्यपि ।
धीरपूर्वा इमे पूर्वैश्चत्वारो नायकाः स्मृताः ॥२७॥

स्त्रैणेत्यत्र संख्येयबाहुल्येऽपि 'विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येयसंख्ययोः' इत्यमरवचनादेकत्वमवगन्तव्यम् ॥२६॥

अथ धीरोदात्तादयश्चत्वारो नायकाः सर्वरससाधारणास्तेषामेव श्रृंगाराश्रयतयानुकूलादिभेदन प्रत्येकं चतुर्विधानामुत्तममध्यमाधमभेदेन पुनः प्रत्येकं त्रैविध्ये अष्टाचत्वारिंशद्भेदाः। धीरोदात्तादिशब्दाश्च महावीरचरितादिमहाप्रबन्धेष्वेकस्यानेकरूपाभिधानेन वत्सवृषभमहोक्षादिशब्दवदवस्थावाचिनो न जातिवाचिन इति प्रतिपादितं *दशरूपके, तत्र कतिचिल्लक्षणोदाहरणाभ्यां प्रदश्यन्ते—अथेत्यादिना उदात्त इति, धीरपूर्वा उदात्तादय इत्युक्ते धीरशब्दपूर्वा उदात्तादिशब्दा इत्युक्तं स्यात्। अतोऽत्र शब्दपरेणार्थलक्षणा कथंचित् कल्प्या ॥२७॥

एक वचनान्त पद का प्रयोग 'विंशत्याद्या सर्वाः संख्येयससंख्ययो सदा एकत्वे एव भवन्ति। इस न्याय के अनुसार किया गया है। २६।

अथ अब सामान्य नायकों का निरूपण करने के अनन्तर नायक विशेषों का निरूपण करते हैं।

जिनके पूर्व में धीर शब्द का प्रयोग होता है जैसे उदात्त उद्धत ललित एवं शान्त ये चार नायक होते हैं ऐसा पूर्व आचार्यों ने स्मरण किया है। अतः धीरोदात्त धीरोद्धत धीरललित एवं धीरशान्त ये इनके चार नाम हैं। २७।

*धीरललितादिशब्दाश्च यथोक्तगुणसमारोपितावस्थाभिधायिनो वत्सवृषभमहोक्षादिवत्। न जात्या कश्चिदवस्थितरूपो ललितादिरस्ति। तदा हि महाकविप्रबन्धेषु विरुद्धानेकरूपाभिधानमसंगतमेव स्यात्, जातेरनपायित्वात्। तथा च भवभूतिनैक एव जामदग्न्यः 'ब्राह्मणातिक्रमत्यागो भवतामेव भूतये। जामदग्न्यश्च वो मित्रमन्यथा दुर्मनायते।' इत्यादिना रावणं प्रति धीरोदात्तत्वेन 'कैलासोद्धारसार' इत्यादिभिश्च रामादीन्प्रति प्रथमं धीरोद्धतत्वेन पुनः 'पुण्या ब्राह्मणजातिः' इत्यादिभिश्च धीरशान्तत्वेनोपवर्णितः। न चावस्थान्तराभिधानमनुचितमङ्गभूतनायकानां नायकान्तरापेक्षया महासत्त्वादेरव्यवस्थितत्वादङ्गिनस्तु रामादेरेकप्रबन्धोपात्तान्प्रत्येकरूपत्वादारम्भोपात्तावस्थातोऽवस्थान्तरोपादानमन्याय्यम्। यथोदात्तत्वाभिमतस्य रामस्य छद्मना बालिबधादमहासत्त्वतया स्वावस्थापरित्याग इति। वक्ष्यमाणानां च दक्षिणाद्यवस्थानां पूर्वां प्रत्यन्यया हृत इति नित्यसापेक्षत्वेनाविर्भावादुपात्तावस्थातोऽवस्थान्तराभिधानमङ्गाङ्गिनोरप्यविरुद्धम्।"

तत्र सर्वरससाधारणाश्चत्वारो नायकाः धीरोदात्तधीरोद्धतधीरललित-धीरशान्ताः। एतेषां स्वरूपमुदाहरणं च।
यथा –

महासत्त्वोऽतिगम्भीरः कृपावानविकत्थनः।
प्रतापरुद्रवद्धीरो धीरोदात्तः स संमतः ॥२८॥

अत्र धीरोदात्तादीनां सर्वरससाधारण्येऽपि यथाक्रमं वीररौद्रशृंगारशान्तप्रधानत्वं वक्ष्यमाणविशेषलक्षणपर्यालोचनया विज्ञेयमिति† रहस्यम्। तत्र धीरोदात्तमाह—महासत्त्व इति। क्रोधाद्यनभिभूतान्तःकरणो महासत्त्वः। अयमेव धीर इत्याहुः। अत्रत्यधीरशब्देन तु उद्योगादेरचलितत्वलक्षणः स्थिरः शास्त्रचक्षुर्वाभिधीयत इति न पौनरुक्त्यम्। सत्यपि विकारे सावहित्थो गम्भीरः। परदुःखापहरणेच्छुः कृपावान्। आत्मश्लाघाविहीनोऽविकत्थनः। 'अनुदात्तेतश्च हलादेः' इति युच्। एवंगुणको यः प्रतापरुद्रवद्वर्तते स धीरोदात्त इति योजना। एवं च सर्वोत्कर्षेण वृत्तिरौदात्यमिति फलितम्। अत्र स्थैर्यादिसामान्यगुणानां विशेषलक्षणेषूपादानं तत्रावश्यकत्वसूचनार्थम्। उदाहरित—संदिग्ध इति ॥ कृपया मृदुर्न तु कातर्येणेत्यनेन महासत्त्वतोच्यते। क्षणमल्पकालमेव। पश्चात्तु हन्त्येवेति स्थैर्यम्। पुरः स्थितानरीन् न तु पलायितानिति धार्मिकत्वम्। शौर्येति ॥ वन्दिविहितप्रशंसाकर्णनेनैव लज्जमानस्यात्मश्लाघा तु दूरत एवेत्यविकत्थनत्वम्। नमद्भ्रूत्वं लज्जानुभावः। इष्टानुभवजन्य आनन्दः सुखम्। साप-

इन चारों नायकों मे शृङ्गारादि नवों रस साधारण रूप से रहते हैं। इनके स्वरूप माने लक्षण एवं उदाहरण ये हैं।

जो प्रतापरुद्र राजा की तरह धीर है धैर्ययुक्तहै महासत्त्व है यानी जिसका अन्तः करण काम क्रोध लोभादि से अभिभूत नही है। अतिगम्भीर है विकारों के रहने पर भी उनके प्रभाव से रहित है। कृपावान् है दूसरों के दुःखों को अपहरण करने का इच्छुक है। अविकत्थन है अपने मुंह मिया मिठू नही बनता हैं वह धीरोदात्त नायक माना जाता है। सर्वोत्कर्ष शालिनीवृत्तिवाला होने से उदात्त होता है।

श्रीवीररुद्र नृपति ऐसा है जो संदिग्ध स्थिति वाले प्राणी के विषय में कृपामयभाव से मृदु है किन्तु कायरता से कोमल नही है। सामने युद्ध में खड़े हुए दुश्मनों को हनन करने के लिए तत्काल म्यान से तलवार निकाल लेता है। वन्दियों के द्वारा की गई अपने शौर्य श्री एवं प्रणय की प्रशंसा को सुनकर जिसकी भ्रकुटियां झुकजाती हैं अर्थात् अपनी प्रशंसा को अपने करना तो दूर रहा दूसरों के द्वारा भी की जाने वाली प्रशंसा को सुनकर लज्जा का अनुभव करता है। अपने मनोऽनुकल वस्तु की

†एतद्रहस्यविज्ञानार्थं नाकप्रकरणस्य अन्ते विद्यमानाः ७१, ७२, ७३ श्लोकाः द्रष्टव्याः।

संदिग्धे कृपया मृदुः क्षणमरीन् हन्तुं धृतासिः पुरः
शौर्यश्रीप्रणयप्रशंसिषु नमद्भ्रूर्लज्जते वन्दिषु ।
आकारान्सुखरोषहर्षपिशुनान् वक्त्रे न धत्ते मनाक्
त्रैलोक्यातिशयालुकीर्तिसुभगः श्रीवीररुद्रो नृपः ॥२९॥

दर्पमात्सर्यभूयिष्ठश्चण्डवृत्तिर्विकत्थनः ।
मायावी सुलभक्रोधः स धीरोद्धत उच्यते ॥३०॥

यथा—

रेरे घूर्जर ! जर्जरोऽसि समरे लम्पाक ! किं कम्पसे
वङ्ग ! त्वङ्गसि किं मुधा बलरजःकाणोऽसि किं कोङ्कण !

राधविषयोऽमर्षो रोषः । इष्टलाभजन्यो मनःप्रसादो हर्षः । तेषां पिशुनान् सूचकानाकारानक्षिनिमीलनभ्रुकुटिमुखरागादीन् वक्त्रे मनागीषदपि न धत्त इत्यवहित्थया गाम्भीर्यम् । त्रयो लोकास्त्रैलोक्यं तदतिशयालुरिति मधुपिपासुप्रभृतित्वात् द्वितीयासमासो द्रष्टव्यः । शीङो वक्तव्यादालुच्प्रत्ययः । अत्र स्थैर्यधार्मिकत्वकीर्तयः साधारणा गुणाः कृपादयस्तु विशेषा इति विवेकः ॥ २८ ॥ २९ ॥

धीरोद्धतमाह—दर्पेति ॥ दर्पः शौर्यादिमदः । मात्सर्यमसहनमसूयेति यावत् । ताभ्यां भूयिठष्श्चण्डवृत्तिः रौद्रः । विकत्थन आत्मश्लाघापरः । मन्त्रादिबलेनाविद्यमानवस्तुप्रकाशकः केवलवञ्चको वा मायावी उदाहरति—रे रे इति ॥ 'हीनसंबोधने तु रे' इत्यमरः । तस्य प्रतिवाक्यमावर्त्यमानस्य 'वाक्यदेरामन्त्रितस्यासूयासंमतिकोपकुत्सनभर्त्सनेषु' इति यथायोगमसूयाद्यर्थेषु द्विर्भावः । अत्र 'स्वरितमाम्रेडिते' इत्यादिना

प्राप्ति से होने वाला आनन्द सुख है । अपराधी के विषय में होनेवाला अमर्ष रोष है । वाञ्छित पदार्थ के मिलने से होनेवाली मनकी प्रसन्नता हर्ष है इन सुखादि के सूचक आकारों जैसे आखों को मीचना, भृकुटी को चढाना एवं प्रेम करना आदि आकृतियों की थोड़ी सी भी झलक को अपने मुंह पर नही धारण करता है अर्थात् अतिगम्भीर है । त्रिलोकी में व्याप्त (अतिशयालु) कीर्ति से सुभग है सौभाग्यशाली है । यहां स्थैर्य धार्मिकत्व वगैरह साधारण हैं और कृपादि विशेष गुण हैं ऐसा विवेक अवश्य करना चाहिए । २८ । २९ ।

जिसमें दर्प शौर्यादि मद एवं मात्सर्य असहनशीलता यानी असूया बहुत अधिक हैं तथा जिसकी वृत्तियां चेष्टायें चण्ड हैं क्रूर हैं । मैंने यह किया मैं ऐसा कर सकता हूं इत्यादि आत्मप्रशंसा में तत्पर है । जो मंत्र तंत्र के बल से छलकपट से नही रहने वाली वस्तु को भी प्रकाशित करने वाला वञ्चक मायावी है और थोड़े में ही क्रोध करता है वह धीरोद्धत नायक कहलाता है ।

जैसे रे-रे घूर्जरः तुम तो युद्ध में जर्जर हो गये अतः युद्ध करने की तुम्हारी क्षमता नही है । तुच्छ व्यक्ति के सम्बोधन करने में रे का प्रयोग किया जाता है । अरे

हूण: प्राणपरायणो भव महाराष्ट्रापराष्ट्रोऽस्यमी
योद्धारो वयमित्यरीनभिभवन्त्यन्ध्रक्षमाभृद्भटाः ॥३१॥

अत्र भटानां धीरोद्धतत्वम्।

निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः *सुखी मृदुः।

यथा--

शौर्योष्मानिरवग्रहः प्रतिनृपाः सर्वेऽपि नम्रीकृताः
पातिव्रत्यमुपैति भूरियमयं नाथः स्वयंभूः शिवः।
धीरोऽयं युवराज एव वहति श्रीकाकतीन्द्रो धुरं
सर्वामित्यनुमोदते प्रतिकलं श्रीकाकतीन्द्रो नृपः ॥३२॥

प्राप्तस्य प्लुतस्य 'सर्वप्लुतः साहसमनिच्छता विभाषा वक्तव्यः' इति पाक्षिकः प्रतिषेधः। शास्त्रत्यागः साहसमिति हरदत्तः। अत्र घूर्जरादिवाक्येषु यथायोगमुद्धावितैर्दर्पमात्सर्यादिभिर्योद्धारो वयमित्यात्मश्लाघया चान्ध्रक्षमाभृद्भटानां धीरोद्धतत्वम् ॥ ३० ॥ ३१ ॥

धीरललितमाह—निश्चिन्त इति ॥ सुतसचिवादिविनिहितयोगक्षेमतया चिन्ताविरहितो निश्चिन्तः। अत एव कलासु गीतादिष्वसक्तः। सुखी भोगप्रवणः। शृङ्गारप्रधानत्वात् सुकुमाराकारो मृदुः। उदाहरति—शौर्येति ॥ अत्रानर्गलशौर्यादिभिर्देवानुकूल्येन युवराजस्य धुरन्धरत्वेन च निश्चिन्तः सकलकलासुखमनुभवतीति वीररुद्रकुलज्येष्ठस्य धीरललितत्वम् ॥ ३२ ॥

लम्पाक ! तुम क्यों कांप रहे हो। क्यों भय से इतने व्याकुल हो रहो हो। रे बङ्ग ! झूठे ही तुम तन रहे हो। हे कोङ्कण ! राजसी मिथ्या बल से क्यों तिरछे तिरछे चल रहे हो। हे हूण ! अपने प्राणों को बचावो। अरे महाराष्ट्र ! तुम्हारा राष्ट्र निन्दित है। ये हम लोग आन्ध्रप्रान्त के राजा के अप्रतिभट योद्धा हैं हम लोग शत्रुओं को तत्काल क्षण भर में नष्ट करने में समर्थ है। यहां योद्धाओं का धीरोद्धतत्व प्रकट होता है।३०।३१

मित्र पुत्र एवं सचिव वगैरह के द्वारा राजकीय कार्यों के सम्पन्न कर देने से जो चिन्ता रहित है अत एव नाना प्रकार की कलाओं में आसक्त है तथा सुखी है और कोमल स्वभाववाला है वह नायक धीरललित कहलाता है। जैसे—यहां शौर्योष्मानिर वग्रहः यह एक पद है। ऊष्म शब्द पुंल्लिग है और ऊष्माशब्द स्त्रीलिंग भी है। ऊष्मो धर्मेऽश्रुणि तथा ज्येष्ठे ऊष्मा स्त्रियां त्विषि इति वोपालितः। इस कोषके अनुसार। अतः प्रकृति में जिसने शूरता की गरमी का अवग्रह विघात करके सभी प्रतिनृपों को नम्र कर दिया है अत एव यह भूमि पातिव्रत्य का

---

*सुखैकभूः इति पाठान्तरम्।

धीरः शान्तः प्रसन्नात्मा धीरशान्तो द्विजादिकः ।

यथा— वीरं रुद्रनृपालरत्नमभितः प्राप्तोदयं मोदते
संख्यावद्गण एष पूषणमिव प्रत्यग्रमब्जाकरः ।
उन्मीलत्कमलाविहारवसतिर्भूत्वा विकासैर्निजै-
र्विश्वामोदमुदञ्चयन्नविरतं दोषावसानोत्सुकः ।।३३।।

धीरशान्तमाह—धीर इति ।। विवेचकः क्लेशसहिष्णुर्वा धीरः । शमप्रधानः शान्तः । हृष्टान्तःकरणः प्रसन्नात्मा । द्विजादिक इत्यादिग्रहणाद्वणिक्सचिवौ विवक्षितौ । 'सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः' इति †केचित् । उदाहरति—वीरमिति ।। संख्या ज्ञानं तद्वतां विदुषां गणः संख्यावद्गणः । प्राप्त उदयोऽभिवृद्धिरन्यत्रोदयाचलो येन तं तथोक्तम् । प्रत्यग्रमुभयत्राभिनवम् । उन्मीलन्त्या उल्लसन्त्याः कमलायाः संपत्तेरन्यत्र लक्ष्म्या विहारवसतिः । विकासैरुत्सवादिभिरन्यत्र दलविश्लेषैः विश्वस्यामोदं हर्षमन्यत्र गन्धविशेषमुदञ्चयन् उद्बोधयन् । दोषावसानं पापोपशमः अन्यत्र दोषाया रात्रेरवसानं प्रभातम् । 'दोषा रात्रिमुखे रात्रावत्रानव्ययमप्यसौ' इति विश्वः । तत्रोत्सुक इति । अत्र दोषावसानेत्यादौ धैर्यशान्त्योर्विश्वामोदमित्यादौ प्रसादादेश्च प्रतिवादनात् विप्राणां धीरशान्तत्वम् ।।३३।।

पालन करती है। क्योंकि यह स्वयंभू शिव नाथ है मालिक है तथा यह धीर श्रीवीररुद्र युवराज ही राजकीय समस्तधुरा का वहन करता है अतः श्रीकाकति देश के राजा बहादुर प्रतिक्षण अनुकूलभाव से मस्ती का अनुभव करते हैं ।।३२।।

यहां अनर्गल शौर्य के द्वारा दुश्मनों के पराजय, दैवके आनुकूल्य और युवराज के भारवहन से निश्चिन्त राजा सकलकलाओ के सुख का अनुभव करता है अतः यह धीरललित नायक है ।

जो धीर है यानी सत्कर्मों में धी बुद्धि को ईरित करता है अत एव विवेचक है सत्कर्म एवं असत्कर्मो का विवेचन पृथक्करण करता है । शान्त है एवं जिसका अन्तः करण प्रसन्न है हृष्ट है वह धीरशान्त नायक कहलाता है । यह नायक स्वभावतः जाति के अनुसार ब्राह्मण या वनिया या कोई मंत्री वगैरह ही होता है । जैसे—उदयाचल पर पहुंचने वाले अभिनव सूर्य के चारों तरफ उल्लसित होने वाली लक्ष्मी का विहार स्थान होकर अपने दलोके विश्लेषण से निरन्तर विश्व में सुगन्ध को फैलाने वाला कमलाकर रात्रि के अवसान में उत्सुक हुआ जैसे खिलजाता है उसी तरह समृद्धियों को प्राप्त करने वाले अभिनव वीररुद्र नृपति के चारों तरफ उल्लसित रहनेवाली सम्पत्ति का विहार स्थान बनकर अपने उत्सवों से विश्व को हर्ष से उदञ्चित करनेवाला यह पण्डितों का समूह उपद्रवों के शमन में उत्सुक हुआ प्रसन्न हो रहा है ।३३।

†केचिच्छब्देन दशरूपकसाहित्यदर्पणकारादयो विवक्षिताः ।

अत्र विप्राणां धीरशान्तत्वम् ।

॥ शृङ्गारनायका निरूप्यन्ते ॥

अथ शृङ्गारविषयाश्चत्वारो नायका इमे ।
अनुकूलो दक्षिणश्च धृष्टः शठ इति स्मृताः ॥३४॥

एषां स्वरूपमुदाहरणं च ।

एकायत्तोऽनुकूलः स्यात्

एकस्यां नायिकायां विशेषानुरक्तोऽनुकूलो नायकः ।

यथा—

किं नामाचरितं तपः सखी भुवा यस्याः पतिर्गीयते
वीरो रुद्रनृपः क्व तत् सुचरितं तस्य प्रिया स्यां यतः ।

अथ शृङ्गारनायकानां यथाक्रममुद्देशलक्षणोदाहरणानि दर्शयति—अथेत्यादिना ॥ ३४ ॥

तत्रानुकूलमाह—एकेति ॥ सत्स्वपि नायिकान्तरेष्विति शेषः । तदेवाह—एकस्यामिति ॥ एकजानिरेवानुकूलो यथा रामादिरित्यन्ये* । उदाहरति—किमिति ॥ नायिकावाक्यमेतत् । भुवा कयाचिन्नायिकया । नामेति संभावनायम् । यतः सुचरितात् । अथ सखी नायिकामाह—जान इति ॥ नायकघटनोपायमिति शेषः । 'अनुपसर्गात् ज्ञः' इत्यात्मनेपदम् । नामेति कुत्सायाम् । अनुरागोत्पादनार्थं सपत्नीनामसाम्येन नायिका-

---

यहां विप्रों का धीरशान्तत्व है ।

अब शृंगारी नायकों का निरूपण करते हैं ।

शृंगार रस के विषय में ये चार नायक होते हैं जो अनुकूल १ दक्षिण २ धृष्ट ३ एवं शठ ४ इस रूप में स्मरण किये जाते है । इनके स्वरूप माने लक्षण एवं उदाहरणों को कहते हैं ।

एक ही के अधीन रहने वाला नायक अनुकूल होता है । एक ही नायिका में जो विशेष अनुरक्त होता है वह अनुकूल नामक नायक होता है । जैसे – किसी नायिका ने सखी से पूछा कि हे सखि ! इस पृथ्वीने भूमि ने कौन सा किस नामका तप किया था जिससे यह वीररुद्र नृपति इसको पति मिला ऐसा कहा जाता है । वह सुन्दर चरित कहां है अर्थात् किस उत्तम स्थान पर किस नाम का तप किया जाय कि जिससे मैं भी उसकी प्रिया बन जाऊँ । इसके उत्तर में सखी कहती है कि हे मानिनि ! नायक को अनुकूल करने के उपाय को मैं जानती हूं । तुम विषण्ण मत होवो । क्यों कि रत्नाकर मेखला पृथ्वी में राजा अनुरक्त है अतः मैं तुम्हारे को रत्नाकर मेखला

---

*अन्ये दशरूपकसाहित्यदर्पणकारादय इत्यवगन्तव्यम

जाने मानिनि मा विषीद पुरतः प्रख्याप्य नाम स्थिरां
त्वां रत्नाकरमेखलां त्वयि सदा सक्तं विधास्ये नृपम् ।।

अत्र प्रतापरुद्रस्य क्षोण्यां विशेषानुरागो व्यज्यते, येन वध्वा स्थिरा रत्नाकरमेखलेति तन्नामग्रहणेन स्नेहप्रख्यापनं क्रियते।

तुल्योऽनेकत्र दक्षिणः ।

यथा—

अनेकासु नायिकासु अवैषम्येण स्नेहानुवर्ती दक्षिणो नायकः ।
नर्मोक्त्यैव निमन्त्रिता स्मरकलाकेलीषु काचिन्मया
साकूतेन विलोकनेन हृदयं कस्यैचिदाविष्कृतम् ।

प्रकाशनस्य कुत्सितत्वात् । 'नाम प्रकाश्यसंभाव्यकुत्साद्युपगमेषु च' इति विश्वः । अत्र राज्ञो भूमौ विशेषानुरागोऽन्यत्र न तथेत्यानुकूल्यम् ।। ३५ ।।

दक्षिणमाह—तुल्य इति ।। स्नेहेनानुवर्तते ताच्छील्येन स्नेहानुवर्ती । उदाहरति—नर्मेति ।। अग्राम्य इष्टजनावर्जनरूपः परिहासो नर्म । केलीष्विति विषयसप्तमी । स्वाभिमतभावप्रकाशको दृग्विकार आकूतम् । तदुक्तम् —'आकूतं तद्यत्र भावः सोऽप्यभीष्टो विभाव्यते' इति । प्रसाधनविधिः स्रक्चन्दनाभरणादिः । प्रभातेति ।। प्रभातप्रायेत्यर्थः । अत्र वाक्यत्रये यथाक्रममुक्तिविशेषेण कलाविनोदस्य विलोकनविशेषेण

इस नाम से प्रसिद्ध कर देती हूं। इस प्रसिद्धि का फल होगा कि मैं राजा को तुम्हारे में सदा के लिए अनुरक्त कर दूंगी।

यहां प्रतापरुद्र राजा का भूमि में विशेष अनुराग व्यक्त होता है। इससे वधू को रत्नाकरमेखला इस नाम से प्रसिद्ध कर दिया। फलतः उस नाम के ग्रहण करने से उच्चारण करने से राजा का स्नेह उसमें प्रख्यात किया जाता है। ३५।

अनेकों में जो समान भाव से अनुवर्त्तन करता है वह दक्षिण नायक है। जो अनेक नायिकाओं में विना विषमता के विना भेद भाव के स्नेह से अनुवर्त्तन करता है वह नायक दक्षिण नामक नायक है। जैसे—

इष्टजन प्रेमीजन जिससे आवर्जित हो जायँ खुश हो जायँ ऐसे आवर्जन रूप प्रसादनरूप अग्राम्य परिहास का नाम नर्म है। स्मरकला कामानुकूल क्रीडा के विषय में किसी को मैंने नर्मोक्ति से परिहासमय वाक्यों से निमन्त्रित किया। किसी के लिए साभिप्राय विलोकन से ही अपने प्रेममय हृदय को व्यक्त किया। और किसी के वास्ते दूती के हाथों से साज सजावट की वस्तुओं को भेज दिया, किन्तु जाऊँ किसके यहां; इसी चिन्ता में राजा की रात बीत गई और प्रभात हो गया।

यहां तीन वाक्य हैं पहले मैं नर्मोक्ति से परिहास से स्मरकला केलि के, दूसरे में विलोकन से हार्दिक प्रेम के आविष्करण के, तीसरे में दूती के हाथों से

कस्याश्चित् प्रहितः प्रसाधनविधिर्दूतीकरेण क्व वा
गन्तास्मीत्यनुचिन्तयैव नृपतेरासीत् प्रभाता निशा ॥३६॥

तथा च

वाणीं मुखेन नेत्राभ्यां श्रियं दोष्णा च मेदिनीम्।
मानयंस्तुल्यतां धत्ते तासु रुद्रनरेश्वरः ॥३७॥

व्यक्तागा गतभीर्धृष्टः

यथा—

राज्यश्रीपरिभोगशंसि भवतः सर्वाङ्गमालोक्यते
कस्तात्राविनयोऽस्ति साहसमिदं तन्नाम मय्यर्पितम्।

वक्षस्स्थलाविष्करणस्य करेण वशीकरणस्य च सूचनाद्वाणीलक्ष्मीवसुन्धराः प्रतीयन्ते। अत्र आप्रभातमनिश्चितगन्तव्यतया चिन्ताकुलत्वेनास्य समानुरागत्वप्रतीतेर्दक्षिणोऽयं नायकः ॥ ३६ ॥

उदाहरणान्तरमाह—वाणीमिति ॥ अत्र वाण्यादीनां वाच्यत्वान्मुखादिशब्दैर्नर्मोक्त्यादीनां प्रतीयमानत्वाच्च पूर्वोदाहरणाद् भेदः । स्त्रीलिङ्गमहिम्ना प्रतीयमानलौकिकनायिकाभेदाध्यवसायेन वाण्याद्यनुरागेऽपि न शृङ्गारनायकत्वभङ्गप्रसङ्गः ॥३७॥

धृष्टमाह—व्यक्तेति ॥ उदाहरति— राज्येति ॥ राज्यश्रीस्तन्नाम्नी काचिन्नायिका राज्यलक्ष्मीश्च । तत्पक्षे सर्वाङ्गं सप्ताङ्गानि । अल्पा दरिद्राः । नामेति प्रसिद्धौ । जल्पितैः किं जल्पितसाध्यं नास्तीत्यर्थः । गम्यमानसाधनक्रियापेक्षया करणत्वात् तृतीया । 'न केवलं श्रूयमाणैव क्रिया निमित्तं कारकभावस्य अपि तु गम्यमानापि' इति न्यासोद्योतवचनात् ।

आभूषादि के भेजने के प्रकाशन से क्रमशः तीनों नायिकाएं वाणी लक्ष्मी एवं वसुन्धरा प्रतीत होती हैं। इसमें प्रातः काल होने तक किस नायिका के यहां जाना है इसका निश्चय नहीं कर सकने से राजा का सभी नायिकाओं में समान अनुराग प्रतीत होता है। अतः यह नायक दक्षिण नायक है ॥३६॥

और भी जैसे–वाणी का मुख से लक्ष्मी का नेत्र से और वसुन्धरा का भुजाओं से सम्मान करने वाले वीर रुद्र नृपति उनमें समानता का व्यवहार करतेहैं अतः यह दक्षिण नायक है। यहाँ प्रकृत मुखादि शब्दों से वाणी वगैरह के प्रति नर्ममय कथनादि प्रतीत होते हैं व्यक्त होते हैं और पूर्वोक्त उदाहरण में नर्ममय कथनादि वाच्य हैं यही इन दोनों में भेद है ॥३७॥

अपराधों के व्यक्त होने पर भी जो निर्भीक है वह नायक धृष्टनायक है जैसे राज्यश्री का संभोग हमने किया है ऐसा कहते हुए आपके सर्वाङ्ग सम्भोग चिह्नाङ्कित

जाने त्वां बहुवल्लभं किमपरं वक्तव्यमल्पा वयं
तस्यां प्रेम तवाधिकं वसुमती या नाम किं जल्पितैः ।। ३८ ।।

गूढविप्रियकृच्छठः ।।

नायिकामात्रविदितविप्रियकारी शठः ।

यथा—

दृष्टया पश्यसि केवलं न मनसा वाचा प्रियं भाषसे
नो भावेन भुजान्तरं प्रकटयस्यग्रे न चाभ्यान्तरम् ।
ज्ञातं काकतिनाथ भूस्तव परं प्राणेश्वरी ध्यायतो

बहुशश्चैतदुक्तं तातपादैः सञ्जीविन्यादौ । धनपरा राजानो न वाल्लभ्यपरा इति नायिकाभिप्रायः । अतः स्त्र्यन्तरसंभोगप्रकाशनात् गोत्रस्खलनाच्चापराधाभिव्यक्तिर्निर्भीकत्वं चेत्यस्य धृष्टत्वम् । अन्यासंभोगचिह्नैः कुपितत्वादियं खण्डिता । 'अधीरा परुषैर्वाक्यैः खेदयेद्वल्लभं रुषा' इति लक्षणाद् धीरा च ।। ३८ ।।

शठमाह—गूढेति ।। उदाहरति—दृष्ट्येति ।। अत्र दर्शनप्रियभाषणयोश्चक्षुर्वागिन्द्रियकरणत्वाव्यभिचारादेव सिद्धेर्दृष्टया वाचेति च पुनरुपादानस्य तात्पर्यनिषेधार्थकत्वान्न पौनरुक्त्यम् । भूः परं भूरेव । ध्यायतश्चिन्तयतोऽन्यासक्तस्येत्यर्थः ।

दिखाई पड़ रहे हैं । अतः अपराधी है ऐसा किसी ने नायक से जब कहा तब नायक ने उत्तर दिया कि इसमें कौन अपराध है इसमें क्या अविनय है यह तो साहस है इसी से मेरे विषय में उसके नाम को कहते हैं । इस पर पुनः वह कहता है, हां हां मैं जान गया हूं तुम बहुवल्लभ हो । तुम्हारी बहुत सी प्रेयसी हैं । इससे अधिक और क्या कहें ? हम तो कमजोर व्यक्ति हैं । उसमें आपका प्रेम बहुत अधिक है । क्योंकि वह वसुमती है और अधिक क्या कहें ? राजा लोग धन दौलत की अपेक्षा करते हैं अत एव इधर उधर की स्त्रियों से प्रेम करते हैं ।।३८।।

छिपे छिपे जो बुरा करता है वह शठ नामक नायक है । यानी जिस की बुराई को केवल नायिका ही जानती हो वह शठ नायक है । जैसे—

आंख से केवल देखते हो मन से नहीं । अर्थात् मन तुम्हारा दूसरी जगह में है हम को तो केवल देखते ही हो वाणी से केवल बोलते हैं भाव से नहीं अर्थात् भावमयी भाषा में आप बातचीत नहीं करते हैं केवल ऊपर ही ऊपर बोलते हैं । भुजान्तर को वक्षस्थल को केवल दिखाते हैं अन्तःकरण को प्रकट नहीं करते हैं । अतः हे काकति नाथ ! तुम्हारे चिन्तन की प्रक्रिया से यह व्यक्त हो गया कि केवल भूमि ही आपकी सबसे श्रेष्ठ प्राणेश्वरी है । अतः मेरी जैसी स्त्रियों में केवल विडम्बना ही है बस रहने दीजिये इन व्यर्थ के बाहरी संभ्रमों से क्या लाभ है ?

यहां देखना दृष्टि से ही नेत्र से ही हो सकता है और कहना वाणी से ही हो सकता है । फिर भी दृष्टि एवं वाणी का उपादान करना पुनरुक्ति ही हुई । इस पर

माद्दृक्षेषु विडम्बनैव तदलं व्यर्थैर्बहिस्संभ्रमैः ॥ ३९ ॥

अत्र तत्तन्नायिकाविषयतया काकतीश्वराणामुदाहरणेन वीररुद्रस्यैव वर्णनम्।

एषां नायिकानुकूलने पीठमर्दविटचेटविदूषकनामानः सहायाः। तेषां स्वरूपं निरूप्यते।

किंचिदूनः पीठमर्द एकविद्यो विटः स्मृतः।
संधानकुशलश्चेटो हास्यप्रायो विदूषकः। ४० ॥

स्पष्टमेषामुदाहरणम्।

अथाष्टविधाः शृङ्गारनायिकाः।

स्वाधीनपतिका चैव तथा वासकसज्जिका।

मादृक्षेषु जनेष्विति शेषः। दृशेः क्सप्रत्ययो वक्तव्यः। अत्र नायिकामात्रविदितभावशून्यदर्शनादिविधानादस्य शठत्वम्। नायिका त्वधीरमध्या ॥ ३९ ॥

वीररुद्रगुणवर्णनप्रतिज्ञाभङ्गं परिहरति—अत्रेति ॥ अथ शृङ्गारनायकस्य नायिकासंबन्धनियमात् तदनुकूलने सहायानाह—एषामिति ॥ क्रमेणैषां लक्षणमाह—किंचिदित्यादि ॥ प्रधानेतिवृत्तनायकादीषन्न्यूनगुणः प्रासङ्गिकेतिवृत्तनायकः किंचिदूनशब्देन विवक्षितः। तदुक्तम्—'पताकानायकस्त्वन्यः पीठमर्दो विचक्षणः तस्यैवानुचरो भक्तः किंचिदूनस्तु तद्गुणैः ॥' (द० रू० प्र. २ श्लो. ८-९) इति। स च सुग्रीवमकरन्दादिः नायकोपयोगिगीतादिविद्यानामेकविद्याभिज्ञो विटः कलहंसादिः। वाक्याङ्गवेषविकारादिना हास्यकारी विदूषकः ॥ ४० ॥

अथ संभावितनायकसामान्यगुणयोगिनी नायिकेति सामान्यलक्षणं सिद्धवत्कृत्य

कहते हैं नहीं, पुनरुक्ति नहीं है। तुम्हारे देखने में कहने में कोई तत्त्व नहीं है क्योंकि मन और भावना जब अन्यत्र हैं तब वे सब व्यर्थ हैं। यही यहां बतलाना है।

यहां भिन्न भिन्न नायिकाओं के विषय में काकतीश्वरों का उदाहरण के रूप में उपन्यास करने से वीररुद्र का ही वर्णन किया गया है। ऐसा सिद्ध है ॥३९॥

इन नायकों के शृंगार रस के उपयोगी नायिकाओं की अनुकूलता लाने में पीठमर्द विट चेट एवं विदूषक लोग सहायक होते हैं। अब इनके सहायकों का स्वरूप बतलाते हैं।

नायक में जो गुण बतलाये हैं उन गुणों से कुछ कम गुणों वाला व्यक्ति पीठमर्द होता है। जितनी विद्याओं को कलाओं को नायक जानता है उनमें से किसी एक विद्या का जानकार विट होता है। नायिकाओं का नायक से मिलान करा देने वाला चेट होता है और हास्यप्रधान व्यवहार करने वाला विदूषक होता है। इनके उदाहरण स्पष्ट है। अब आठ प्रकार की शृंगार प्रधान नायिकाओं का निरूपण करते हैं। स्वाधीनपतिका १ वासकसज्जिका २ विरहोत्कण्ठिता ३ विप्रलब्धा ४

विरहोत्कण्ठिता चैव विप्रलब्धा च खण्डिता ॥ ४१ ॥
कलहान्तरिता चैव तथा प्रोषितभर्तृका ।
तथाभिसारिका चेति क्रमाल्लक्षणमुच्यते ॥ ४२ ॥
प्रियोपलालिता नित्यं स्वाधीनपतिका मता ।

यथा—

प्रियां सर्वसहां तैस्तैर्विशेषैरुपलालयन् ।
प्रतापरुद्रनृपतिः प्रतिक्षणमवेक्षते ॥ ४३ ॥

प्रियागमनवेलायां मण्डयन्ती मुहुर्मुहुः ।

तद्विशेषाः कतिचिल्लक्षणोदाहरणाभ्यां निरूप्यन्ते—अथेत्यादिना ॥ ४१ ॥ ४२ ॥

तत्र स्वाधीनपतिकामाह—प्रियेति ॥ अध्युपरि इनः स्वामी यस्यासावधीनः आयत्तः । 'अधीनो निघ्न आयत्तः' इत्यमरः । स्वस्मिन्नधीनः स्वाधीनः । यद्वा स्वस्मिन्नधिकृतमधीति वा विगृह्य 'सप्तमी शौण्डैः' इति समासः । 'अषडक्ष' इत्यादिना अध्युत्तरपदान्नित्यः खप्रत्ययः । सुरतसुखास्वादलोभेनासन्नत्वात् स्वाधीन आयत्तः पतिर्यस्याः सा तथोक्ता । उदाहरति—प्रियामिति ॥ सर्वं सहत इति सर्वसहा नाम काचिन्नायिका । 'संज्ञायाम्' इत्यादिना खच्प्रत्यये मुमागमः । विशेषैर्वासोऽङ्गरागादिभिरुपलालयन्नवेक्षत इत्यनेनासन्नायत्तरमणत्वप्रतीतेरियं स्वाधीनपतिका । नायकस्त्वनुकूलः । भूपरिपालने नित्यजागरूकोऽयमित्यपि गम्यते ॥ ४३ ॥

वासकसज्जिकामाह—प्रियेति ॥ वासके वासवेश्मनि भोगोपकरणैः सज्जा सन्नद्धा सैव वासकज्जिका । 'स्त्रीणां वारस्तु वासकः' इति पक्षे वासके वारदिवसे सज्जयति सज्जीकरोति हर्षेण केलीगृहादिकमिति वासकसज्जिका । अयमेव पक्षो

खण्डिता ५ कलहान्तरिता ६ प्रोषितभर्तृका ७ तथा अभिसारिका ८ । ये आठ प्रकार की नायिकाएं हैं । अब क्रमशः इन के लक्षणों को कहते हैं ॥ ५२ ॥

जो नित्य प्रिय के द्वारा उपलालित की जाती है वह स्वाधीनपतिका नायिका होती है । जैसे—उन भिन्न भिन्न विशेषों से माने विभिन्न विशिष्ट उपायों से प्रसन्न करता हुआ यह प्रतापरुद्र राजा इस सर्वसहा पृथ्वी प्रिया को नायिका को प्रतिक्षण देखता है । हर समय में उपलालन करता रहता है ।

यहां सर्वसहा इस नाम की नायिका है एवं पृथ्वी भी है । अतः इधर नायिका का प्रतिक्षण मानमनोवल करता है और उधर पृथ्वी की रक्षा में प्रतिक्षण सावधान रहता है । अब वासकासज्जा को कहते हैं—

अब प्रिय आने वाला है, यह प्रिय के आगमन की बेला है । उस वेला में बार बार केलीगृह को एवं अपने आपको सजाती है वह वासक सज्जिका होती है । वास एव वासकः आवासगृह । वास एव वासकः परिधानवासनम् । इस प्रकार

केलीगृहं तथात्मानं सा स्याद्वासकसज्जिका ॥ ४४ ॥

यथा—

स्वतेजसा परिष्कृत्य प्रधानागारमुत्कया ।
श्रियाभिषेकवेलायां वीररुद्रः प्रतीक्षितः ॥ ४५ ॥

चिरयत्यधिकं कान्ते विरहोत्कण्ठितोन्मनाः ।

यथा—

न शङ्काऽन्या तादृग्गुणपरिमले रुद्रनृपतौ
कया वा गोष्ठाद्यासौ चिरयति सखीभिर्न सुलभः ।

विद्यानाथस्य विवक्षितः । उदाहरति—स्वेति ॥ परिष्कृत्यालंकृत्य उत्कयोन्मनसा उत्कण्ठितयेत्यर्थः । 'उत्क उन्मनाः' इति निपातनात् साधुः । अत्र क्रीडागारपरिष्कारादिभिरियं वासकसज्जिका । अत एवोदात्तापि । तदुक्तम्—'उदात्ता केशवासोऽङ्गमाल्यभूषासु सादरा । शय्याभवनसंस्कारपरिबर्हसमेधिनी ॥' (द० रू० प्र. २ श्लो. २४) ॥ ४४ ॥ ४५ ॥

विरहोत्कण्ठितामाह—चिरयतीति ॥ अव्यलीक इति शेषः । अत एव 'चिरयत्यव्यलीके तु' इति धनिकेनोक्तम् । अनपराधप्रियविलम्बेनोन्मना विरहोत्कण्ठितेत्यर्थः । उदाहरति—नेति ॥ अन्या शङ्का नायिकान्तरासक्तिरूपेत्यर्थ । अत एवानपराध इति भावः । तादृगिति ॥ 'त्यदादिषु' इत्यादिना क्विन् प्रत्ययः । 'आ सर्वनाम्नः' इति तदः आत्वम् । अत्र दृश्यर्थाभावेनासत्यप्यवयवार्थे तैलपायिकादिवत् व्युत्पत्तिर्द्रष्टव्या । अत एवाह वृत्तिकारः—'तादृशादयो रूढिशब्दाः' इति ।

यहां वासक शब्द के दो अर्थ हैं—उनमें एक है वास माने आवास गृह; दूसरा है वासक माने परिधान । अतः केलीगृह को और परिधान से अपने को । सजाती है सुन्दर करती है वह वासक सज्जा है ॥४४॥

जैसे उत्कण्ठित लक्ष्मी ने अपने तेज से प्रकाश से राज्याभिषेक वेला में प्रधान भवन को परिष्कृत करके अलंकृत करके वीररुद्र राजा की प्रतीक्षा की ॥४५॥

अब विरहोत्कण्ठिता का निरूपण करते हैं । आने का समय है उसमें नहीं पहुंच रहा है । अतः पहुंचने में जब अधिक देरी प्रिय कर रहा है तब जो प्रिय के विरह में उन्मना होती है उत्कण्ठिता होती है वह विरहोत्कण्ठिता नायिका है ।

जैसे—लोकोत्तर गुणों के सौरभ से सम्पन्न वीररुद्र नृपति में अन्या शंका अर्थात् अन्य नायिका से सङ्गम करने की शंका नहीं की जा सकती है । जब ऐसी बात है तब जिन सखियों को बुलाने के लिए भेजा था वे सखियां लौट कर क्यों नहीं आ रही हैं । उनको उसे लेकर आना चाहिए था । इस पर कहती है कि हां हो

समानेतुं कान्तं व्रज मदन ! बद्धोऽञ्जलिरयं
यतो विष्वद्रीचः किरति किरणांस्त्वत्प्रियसखः ॥ ४६ ॥

क्वचित् संकेतमावेद्य दयितेनाथ वञ्चिता ।
स्मरार्ता विप्रलब्धेति कलाविद्भिः प्रकीर्त्यते ॥ ४७ ॥

यथा—

गच्छाग्रे सखि ! का प्रियागमकथा प्राप्तो निशीथः परं
संकेतालय ! मोक्ष्यसे मम वृथा जातोऽश्रुभिः पङ्किलः ।

भाष्ये तु कर्मकर्तरि व्युत्पत्तिर्दर्शिता—'तमिव पश्यन्ति जनाः सोऽयं, स इव दृश्यमानस्तमिवात्मानं पश्यति' इति । गोष्ठया संगीतादिप्रसङ्गेन । अत एवासौ धीरललितो नायकः । त्वत्प्रियसखश्चन्द्रः । विष्वद्रीचः सर्वतोदिक्कान् । 'ऋत्विक्' इत्यादिना क्विन्प्रत्यये 'विष्वग्देवयोः' इति टेरद्र्यादेशः ॥ ४६ ॥

विप्रलब्धामाह—क्वचिदिति ॥ उदाहरति—गच्छेति ॥ आगमनसमय इवाधुना पुरो गन्तुमशक्ताह—अग्रे गच्छ इति । निशीथः परमर्धरात्र एव प्राप्तः । न तु प्रियः । हे संकेतालय ! त्वं मोक्ष्यसे । नाद्यापि संकेतस्थानं मोक्तुं शक्नोमीति भावः । अश्रुभिर्न तु सुरतश्रमजलादिना । पङ्किल इत्यनेन द्वारदेशं प्रति यातायाते सूच्येते, अन्यथा पङ्किलत्वाभावात् । अथ प्रियमुद्दिश्य न चायं तवापराधः किंतु बहुवल्लभे त्वय्यासक्ताया ममैवेत्याह—यद्वेति ॥ नाहमेकैव त्वया वञ्चिता किं त्वनुमन्तारः सख्यादयः सर्वेऽपि मदीया इत्याह—वयमिति ॥ अत एव न ममेत्येकवचनप्रक्र-

---

सकता है वह नायक किसी समिति गोष्टी में या किसी विद्वद्गोष्ठी मे सम्मिलित होने से देरी कर रहा है अत एव सखियों को दुर्लभ हो गया है। मिल नहीं रहा है। इसलिए हे मदन ! तुमसे हाथ जोडकर कहती हूं कि उस कान्त को लाने के लिए तुम जाओ। यह समय भी अनुकूल है क्यों कि तुह्मारा प्रिय मित्र चन्द्रमा (कामोद्दीपक) चारों तरफ किरणों को फैंक रहा है। फैला रहा है ॥४६॥

विप्रलब्धा के लक्षण को कहते हैं। किसी स्थान विशेष में किसी समय विशेष का संकेत देकर भी नही आने वाले दयित से वञ्चित की गई तथा काम से विह्वला नायिका को कलावित् लोग विप्रलब्धा कहते हैं। जैसे—

हे सखि ! आगे चल। प्रिय आ रहा है ऐसी क्या बात कर रही हो। देखती नही निशीथ आ गया आधीरात हो गई परन्तु वह नालायक नही आया। अतः हे संकेतस्थान, ! अब मैं तुमको छोड रही हूं। व्यर्थ ही तुम मेरे आसुओं से न कि सुरतजल से पङ्किल किये जा रहे हो। इस पर संकेतालय पूछता है कि क्यों क्या बात है ऐसी कौन सी मुसीबत आ गई है। इस पर नायिका कहती है कि राज्यलक्ष्मी के प्रियतम, भारती के वल्लभ, भूमि के दयित यानी बहुत नायि-

यद्वा रुद्रनरेश्वरे प्रियतमे राज्यश्रियो वल्लभे
भारत्या दयिते भुवः कृतपदाः प्रायो वयं वञ्चिताः ॥४८॥

नीत्वाऽन्यत्र निशां प्रातरागते प्राणवल्लभे ।
अन्यासंभोगचिह्नैस्तु कुपिता खण्डिता मता ॥ ४९ ॥

यथा—

रात्रिर्यामत्रयपरिमिता वल्लभास्ते सहस्रं
मार्गासक्त्या मम गृहमपि प्रातरेवागतोऽसि ।
किं कर्तव्यं वद नृपतिभिर्वीक्षणीया हि सर्वाः

समङ्ग । अत्र भारत्या दयिते भुव इति पाठः साधीयान्, क्षितिनायक इति समास-पाठे व्यासत्रकनमङ्गप्रसङ्गात् । अत्र संकेतमावेद्य दयितेन वञ्चिता सती कामातुरेयं विप्रलब्धा ॥ ४७ ॥ ४८ ॥

खण्डितामाह—नीत्वेति ॥ उदाहरति—रात्रिरिति ॥ आद्यन्तयामार्धयोर्मध्यमयामे चा-कुण्ठितसंचारत्वेनरात्रित्वाभिमानात् त्रियामेति व्यवहारः । सहस्रमिति ॥ 'विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येयसंख्ययोः ।' इत्येकत्वम् । तथापि मार्गासक्त्या न तु मदुद्देशेन । प्रातरेव विहारानर्हसमय एवेति भावः । अत एवागमनप्रयोजनं पृच्छति—किमिति ॥ यदा नैवान्यत् प्रयोजनं प्रजापालनपराणां नृपाणामित्याह—नृपतिभिरिति ॥ किं तु तवैवं प्रयासजननात् कियद्वा पापं ममैव जीवन्त्या इति चिन्तयामीत्याह—को वेति ॥ अत्र प्रातरागतस्य प्रेयसोऽन्यासङ्गविकारदर्शनात् कुपितेयं खण्डिता ।

कार्यों में आसक्त वीररुद्रनृपति में जो हम लोगों ने प्रेम का व्यवसाय किया उसी का फल है कि हम लोग वञ्चित हो गई ठगी गई ।

यहां संकेत देकर नहीं आने वाले प्रिय से वञ्चित की गई स्मरातुरा यह नायिका विप्रलब्धा है ॥४७॥४८॥

अब खण्डिता नायिका को कहते हैं; किसी अन्य नायिका के घर में रात को बिताकर जब प्रातः काल में उसके साथ किये गये सम्भोग के चिह्नों से युक्त प्राणवल्लभ आता है तब नायिका उसको देखकर कोप करती है वही कुपित नायिका खण्डिता मानी गई है । जैसे—

नायिका कुपित होकर कहती है कि देखिये जनाब अली ! आपके वल्लभाएँ हजारों हैं किन्तु रात्रि में तीन ही प्रहर होते हैं । रात्रि के आदि यामार्द्ध एवं अन्तिमयामार्द्ध तथा मध्यमयाम में अकुण्ठित संचार होने के कारण पूर्णरात्रि का अभिमान होता है अतः रात्रि को त्रियामा कहते हैं इतने समय में कहां कहां आप जायेंगे । मेरे यहां भी जो आप आये वह भी मार्ग की आसक्ति के कारण यानी रास्ता यही है अतः इधर से ही आना है इसलिए मेरे घर पर आये किन्तु प्रातः काल ही आये जिसमें आने का कोई फल नहीं हैं । अब क्या करना चाहिए । कहिए कि मालिकों के लिए सभी बराबर है अतः उनके लिए सभी को देखना जरूरी

को वा दोषस्तव पुनरहं काममायासयित्री ॥ ५० ॥

कोपात् प्रियं पराणुद्य पश्चात्तापसमन्विता ।
कलहान्तरिता नाम सूरिभिः परिकीर्तिता ॥ ५१ ॥

यथा—

*तह तह अणुणअन्तो पिओ तुए हिअअ रोसकलुसेण ।
अवहीरिदो ण मुणिअं राएत्ति विओअवेअणं सहसु ॥ ५२ ॥

*तथा तथा अनुनयन् प्रियस्त्वया हृदय ! रोषकलुषेण ।
अवधीरितो न ज्ञातो राजेति वियोगवेदनां सहस्व ॥

'वक्ति सोत्प्रासवक्रोक्त्या धीरमध्या कृतागसम्' इति लक्षणात् धीरमध्या च । नायकस्तु धृष्टः ॥ ४९ ॥ ५० ॥

कलहान्तरितामाह—कोपादिति ॥ प्रियं प्रणामादिना प्रसादनपरमित्यर्थः । तदुक्तम्— 'सत्यवागार्जवरतिरुपकुर्वन् प्रियं वदन् । भजते यः स्वयं प्रीतः प्रियः स भवति स्त्रियाः ॥' इति । कलहे सति सुखेनान्तरिता । उदाहरति—तहेति ॥ मुणिअमिति । 'जाणमुणौ ज्ञः' इति जानातेर्मुणादेशः । विसूरणं सहसु इति कोशान्तरे । तदा 'खिदेर्विसूरः' इति विसूरादेशः । तथा तथेत्यनेन पुनः पुनः प्रणामादिर्द्योत्यते । अत्र तादृशं राजानं प्रियमनादृत्य किमर्थमधुना दूयस इति हृदयोपालम्भादियं कलहान्तरिता । नायकस्तूत्तमः । 'कामतन्त्रेषु निपुणः क्रुद्धानुनयकोविदः' इत्यादिलक्षणात् ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

हैं । इसमें तुम्हारा दोष क्या है मेरा ही पाप है मैं ही आपको आयास देती हूं । यहां खण्डिता नायिका है ॥ ४९ ॥ ५० ॥

अब कलहान्तरिता के स्वरूप को कहते हैं—

जो कोप के आवेश में पहले तो अपने प्रिय को डाँटती है कुछ का कुछ कहती है किन्तु पीछे पश्चात्ताप करती है उसको समझदार लोग कलहान्तरिता कहते हैं । कलह के कारण जिसके प्रियसंगम जन्य सुख में अन्तर व्यवधान हो जाय वह कलहान्तरिता कहलाती है । जैसे—

हे हृदय ! रोष के आवेश से कलुषित होने के कारण वैसे वैसे अनुनय मानमनौवल एवं प्रणाम आदि के द्वारा खुश करने में तत्पर प्रिय को तुम ने तिरस्कृत कर दिया यह नहीं समझा कि यह राजा है । अतः अब वियोगजनित वेदना को सहन करो ।

यहां ऐसे दिलावर दिलदार प्रिय का अनादर करके अब हे हृदय ! तुम क्यों दुःखी हो रहे हो इस तरह अपने आपको उपालम्भ देनेवाली नायिका कलहान्तरिता है ॥५१-५२॥

देशान्तरगते कान्ते खिन्ना प्रोषितभर्तृका ।

यथा—

त्रैलोक्यप्रथमानकीर्तिमहतः श्रीवीररुद्रप्रभोः
सेवार्थं चिरयत्सु काकतिपुरे भूपेषु; तद्योषितः ।
द्वारासक्तदृशो नयन्ति दिवसान्, व्युष्टाशया च क्षपा-
स्तद्ध्यानप्रतिबद्धसान्द्रपुलकव्याकीर्णकामेषवः ।। ५३ ।।

कान्ताभिसरणोद्युक्ता स्मरार्ता साऽभिसारिका ।।

यथा—

संभ्रमैरलमल्पज्ञे ! प्रेयानस्तु महीपतिः ।

प्रोषितभर्तृकामाह—देशेति ।। कान्त इति 'कथाभिः कमनीयाभिः काम्यैर्भोगैश्च सर्वदा । उपचारैश्च रमयेद्यः स कान्त इतीरितः ।।' इत्युक्तलक्षण इत्यर्थः । उदाहरति—त्रैलोक्येति ।। व्युष्टं प्रभातम् । तद्ध्यानप्रतिबद्धाः प्रियचिन्ताप्ररूढाः सान्द्रपुलका एव व्याकीर्णकामेषवः कीलितकामबाणा यासां तास्तथोक्ताः । अत्र चिन्ताजागरादिप्रतिपादनात् खिन्नत्वेनेयं प्रोषितभर्तृका ।। ५३ ।।

अभिसारिकमाह—कान्तेति ।। कान्तस्य कर्मणः कर्तुर्वाभिसरणे उद्युक्ता । अत एवोक्तम्—'स्मरार्ताभिसरेत् कान्तं सारयेद्वाभिसारिका ।' (द० रू० प्र० २ श्लो० २७) इति । सारयेदिति दूत्यादिमुखेनेति शेषः । उदाहरति—संभ्रमैरिति ।। कान्ताभिसरणाय करेणुमानयेति कयाचिदुक्ते सख्या वचनमेतत् । अथवा नैव करेणुस्थाभिसरणं दृष्टचरं श्रुतचरं वेत्याभाणकमुखेन सखी नायिकायाः प्रकटाभिसरणं वारयति । अल्पं जानातीत्यल्पज्ञे मुग्धे । अत्र 'आतोऽनुपसर्गे कः' इति कप्रत्ययो न

कान्त के परदेश चले जाने से जो खिन्न हो रही है वह प्रोषितभर्तृका नायिका कहलाती है । जिसकी कीर्ति तीनों लोकों में प्रसिद्ध हो गई है ऐसे महान् श्रीवीररुद्रप्रभु की सेवा में राजा लोग काकतिपुर में ही देरी कर रहे हैं तब अपने प्रियतमों के चिन्तन से उत्पन्न हुए रोमांचरूपी काम के बाणों से विद्ध हुई औरतें दरवाजों को ताकती हुई दिवसों को और प्रातःकाल में आवेंगे इस आशा से रात्रियों को बिता रही हैं ।

यहाँ चिन्ता एवं जागरण आदि के कारण खिन्न होने वाली औरतें प्रोषित भर्तृका है ।।५३।।

अब अभिसारिका का प्रतिपादन करते हैं । जो कामार्त्त हो जाने के कारण कांत के यहां अभिसार करने के लिए जाने के लिए उद्युक्त हो जाती है वह नायिका अभिसारिका कहलाती है । जैसे—

किसी सखी से अभिसार के लिए उत्सुक होने वाली नायिका कहती है कि

करेण स्था न पश्यामि न श्रृणोम्यभिसारिकाम् ॥ ५४ ॥

॥ आसां नायकानुकूलने सहायाः ॥

दूत्यो दासी सखी कारुर्धात्रेयी प्रतिवेशिनी ।

तु 'इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः' इत्यादिना । अत एवाह भगवान् कात्यायनः—'आकारादनुपपदात् कर्मोपपदो विप्रतिषेधेन' इति । एतच्च सञ्जीविनीसर्वङ्कषादावसकृदुक्तं तातपादैः । अत्र कान्तकर्मकाभिसरणमुक्तम् । एवं कान्तकर्तृकाभिसरणेऽप्युदाहार्यम् । एतासां च 'चिन्तानिश्वासखेदाश्रुवैवर्ण्यग्लान्यभूषणैः । युक्ताः षडन्त्या द्वे चाद्ये क्रीडौज्ज्वल्यप्रहर्षितैः ॥' (द० रू० प्र० २ श्लो० २८) इत्युक्तदशविकारा द्रष्टव्याः ॥५४॥

अथासां दूतीराह—दूत्य इति ॥ दासी कर्मकरी । सखी स्नेहनिबन्धना । कारुः रजक्यादिः । धात्रेयी उपमातृसुता । प्रतिवेशिनी समीपगृहवर्तिनी । लिङ्गिनी परिव्राजिका । शिल्पिनी चित्रकारादिस्त्री । स्वा स्वयं चेति दूत्यः सहायाः, नायकानुकूलने इति शेषः । स्वा चेति स्त्रीलिङ्गे मूलं मृग्यम्, 'स्वो ज्ञातावात्मनि स्वं त्रिष्वात्मीये स्वोऽस्त्रियां धने' इति नपुंसकत्वेनाभिधानात् । अथवा स्वा स्वकीया बान्धवस्त्रीति

हे अल्पज्ञे अर्थात् तुम तो बस इतना ही जानती हो कि पैदल चलेंगे तो दुनिया समझेगी कि इस समय बेमौके पैदल जा रही है वह कोई अभिसारिका है किन्तु घबड़ाने की क्या जरूरत है मैं अपने आप तो हाथी पर चढी हुई हूं। अभिसारिका हूं ऐसा देखने और सुनने की परवाह नही करती हूं मेरा प्रेयान् महीपति है उसे देखना और सुनना चाहती हूं । अतः जल्दी से जल्दी चलो ।

यहां अभिसरण करने में उत्सुक होने से अभिसारिका है ॥५४॥

अब पहले बतलाई हुई नायिकाओं की नायकों को अनुकूल करने में सहायता करने वाली औरतों को बतलाते हैं दासी नोकरानी, सखी दोस्तिन, कारू बढ़इन १ कपडा बुनने वाले की औरत २ नाउन ३ घोबिन ४ चमाईन ५ तक्षा च तन्तुवायश्च नापितो रजकस्तथा । पञ्चमश्चित्रकारश्च कारवः शिल्पिनो मताः । इस श्लोक के अनुसार पांच प्रकार के कारु होते हैं । इन्हीं को शिल्पी कहते हैं, इनकी औरतें भी दूती का काम करती है प्रसङ्ग आने पर । धात्रेयी धाय की लड़की माता के रूप में पालन करने वाली धात्री होती है उसकी लड़की धात्रेयी है । प्रतिवेशिनी पड़ोसिन, लिङ्गिनी किसी संप्रदाय के वेष विशेष को धारण करने वाली जैसे संन्यासिनी । और शिल्पिनी पहले बतलाए हुए शिल्पियों से भिन्न मालाकार एवं चित्रकार वगैरह की स्त्रियां और स्वा आत्मीय अपना बन्धु । इनकी स्त्री सब नायक को नायिका के अनुकूल खुश करने वाली सहायिका कहलाती है । इनके लक्षण स्वरूप एवं उदाहरण वगैरह सब स्पष्ट हैं अतः बतलाने की जरूरत नहीं है कामशास्त्र में प्रसिद्ध

लिङ्गिनी शिल्पिनी स्वा च सहायाः परिकीर्तिताः ॥५५॥

एतासां स्वरूपमुदाहरणं चा ष्पस्टम्। कामशास्त्रप्रसिद्धाः पद्मिनीचित्रिणीप्रभृतयो जातिविशेषा ज्ञातव्याः।

संक्षेपेण नायिका त्रिविका—मुग्धा मध्या प्रौढा चेति।

उदयद्यौवना मुग्धा लज्जाविजितमन्मथा।

लज्जामन्मथमध्यस्था मध्यमोदितयौवना ॥

यावत्। तदुक्तं सर्वज्ञसोमेश्वरेण—'भगिनी श्यालिका वापि मातुलस्याथवा सुता। एता भवन्ति दूत्यस्तु बान्धवस्त्रीति संज्ञिताः॥' इति॥ ५५॥

पद्मिन्यादीनां जातिवाचित्वं, न मुग्धादिवदस्थावाचित्वमित्याह—पद्मिनीति॥ प्रभृतिग्रहणाच्छङ्खिनीहस्तिन्यौ गृह्येते। लक्षणादिकमेतासां कामशास्त्र एव द्रष्टव्यम्। इत्थं स्वाधीनपतिकाद्यवस्थाष्टकमुक्त्वा तदाश्रयभूनानेकनायिकामध्ये मुग्धादित्रयं लक्षणोदाहरणाभ्यां प्रदर्शयति—संक्षेपेणेत्यादिना॥ तत्र मुग्धामुदाहरति—मुग्धा इति॥ या काचिदनाप्ता किम्, नेत्यर्थः॥ अनुक्तेऽपि तव मनोरथं जानामीत्याह—

हैं। पद्मिमी चित्रिणी शंखिनी आदि नायिकाओं की जातियां हैं उनको भी जान लेना चाहिए॥५५॥

संक्षेप में नायिकाएं तीन प्रकार की होती है। मुग्धा, मध्या और प्रौढ़ा। अब क्रमशः इनके लक्षणों को कहते हैं। यहां एक विचार है।

सर्वासामेव नारीणां यौवनं स्याच्चतुर्विधम्।

अथ क्षुद्राः प्रबन्धा निरूप्यन्ते ।

येन केनापि तालेन गद्यपद्यसमन्वितम् ॥ ७३ ॥

जयत्युपक्रमं मालिन्यादिप्रासविचित्रितम् ।

तदुदाहरणं नाम विभक्त्यष्टकसंयुतम् ॥ ७४ ॥

वक्त्रं नामाष्टाक्षरपादो मात्रावृत्तविशेषः अपरवक्त्रमर्धसमवृत्तभेदः । उभयोर्लक्षणं तु वृत्तरत्नाकरे 'वक्त्रं नाद्यान्नसौ स्यातामब्धेर्योऽनुष्टुभि ख्यातम्' 'अयुजि ननरला गुरुः समे तदपरवक्त्रमिदं नजौ जरौ ॥' इति । अथ क्षुद्रप्रबन्धेषूदाहरणस्य लक्षणमाह—येन केनेति ॥ तालेन चञ्चत्पुटादिना, गद्यैः क्रमेण कलिकोत्कलिकापरपर्यायैर्विभक्तिविभक्त्याभासाङ्कितैर्वाक्यैः, पद्यैः प्रतिवाक्यमादौ तत्तद्वाक्यसमानविभक्तिकनायकनामाङ्कितैः श्लोकैश्च समन्वितम् । मालिनी नाम वृत्तविशेषः । 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' इति लक्षणात् ॥ ७२-७४ ॥

विशेषों के द्वारा कथा नायक का वर्णन होता है इसका इतिवृत्त उच्छ्वास से परिच्छिन्न होता है जैसे हर्षचरितादि ।।७२।।

क्षुद्र प्रबन्ध निरूपण

अथ अब क्षुद्र प्रबन्धों का निरूपण करते हैं। जहाँ इतिवृत्त जिस किसी ताल के साथ गद्य एवं पद्यों में समन्वित हो, जयति से उपक्रम हो, तथा जो मालिनी वगैरह वृत्तों के विन्यास से चित्रित हो, और आठ विभक्तियों से संयुत हो वह उदाहरण कहलाता है ।

जहां आरम्भ में जयति से उपक्रम हो और जिसमें मालिनी वगैरह वृत्तो से रमणीय पद्य की रचना हो। इसके बाद अपिच इससे जिसमें उपक्रम हो और प्रतिविभक्ति प्रास और ताल के साथ साथ आठ वाक्यों की रचना हो तथा विभक्त्याभास हो वह उदाहहरण होता है ।।७३-७४।।

यत्रादौ जयत्युपक्रमं मालिन्यादिवृत्तं रम्यं पद्यं निबध्यते, अनन्तरम् 'अपि च' इत्युपक्रमाण्यष्टवाक्यानि सप्रासानि सतालानि प्रतिविभक्ति निबध्यन्ते, अनन्तरं विभक्त्याभासाः, तत् उदाहरणम्।

संबोधनविभक्त्या यत् प्रचुरं पद्यपूर्वकम्।
विमुक्तपुनराकृष्टशब्दं स्याच्चक्रवालकम् ॥ ७५ ॥
आद्यन्तपद्यसंयुक्ता संस्कृतप्राकृतात्मिका।
अष्टभिर्वा चतुर्भिर्वा वाक्यैः स्कन्धसमन्विता ॥७६॥
प्रतिस्कन्धं भिन्नवाक्यरीतिर्देवनृपोचिता।
सर्वतो देवशब्दादिरेषा भोगावली मता ॥ ७७ ॥

अत्र लक्षणस्य न्यूनत्वाद्वर्त्तमानपदानां च संकीर्णत्वादुभयं वारयन् व्याचष्टे—यत्रेत्यादिना ॥ अत्र संबोधनविभक्तिरष्टमी। प्रबन्धान्ते सर्वविभक्त्यङ्कितो नवमश्लोकश्चेत्यादिविशेषाणां साक्षिश्लोकाः साहित्यचिन्तामणौ द्रष्टव्याः। अन्ते कविप्रबन्धनामाङ्कितं पद्यविशेषं कुर्यात्। तदुक्तम् 'अन्तेऽनुष्टुभमार्यां वा कविकृत्याख्ययान्विताम्। कुर्याच्चारुप्रबन्धानामयं साधारणो विधिः ॥' इति। चक्रवाललक्षणमाह—संबोधनेति ॥ पद्यपूर्वकमित्यनेन गद्यानां कलिकात्वेनानुप्रवेश उक्तः। विमुक्तः सन् पुनराकृष्टो विमुक्तपुनराकृष्टः। स्नातानुलिप्तादिवत् पूर्वकालसमासः। तथाभूतः शब्दो द्वित्राक्षरपदं यस्य तत् तथोक्तम्। शृङ्खलितदलाद्यन्तपदमित्यर्थः। अत्र गद्यपद्ययोरावृत्त्यादिकमन्यतो द्रष्टव्यम्। तदुक्तम्—'ओजस्विपदभूयिष्ठमाद्यन्ताशीःसमन्वितम्। चतुर्धा वाष्टधा वृत्तं चक्रवालं प्रचक्षते ॥' इति ॥ ७५ ॥

भोगावलीमाह—आद्यन्तेति ॥ स्कन्धः परिच्छेदभेदः। अत्र भोगोपकरणोद्यानवसन्तनायकगुणादिवर्णनं प्रायेण कर्तव्यम् ॥ ७६—७७ ॥

अब चक्रवाल को कहते हैं—जहां सम्बोधन विभक्ति हो प्रचुर पद्य हों और पहले जिनको छोड़ दिया है उन्हीं को फिर आकृष्ट किया जाता हो वह चक्रवाल होता है ॥७५॥

जहां आदि में और अन्त में संस्कृत और प्राकृत भाषा के पद्य हों तथा जहां चार अथवा आठ वाक्यों से युक्त स्कन्ध हों माने सर्गादि की तरह परिच्छेद हो और प्रतिस्कन्ध में देवता एवं नृपों के उचित भिन्न २ वाक्यों की शैली हो तथा सब के आरम्भ में देव शब्द का उपन्यास हो वह प्रबन्ध भोगावली मानी गई है ॥७६-७७॥

वर्ण्यमानाङ्कविरुदवर्णनप्रचुरोज्ज्वला ।
वाक्याडम्बरसंयुक्ता सा मता विरुदावली ॥ ७८ ॥
ताराणां संख्यया पद्यैर्युक्ता तारावली मता ।

एवं कविप्रौढोक्तिसिद्धाः क्षुद्राः प्रबन्धा यथासंभवमूह्याः । अथैतेषामुदाहरणानि विस्तरभयादिह नोक्तानि ॥

इति श्रीविद्यानाथविरचिते प्रतापरुद्रयशोभूषणेऽलंकारशास्त्रे
काव्यप्रकरणं समाप्तम् ॥

विरुदावलीमाह—वर्ण्यमानेति ॥ अत्र स्वविक्रमकुलक्रमागतविरुदवर्णनातिरिक्तं भोगावलीवत् द्रष्टव्यम् ॥ ७८ ॥

तारावलीमाह—ताराणामिति ॥ संख्यया सप्तविंशत्येत्यर्थः ॥ नन्वन्येऽपि चतुरुत्तरचतुर्भद्रादिचाटुप्रबन्धाः किमिति न लक्ष्यन्ते इत्यत्राह—एवमिति ॥ उदाहरणानुक्तौ हेतुमाह - अथेति ॥

इति पदवाक्यप्रमाणपारावारपारीणश्रीमहोपाध्यायकोलाचलमल्लिनाथ-
सूरिसूनुना विश्वजनीनविद्यस्य विद्वन्मणेः पेद्दयार्यस्यानुजेन
कुमारस्वामिसोमपीथिना विरचिते प्रतापरुद्रीयव्याख्याने
रत्नापणाख्याने काव्यस्वरूपनिरूपणं नाम
द्वितीयं प्रकरणम् ॥

वर्ण्यमान अंकों में विरुदावली के प्रचुर वर्णनों से उज्ज्वल हो तथा वाक्याडम्बर से संयुक्त हो वह प्रबन्ध विरुदावली मानी गई है ॥७८॥

ताराओं की संख्या के समान २७ पद्यों से युक्त जो हो वह प्रबन्ध तारावती माना गया है। इसी प्रकार कविप्रौढोक्ति सिद्ध क्षुद्र प्रबन्धों को भी अपनी संभावना के अनुसार ऊहन करने चाहिये। विस्तार के भय से इनके उदाहरणों को यहां हमने नहीं कहा है ॥७९॥

इति विद्यानाथ के रचित प्रताप रुद्र यशोभूषण नामक अलंकारशास्त्र के काव्य प्रकरण की मधुसूदन शास्त्री की कृति बालक्रीडा हिन्दी टीका समाप्त हुई।

॥ अथ नाटकप्रकरणम् ॥

॥ अथ नाट्यप्रधानाः प्रबन्धा निरूप्यन्ते ।

तत्र नाट्यस्वरूपं निरूप्यते ।

चतुर्विधैरभिनयैः सात्त्विकाङ्गिकपूर्वकैः ।

अथ श्राव्य (?) पठ्य प्रबन्धनिरूपणानन्तरं नाटकादिदृश्यप्रबन्धनिरूपणं प्रतिजानीते-अथेति ॥ अभिनयत्यभिव्यनक्ति पदार्थमित्यभिनयः । पचाद्यजन्तः । 'अभिपूर्वस्तु नीञ्धातुराभिमुख्यार्थनिर्णये । यस्मात् पदार्थान् नयति तस्मादभिनयः स्मृतः ॥' इति । तैश्चतुर्विधैः । तत्र परगतसुखदुःखभावनया भावितान्तःकरणत्वं सत्त्वम् । ततो भवा भावाः सात्त्विकाः स्तम्भादयः । तदभिनयोऽनिमेषनयनत्वादि । अङ्गं हस्तादि । तद्व्यापारः पताकादिराङ्गिकाभिनयः । पूर्वशब्देन वाचिकाहार्यभिनयौ गृह्येते । अत्र पाठ्यापरपर्यायं काव्यनाटकरूपं वाचिकम् । तदभिनयो रसोचितरागानुषङ्गादिः आहार्याभिनयो नाट्योचितालंकारधारणम् ।' अभिनयादिलक्षणं तु संगीतचूड़ामणौ— अभिव्यञ्जन् विभावानुभावादीन् नाटकाश्रयान् सहृदये रसज्ञानं निरंतरम् ॥ अनुकर्तृस्थितो योऽर्थोऽभिनयः सोऽभिधीयते । आङ्गिको वाचिकश्चैव सात्त्विकाहार्य-

---

अथ नाटकप्रकरणम्

इस तरह पद्य प्रबन्धों का निरूपण करने के बाद अब दृश्य प्रबन्धों के निरूपण करने की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अब नाट्य **प्रधान** प्रबन्धों का निरूपण करते हैं । उनमें नाट्य के स्वरूप को कहते हैं ।

सात्त्विक आंगिक आहार्यिक एवं वाचिक इन चार प्रकार के अभिनयों के द्वारा नायक की धीरोदात्तादि अवस्थाओं का अनुकरण नाट्य होता है । इसका निर्माण रसों के आधार पर किया जाता है अतः नाट्य रसाश्रय होता है । नृत्य भावप्रधान

धीरोदात्ताद्यवस्थानुकृतिर्नाट्यं रसाश्रयम् ॥ १ ॥

भावाश्रयं तु नृत्यं स्यान्नृत्तं ताललयान्वितम् ।

एषा दशरूपकोक्ता प्रक्रिया। नृत्तनृत्ययोर्नाटकाद्यङ्गत्वादिह स्वरूपनिरूपणं कृतम् । तथोक्तं दशरूपके—

'मधुरोद्धतभेदेन तद् द्वयं द्विविधं पुनः ।
लास्यताण्डवरूपेण नाटकाद्युपकारकम् ॥' इति ॥

काविति ॥ स चतुर्धा कृतस्तज्ज्ञैराङ्गिकोऽङ्गक्रियोच्यते । रागानुषङ्गि यद्वाक्यं नाट्ये तद्वाचिकं स्मृतम् । सत्त्वक्रिया सात्त्विकं स्यादाहार्यो भूषणादिकम् ॥' इति । धीरोदात्तादिनायकानामवस्था धीरोदात्तादयः । अनियतत्वादवस्थात्वमेव तेषां न जातित्वमित्युक्तं नायकप्रकरणे । तासामनुकृतिरनुकरणं चतुर्विधाभिनयेनाभिनेयतादात्म्यापत्तिरित्यर्थः । रसाश्रयमिति ॥ वक्ष्यमाण वाक्यार्थीभूतरसविषयमित्यर्थः । अतोऽत्र वाक्यार्थाभिनय इति वेदितव्यम् । नट अवस्पन्दने इत्यस्माद्धातोरीषच्चलनार्थाण्ण्यत्प्रत्यये नाट्यमिति व्युत्पत्त्या सात्त्विकाभिनयबाहुल्यं सूच्यते ॥ १ ॥

प्रसङ्गान्नृत्यनृत्तयोर्लक्षणमाह—भावेति ॥ भावा पदार्थीभूता विभावाद्या आश्रया विषयत्वेन यस्य तत् भावाश्रयम् । अत एवात्र पदार्थाभिनयो द्रष्टव्यः । नृतेर्गात्रविक्षेपवाचिनो निष्ठान्तादर्हार्थे यति नृत्यमिति व्युत्पत्त्या आङ्गिकाभिनयबाहुल्य सूच्यते । अत एव नाट्याद्भेदद्योतकस्तुत्तब्दः । रसविषयं सात्त्विकबहुलं नाट्यम् ।

होने से भावाश्रय होता है और नृत्य ताल और लय के अनुसार किया जाता है अतः ताल और लय से समन्वित नृत्य नर्त्तन होता है ॥१॥

ग्रन्थकार कहते हैं कि इसको हमने अपने मन से नहीं लिखा है किन्तु यह प्रक्रिया दशरूपक में कही हुई है । नृत्य और नृत्त नाटकादि के अंग होते हैं अतः यहां उनके स्वरूप का निरूपण किया है । जैसा कि दशरूपक में कहा है—

फिर वे दोनों माने नृत्य और नृत्त मधुर और ऊद्धत के भेद से दो प्रकार के होते हैं । जिनमें मधुर को लास्य कहते हैं जिसका स्त्रियों के द्वारा प्रयोग किया जाता है । और उद्धत को ताण्डव कहते हैं जिसका पुरुषों के द्वारा उपयोग होता है । ये हर हालत में नाटकादि के उपकारक होते हैं यानी इनसे नाटकादि के अभिनय सुन्दर हो जाते हैं । उसी नाट्य के आधार पर रूपक दश होते हैं । जैसे—

तेन नाट्येन दश रूपकाणि भवन्ति।

नाटकं सप्रकरणं भाणः प्रहसनं डिमः।
व्यायोगसमवाकारौ वीथ्यङ्केहामृगा दशः॥ २॥
नाट्याश्रयत्वेनाभेद इति शङ्का न युज्यते।
वस्तुनेतृरसास्तेषां रूपकाणां हि भेदकाः॥ ३॥

भावविषयमाङ्गिकबहुलं मार्गापरपर्यायं नृत्यमिति विवेकः। नृत्तमिति॥ गीतादि-परिमाणावच्छेदः कालविशेषस्तालश्चञ्चत्पुटादिः। तदुक्तम्—'कालो लघ्वादिमितया क्रियया संमितो मितिम्। गीतादेर्विदधत्तालः स च द्वेधा बुधैः स्मृतः'॥ इति॥ लयोऽपि 'तालान्तरालवर्ती यः कालोऽसौ लयनाल्लयः' इत्युक्तलक्षणः कालविशेषः। एतदुभयाश्रयं देश्यपर्यायं नृत्तमित्यर्थः। अस्य स्वकपोलकल्पितत्वं परिहरति—एषेति॥ नृत्येति॥ क्वचिदवान्तरपदार्थाभिनयेन शोभाहेतुत्वेन च नाटकादावुपयोगा-त्तदङ्गत्वमिति विज्ञेयम्। तदेतत्संवादव्याजेनानयोः पुनर्द्वैविध्यमाह—मधुरेति॥ मधुरं लास्यमुद्धतं ताण्डवमित्यर्थः तेनेति॥ नृत्यनृत्तोपकृतेनेत्यर्थः। दश रूपका-णीति॥ नाटिकासट्टकादिनामत्रैवान्तर्भावादिति भावः। तत्प्रकारस्तु दशरूपके द्रष्टव्यः। नाट्याभेदेऽपि वस्त्वादिभेदाद्रूपकभेदः इत्याह—नाट्याश्रयत्वेनेति॥

नाटक प्रकरण भाण प्रहसन डिम व्यायोग समवकार वीथी ईहामृग एवं अङ्क ये रूपक दश होते हैं॥२॥

यहां इनमें ऐसी शंका करना युक्त नहीं है कि ये सब एक रूप हैं अभिन्न हैं क्योंकि इनमें एक नाट्य का ही आधार है। इन नाटकादि रूपकों के दश भेद वस्तु नेता और रस के सहारे होता हैं। अतः ये भिन्न २ हैं॥३॥

वस्तु तीन प्रकार का होता है प्रख्यात इतिहासादि में प्रसिद्ध १ उत्पाद्य बनावटी कृत्रिम २ एवं मिश्र उभयात्मक ३। जैसा कि दश रूपक में कहा है—

प्रख्यात उत्पाद्य एवं मिश्र भेद से वह तीन प्रकार का है। इतिहास में जिसका निबन्धन हो वह प्रख्यात है। जो कविकल्पित हो वह उत्पाद्य है। संकरायत्त हो मिलाजुला हो वह मिश्र है। इस प्रकार वस्तु भेद, नायकों के भेद एवं रसों के भेद से रूपकों का परस्पर में भेद हैं जैसे—

नाटक में इतिवृत्त वस्तु प्रख्यात होता है नायक धीरोदात्तादि होते हैं एवं शृङ्गार और वीर में से एक प्रधान होता है बाकी अन्य सब रसों का अंग के रूप में अनुप्रवेश है। इसमें ५ अंक होते हैं अधिक से अधिक १० अङ्क होते हैं।

वस्तु त्रिविधम्—प्रख्यातमुत्पाद्यं मिश्रं चेति। तथोक्तं दशरूपके—

'प्रख्यातोत्पाद्यमिश्रत्वभेदात् तत्त्रिविधं मतम्, इति।

इतिहासनिबन्धनं प्रख्यातम्, कविकल्पितमुत्पाद्यम्, संकरायत्तं मिश्रं चेति। एवं वस्तुभेदान्नायकभेदात् रसभेदाद्रूपकाणां परस्परं भेदः।

तथाहि-नाटके प्रख्यातमितिवृत्तम्, धीरोदात्तो नायकः, श्रृङ्गार-वीररसयोरन्यतरस्य प्राधान्यम्, अन्येषां रसानामङ्गत्वेनानुप्रवेशः। प्रकरणे उत्पाद्यमितिवृत्तम्,

---

वस्तु कथाशरीरम्। तस्येतिवृत्तमिति नामान्तरम्। तदुक्तं भावप्रकाशे—'वस्तु यत् स्यात् प्रबन्धस्य शरीरं कविकल्पितम्। इतिवृत्तं तदेवाहुर्नाट्याभिनयकोविदाः॥' इति तद् द्विविधम्—आधिकारिकं प्रासङ्गिकं चेति। तत्राधिकारः फले स्वाम्यं, तद्वानधिकारी। अधिकारेणाधिकारिणा वा निर्वृत्तमाधिकारिकं प्रधानम्। यथा रामायणे सीतारामवृत्तान्तः। प्रसङ्गेन निर्वृत्तं प्रासङ्गिकमङ्गभूतम्। तत्तु द्विविधम्—पताका प्रकरी चेति। तत्र दूरानुवर्तिनी कथा पताका। यथा सुग्रीवादिवृत्तान्तः। अल्पानुवर्तिनी प्रकरी। यथा जटायुश्श्रवणादिवृत्तान्तः॥ ३॥

एवमेकमाधिकारिकं, द्विविधं प्रासङ्गिकमिति त्रैविध्यं सिद्धवत्कृत्य पुनस्त्रैविध्यमाह—वस्तु त्रिविधमित्यादि॥ प्रख्यातं महावीरचरितादि। उत्पाद्यं मालतीमाधवादि। मिश्रमुत्तररामचरितादि। एवमाधिकारिकपताकाप्रकरीणां प्रत्येकं प्रख्यतादिभेदभिन्नत्वेन त्रैविध्ये वस्तुनो नवविधत्वं विज्ञेयम्। एतदेवाभिप्रेत्याह—एवमादि-

---

प्रकरण में इतिवृत्त वस्तु उत्पाद्य कविकल्पित होता है। नायक धीर प्रशान्त होता है श्रृंगार रस मुख्य है। इसमें अंकों का नियम नही है १० भी हो सकते हैं। भाण में चरित उत्पाद्य होता है एक अंक होता है धूर्तविट नायक है। श्रृंगार और वीर की सूचना मात्र होती है। प्रहसन में इतिवृत्त कल्प्य होता है। पाखण्डी नायक होता है। हास्य रस प्रधान होता है। अंक एक ही होता हैं जिसमें इतिवृत्त प्रख्यात होता है। डिम में देव गन्धर्व पिशाच आदि धीरोद्धत सोलह नायक होते हैं। रौद्र रस प्रधान होता है उसीके साथ वीर और श्रृंङ्गार का अनुप्रवेश रहता है। इसमें ४ अंक होते हैं। व्यायोग में इतिवृत्त प्राख्यात होता है। धीरोद्धत नायक होता है वीररस प्रधान होता हैं और अंक एक ही होता है। समवकार में देव एवं असुर आदि १२ नायक होते हैं। वीर रस प्रधान होता है। इतिवृत्त कल्पित भी होता है और प्रसिद्ध भी होता है अंक तीन होते हैं। वीथी में कवि कल्पित इतिवृत्त होता है धीरोद्धत नायक होता है। श्रृंगार रस की सूचना मात्र रहती है। अंक एक ही रहता है। अंक में प्रख्यात इतिवृत्त होता हैं कोई भी प्राकृत आदमी नायक

धीरशान्तो नायकः, शृङ्गाररसस्यैव प्राधान्यम् । भाणे उत्पाद्यमितिवृत्तम्; धूर्तविटो नायकः, शृङ्गारवीरयोः सूचनामात्रसारता । प्रहसने कल्प्यमितिवृत्तम्, पाषण्डप्रभृतयो नायकाः हास्यरसः प्रधानम् । डिमे प्रख्यातमितिवृत्तम्, देवगन्धर्वपिशाचदयो धीरोद्धता नायकास्ते षोडश, रौद्ररसः प्रधानम्, वीरशृङ्गारयोरनुप्रवेशः । व्यायोगे प्रख्यातमितिवृत्तम् 'धीरोद्धतो नायकः वीररसः प्रधानम्, कल्पितमितिवृत्तं प्रसिद्धं वा । वीथ्यां कल्पितमितिवृत्तम्, धीरोद्धतो नायकः; शृङ्गाररसस्य सूचनामात्रसारता । अङ्के प्रख्यातमिति-

---

वस्तुभेदादिति ।। दिव्य मर्त्यो मयात्मना वस्तुनः पुनरपि त्रैविध्याङ्गीकारे तद्वदन्येऽपि बहवो भेदाः कल्पयितुं शक्यन्त एव । लक्ष्येषु ते स्वयमेवोहनीया इति विस्तरभिया नेह पृथङ्व्युत्पाद्यन्ते । वस्त्वादयो रूपकभेदका इत्युक्तम् तद्विविनक्ति—

तथा हीत्यादिना — स्पष्टोऽर्थः । वस्त्वादिभेदाद्रूपकभेदो निरूपितः । अधुना वस्त्वेकदेशविशेषभूतसंध्यादि स्वरूपम् निरूपयति— अथेत्यादिना ।। तत्र संमतिव्याजेन संधीनां विभागमाह — सावमर्शा अवमर्शसहिता उपसंहृतिर्विमर्शौ निर्वहणं चेत्यर्थः । एतेषां समान्य लक्षणमाह— सन्धिरिति ।। प्रयोजनमत्र त्रिवर्गरूपं फलम् । तत्र धर्मार्थकामेऽन्ये- कैकस्य स्वव्यतिरिक्ताभ्यां द्वाभ्यामुपसर्जनाभ्यां व्यासेन समासेन च संबन्धे कैवल्ये च द्वादशविधम् । तदुक्तम्—'फलं त्रिवर्गस्तच्छुद्धमेकानेकानुबंधि च' इति । तेनैकेन मुख्येनान्वितानामितिवृतखण्डानामवान्तरैकप्रयोजनसंबन्धः संधिरित्यर्थः तदुक्तम्—

हो सकता है करुण रस प्रधान होता है ईहामृग में मिश्र मिला-जुला प्रख्यात एवं कल्पित या लौकिक एवं दिव्य इतिवृत्त होता है। धीरोद्धत नायक होता है शृंगार रस का आभास होता है अंक ४ होते हैं।

अब इनकी सामग्री का निरूपण करते है। इनमें ५ सन्धियाँ होती हैं। जैसा कि दशरूपक में कहा है। मुख प्रतिमुख गर्भ सावमर्श (इसका नाम विमर्श भी है) एवं उपसंहृति निर्वहण भी इसका नाम है। ये सन्धियों के नाम हैं। प्रकृत में सन्धि शब्द का अर्थ है किसी एक प्रयोजन विशेष से सम्बन्ध रखने वाले कथनकों का अवान्तर प्रयोजन से सम्बन्ध करना।

उनमें आरम्भरूप अर्थप्रकृति का बीजरूप अवस्था से सम्बन्ध का नाम मुख सन्धि है। यत्नाख्य अर्थ प्रकृति का विन्दु नामक अवस्था से सम्बन्ध को प्रतिमुख सन्धि कहते हैं। इसी तरह प्राप्त्याशा और पताका के सम्बन्ध की प्रसिद्धि गर्भसन्धि के नाम से है। नियताप्ति और प्रकरी का सम्बन्ध विमर्शसन्धि है। फलागम और कार्य के सम्बन्ध का नाम निर्वहण सन्धि है। जैसा कि दशरूपक में कहा है।

वृत्तम्, प्राकृतजनो नायकः, करुणरसः प्रधानम्। ईहामृगे मिश्रमितिवृत्तम्, धीरोद्धतो नायकः शृङ्गाररसस्याभासत्वम्।

अथ तेषां सामग्री निरूप्यते। तत्र पञ्च सन्धयः। तथा चोक्तं दशरूपके—

'मुखं प्रतिमुखं गर्भः सार्वमर्शोपसंहृतिः' इति।

संधिर्नामैकेन प्रयोजनेनान्वितानां कथानामवान्तरप्रयोजन संबन्धः।

तत्रारम्भबीजयोः संबन्धो मुखसधिः। प्रयत्नबिन्दुसंबन्धः प्रतिमुखसन्धिः। प्राप्त्याशापताकयोः संबन्धो गर्भसंधिः। नियताप्तिप्रकर्योःसंबन्धो विमर्शसंधिः। फलागमकार्ययोः संबन्धो निर्वहणसंधिः। तथा चोक्तं दशरूपके—

'एकाकार्यान्वितेष्वत्र कथांशेषु प्रयोगतः। अवान्तरैककार्यस्य संबन्धः संधिरिष्यते॥' इति अथावस्थार्थप्रकृतिसंबन्धे मुखादिसंधयो जायन्त इत्याह—तत्रेति॥ अत्र संमतिमाह—बीजेति॥ अर्थप्रकृतयः प्रयोजनसिद्धिहेतव इति केचित्। कथाशरीरकारणानीति भोजराजादयः। तद्विशेषाः पूर्वोक्ता बीजादयः पञ्च। फलसिद्धये स्वीक्रियमाणस्य नायकव्यापाररूपस्योपायस्य पूर्वोक्ता आरम्भादयः पञ्चावस्था भवन्ति। तदुक्तम्—'अवस्थाः पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः' इति। तदेतदुभयसंबन्धे पञ्च संधयो जायन्त इत्यर्थः। तत्र साधनत्वात् बीजस्यादावुपक्षेपः। साध्यत्वात् कार्यस्यान्ते। अविच्छेदार्थं विन्दोस्तयोर्मध्ये। पताकाप्रकर्योस्तु बीजकार्ययोर्मध्ये यथायोगं निवेश इति विज्ञेयम्। तत्र पताकाया

बीज बिन्दु पताका प्रकरी और कार्य ये पाँच अर्थ की प्रयोजन की अथवा कथाशरीर की हेतु प्रकृतियाँ हैं और आरम्भ यत्न प्राप्त्याशा नियताप्ति और फलागम ये पाँच अर्थ की अवस्थायें हैं। ये पांच अर्थप्रकृतियाँ इन पांचों अर्थावस्थाओं से जब समन्वित होती है सम्बन्ध से मिलती हैं तब क्रमानुसार मुख प्रतिमुख गर्भ विमर्श एवं निर्वहण सन्धियाँ होती है।

अथ अब फल की सिद्धि के लिए किये जाने वाले नायक व्यापार रूप उपाय की आरम्भ आदि पांच अवस्थाओं के लक्षणों का निरूपण करते हैं। बहुत अधिक फल के लाभ के लिए केवल उत्सुकता करना आरम्भ अवस्था है। यानी नायक मात्र के व्यापार का अपने स्वरूप से कुछ अधिक होना आरम्भ है। फल की प्राप्ति के सम्पादन के बारे में बड़े वेग से जो व्यापार किया जाता है उसका नाम प्रयत्न है अथवा फल की प्राप्ति नहीं होने पर अतित्वराश से जो फल प्राप्ति के योग्य व्यापार किया जाता हैं उसे प्रयत्न कहते हैं। ४। सारांश यह है कि इच्छा इतनी तीव्र हो गई है कि समय का बीतना सह्य नहीं होता है अतः समय के बीतने को नही सहन करना ही उत्सुकता है। यह उत्सुकता ही केवल आरम्भ है।

'बीजबिन्दुपताकाख्यप्रकरीकार्यलक्षणाः ।
आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमः ॥
अर्थप्रकृतयः पञ्च पञ्चावस्थासमन्विताः ।
यथासंख्येन जायन्ते मुखाद्याः पञ्च संधयः ॥' इति

अथारम्भादीनां लक्षणं निरुप्यते—

औत्सुक्यमात्रमारम्भः फललाभाय भूयसे ।
प्रयत्नस्तु फलाप्राप्तौ व्यापारोऽतित्वरान्वितः ॥ ४ ॥
उपायापायशङ्काभ्यां प्राप्त्याशा कार्यसंभवः ।
अपायाभावतः कार्यनिश्चयो नियताप्तिका ॥ ५ ॥

बिकल्पमाह कोहलः । तन्मते पताकास्थाने 'अपताके निवेशः स्याद्विन्दोबीजस्य वा क्वचित्' इति भावप्रकाशोक्तो विशेषो द्रष्टव्यः । अवस्थानामुद्देशक्रमः सामर्थ्यलब्धः स्पष्ट एव । अवस्थापञ्चकं क्रमेण लक्षयति—औत्सुक्येति ॥ कालाक्षमत्वलक्षणोऽभिलाषप्रकर्ष औत्सुक्यम् । मात्रशब्दो वक्ष्यमाणप्रयत्नादिव्यवच्छेदकः । फलस्य त्रिवर्गरूपस्य लाभाय न पुनः क्षुद्रस्य । अत्र फलगतं भूयस्त्वं लाभे उपचर्यते । नायकव्यापारस्य स्वरूपात्किंचिदुच्छूनत्वमारम्भ इत्यर्थः ॥ ४ ॥

आरम्भादीनां सर्वेषां नाटक एवोदाहरणं भविष्यतीति लक्षणमात्रमत्र परीक्ष्यते । प्रयत्नस्त्विवति ॥ फलाप्राप्ताविति सतिसप्तमी । फलप्राप्ताविति पाठे विषयसप्तमी । कार्यसंपादनयोग्यता प्रयत्न इत्यर्थः । उपायेति ॥ उपायेनापायशङ्कया च कार्यस्य संभावना प्रतिबन्धकोपनिपातेन शङ्क्यमानत्वं प्राप्त्याशेत्यर्थः । नियताप्तिं लक्षयति—अपायेति ॥ प्रतिपक्षनिवृत्त्या कार्यनिश्चयो नियताप्तिरित्यर्थः । समग्रेति ॥ बाधकबाधनेन फलपर्यन्तत्वैकान्त्यं फलागम इत्यर्थः ॥ ५ ॥

यहां फल प्राप्ति के लिए उपाय किया किन्तु बीच में कोई विघ्न आ गया जिससे फल मिलेगा कि नही ऐसी आशंका हो गई । ऐसी आशंका के हो जाने पर जो उपाय किया गया है उससे फल अवश्य ही हो जायगा इसका निर्धारण निश्चय नही होने पर भी फल के प्राप्त होने की जो संभावना है उसे प्राप्त्याशा कहते हैं । और जहां अपाय की विघ्न की निवृत्ति होने पर उपाय करने से फल प्राप्ति नियम से हो जायगी ऐसी निश्चयात्मिका स्थिति को नियताप्ति कहते हैं । फल का प्राप्त होना जब नियत हो गया यानी नियम से सिद्ध हो गया तब जो सम्पूर्ण फलों की संप्राप्ति है उसे फलागम या फल योग कहते हैं । ५ ।

समग्रफलसंपत्तिः फलागम उदाहृतः ।

अथ बीजदिपञ्चकं निरूप्यते—

स्तोकोद्दिष्टः कार्यहेतुर्बीजं विस्तार्यनेकधा ॥ ९ ॥

अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम् ।

अथार्थप्रकृतिपञ्चकं क्रमेण लक्षयति—स्तोकेति ॥ स्तोकोद्दिष्टः स्वल्पोपक्षिप्तः अनन्तरमनेकधा मूलस्कन्धशाखापलाशादिवन्नायकोपनायकप्रतिनायकभेदेन बहुधा विस्तरी कार्यस्य त्रिवर्गरूपस्य फलस्य यो हेतुस्तद्बीजमिव बीजम् । तच्च कचिदात्माधीनसिद्धेर्नायकस्यात्मोत्साहात्मकं, कचिदमात्याधीनसिद्धेस्तदुत्साहात्मकं, क्वचिदुभयाधीनसिद्धेरुभयोत्साहात्मकं चेति द्रष्टव्यम् । अत्रामात्यगतोऽप्युत्साहो याजकव्यापारो यजमानस्येव नायकस्यैव फलं जनयतीति बोद्धव्यम् । अवान्तरेति ॥ अवान्तरार्थैरवान्तरप्रयोजनैर्विच्छेदे सामर्थ्यात् परमप्रयोजनस्येति भावः । तदविच्छेदकारणं बिन्दुः । तदुक्तं भावप्रकाशे—'फलेऽप्रधाने विच्छिन्ने बीजस्याऽवान्तरैः फलैः । तस्याविच्छेदको हेतुर्बिन्दुरित्याह कोहलः ॥' इति ॥ ९ ॥

प्रतिपाद्यति ॥ प्रतिपाद्यकथायाः फलोद्देशप्रवृत्तत्वेन प्रधानभूताया रामादिनायकव्यापाररूपाया अङ्गं तत्संबन्धित्वादिति भावः । तदुक्तमाचार्यैः—'प्रधानं फलसंबन्धि तत्संबन्ध्यङ्गमिष्यते' इति । तथाभूता कथा सुग्रीवाद्युपनायकव्यापाररूपा । पताकाव्यापिनीत्यनेन प्रकरीव्यवच्छेदः । ननु पताकायामपि पृथक् फलमिच्छन्ति शारदा-

---

अथ अब बीजादि पांचों का निरूपण करते हैं स्वल्परूप में उपक्षेपण करने पर भी जो अनेक प्रकार से विस्तृत हो जाता हैं उस कार्य हेतु को बीज कहते हैं। यह वस्तुतः बीज कण नहीं है किन्तु बीज की तरह कार्य का हेतु होने से बीज है।

यह बीज तीन प्रकार का है। एक स्वायत्तसिद्धि नायक का अपना उत्साह। दूसरा है परायत्तसिद्धि नायक के अमात्यादिका उत्साह जैसे यौगन्धारायण का उत्साह। तीसरा है उभयायत्तसिद्धि का उभयोत्साह। ९।

अवान्तर अर्थों के माने आनुषङ्गिक प्रयोजनों के विच्छिन्न हो जाने पर भी जो आगामी प्रयोजनों के साथ सम्बन्ध को जोड़ने वाला कारण है वह विन्दु होता है। प्रतिपाद्य कथा का अङ्ग होती हुई भी जो कथा प्रबन्धव्यापिनी होती है वह कथा पताका कहलाती है जो तो प्रबन्ध व्यापिनी नही होती है वह कथा प्रकरी

प्रतिपाद्यकथाङ्गं स्यात् पताका व्यापिनी कथा ॥ ७ ॥

अव्यापिनी प्रकरिका, कार्यं निर्वाहकृत् फले ।

अथ मुखं निरूप्यते—

मुखं बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससंभवा ॥ ८ ॥

तनयादयः, सुग्रीवादीनां तथा दर्शनात् । नैतन्न्यायसहम्, अङ्गानां प्रधानफलेनैव फलवत्त्वनियमादिति चेन्नैष दोषः—दध्नेन्द्रियकामस्येत्यादावङ्गभूतानामपि दध्यादीनां फलसंबन्धाङ्गीकारात् । नन्वङ्गप्रधानफलयोरेकाश्रयत्वं दृष्टान्ते, दार्ष्टान्तिके तु न तथेति वैषम्यमिति चेन्मैवम्—फलसंतुष्टस्यैवानुचरस्यार्थक्रियाकारित्वेन तत्फलस्यापि स्वामिफलत्वाभिमानात् । अव्यापिनीति ॥ लघुः प्रकरः प्रकरी । गौरादित्वान्ङीष् । तदुक्तम्—'स्त्री स्यात् काचिन्मृणाल्यिविवक्षापचये यदि' इति । यथा पुष्पादिप्रकरः परेषामेव वैदिकादीनां शोभायै भवति एवमृतुवर्णनजटायुश्रवणादिवृत्तान्तरूपा प्रकर्यपि प्रधानस्यैव फलं जनयति न पुनः स्वस्येति ग्रन्थान्तरोक्तो विशेषो द्रष्टव्यः । अव्यापिनीति विशेषनिषेधस्तु पताकोक्तप्रतिपाद्यकथाङ्गत्वमात्राभ्यनुज्ञापरं इति द्रष्टव्यम् । कार्यमिति ॥ प्रधानफलनिर्वाहकोऽन्तिमः कथावयवः कार्यमित्यर्थः ॥७॥

इत्थमवस्था अर्थप्रकृतयश्च निरूपिताः । तदुभययुगलपञ्चकसमन्वयसंभूतसंधिपञ्चकलक्षणं क्रमेणाह—मुखमित्यादिना ॥ एतदेव लक्षणं दशरूपकादावप्युक्तम् । तत्र नानाभूतानामर्थानां प्रयोजनानां रसानां च हेतुर्बीजसमुत्पत्तिर्मुखसंधिरिति कश्चिद् व्याचष्टे । नानार्थशब्दस्य रसविशेषणत्वमङ्गीकृत्यानेकप्रकार प्रयोजनरसहेतुरित्यर्थः । मतद्वयेऽपि सर्वेष्वपि रूपकेषु लक्षणानुगतिः । लाभायार्थशब्दस्य त्रिवर्गव्यतिरिक्तं प्रयोजनजातं विवक्षितम् । अत एवोक्तमुभाभ्यां तेनात्रिवर्गफले प्रहसनादौ रसोत्पत्तिहेतोरेव बीजत्वमिति । भावप्रकाशकारस्तु 'यथा कामोपयोग्यत्र शृङ्गारो दृश्यते रसः । अर्थोपयोगी वीरः स्याद्रौद्रोऽपि स्यात् क्वचित् क्वचित् ॥ रक्षारूपेण धर्मार्थोपयोगी करुणो भवेत् । अद्भुतोऽपि मनःप्रीतिप्रदत्वात् कामसाह्यकृत् ॥ ते भयानकबीभत्सहास्याः काव्येषु योजिताः तत्तन्नेतृमनोवृत्तिवशात् प्रायस्त्रिवर्गगाः ॥ इत्यनेन शृङ्गारादीनां यथायोगं त्रिवर्गोपयोगित्वमङ्गीचकार । तन्मतेऽनेकविधत्रिवर्गलक्षणप्रयोजनकरसहेतुत्वं विवक्षितम् । लक्षणानुगतिरपि सुलभैव । यदत्र युक्तं तद् ग्राह्यम् ।

होती है । प्रधान इष्ट के विषय में निर्वाह करने वाला जो कथा का अन्तिम अवयव है वह कार्य होता है । ७ ।

अथ अब मुखसन्धि का निरूपण करते है । अनेक प्रकार के प्रयोजनों से अनुस्यूत शृंगारादि रसों की हेतु जो बीज की समुत्पत्ति है वह मुखसन्धि है । इसके १२ अङ्ग होते हैं जो बीज रूप अर्थ की प्रकृति का आरम्भ रूप अवस्था के साथ समन्वय होने से बनते है । अतः नाटकों में यानी दशरूपकों में बीज और आरम्भ के अनुगुण ही मुखसन्धि के अङ्गों का प्रयोग करना चाहिए । ८ ।

अङ्गानि द्वादशैतस्य बीजारम्भसमन्वयात् ।

बीजारम्भानुगुण्येन मुखसंधेरङ्गानि प्रयोक्तव्यानि ।

उपक्षेपः परिकरः परिन्यासो विलोभनम् ॥ ९ ॥

युक्तिः प्राप्तिः समाधानं विधानं परिभावना ।

उद्भेदभेदकरणान्यन्वर्थानि यथाक्रमम् ॥ १० ॥

यथाक्रममेषां स्वरूपं निरूप्यते—

बीजन्यास उपक्षेपः । बीजस्य बहूकरणं परिकरः । बीजनिष्पत्तिः परिन्यासः । बीजगुणवर्णनं विलोभनम् बीजानुकूलसंघटनप्रयोजनविचारो युक्तिः । बीजसुखागमः प्राप्तिः । बीजसंनिधानं समाधानम् । बीजसुखदुःखहेतुर्विधानम् । बीजविषयाश्चर्यावेशः परिभावना । गूढबीजप्रकाशनमुद्भेदः । बीजानुगुणप्रोत्साहनं भेदः । बीजानुगुणप्रस्तुतकार्यारम्भः कारणण् । एतानि द्वादश मुखसंधेरङ्गानि । एतेषां मध्ये उपक्षेपपरिकरपरिन्यासयुक्त्युद्भेदसमाधानानामावश्यत्वम् ।

अङ्गानामुत्पत्तिमाह—अङ्गानीति ॥ ८ ॥ उद्दिशति—उपक्षेप इति ॥ अन्वर्थानीति ॥ न पृथक् लक्षणापेक्षेति भावः ॥ ९—१०॥

वे बारह अङ्ग क्रम से ये हैं जो यथा नाम तथा गुणाः के अनुसार अन्वर्थक है । उपक्षेप १- परिकर २- परिन्यास ३- विलोभन ४- युक्ति ५- प्राप्ति ६- समाधान ७- विधान ८- परिभावना ९- उद्भेद १०- भेद ११- और करण १२ ।

अब क्रमशः इनके स्वरूपों का लक्षणों का निरूपण करते हैं ।

१-निर्मीयमाण काव्य के इतिवृत्त का बीजरूप से उपन्यास उपक्षेप है । २-उक्त बीज का बहुलीकरण परिकर है । ३-बीज की निष्पत्ति करना परिन्यास है । ४-बीज के गुणों का वर्णन विलोभन है । ५-बीज के अनुकूल नाटक की रचना एवं उसके प्रयोजन का विचार युक्ति है ६-बीज से सुख का आगम प्राप्ति है । ७-बीज का प्रधान नायक के अनुकूलभाव से सम्यक् आधान समाधान है । बीज से होने वाले सुख एवं दुःख का हेतु विधान है । ९ बीज के विषय में आश्चर्य का आवेश परिभावना है । १० गूढ बीज का प्रकाशन उद्भेद हैं । ११ बीज के अनुकूल प्रोत्साहन का नाम भेद है । १२ बीज के अनुगुण रूप से अनुकूल भाव से प्रस्तुत कार्य का आरम्भ करण है । ये मुख संधिके १२ अङ्ग है । इनमें उपक्षेप परिकर परिन्यास युक्ति उद्भेद एवं समाधान का प्रयोग करना आवश्यक है ।९।१०।

अथ प्रतिमुखसंधिः—

लक्ष्यालक्ष्यस्य बीजस्य व्यक्तिः प्रतिमुखं मतम् ।
बिन्दुप्रयत्नानुगमादङ्गान्यस्य त्रयोदश ॥ ११ ॥

बिन्दुप्रयत्नानुगुण्ययेन प्रतिमुखसंधेरङ्गानि प्रयोक्तव्यानि ।

विलासः परिसर्पश्च विधूतं शमनर्मणी ।
नर्मद्युतिः प्रगमनं विरोधः पर्युपासनम् ॥ १२ ॥
वज्रं पुष्पमुपन्यासो वर्णसंहार इत्यपि ।

एषां स्वरूपं निरूप्यते—

संभोगविषयमनोरथो विलासः । दृष्टनष्टपदार्थानुसरणं परिसर्पः । अनिष्टवस्तुविक्षेपो विधूतम् । अरत्युपशमनं शमः । परिहासवचनं नर्म । अनुरागोद्घाटनोत्था प्रीतिर्नर्मद्युतिः । उत्तरोत्तरवाक्यैरनुरागबीजप्रकाशनं

तथापि मन्दबुद्धचनुग्रहार्थमुपक्षेपादीनां क्रमेण लक्षणं प्रतिजानीते—यथाक्रममेषामिति ॥ कण्टकशोधनमङ्गलक्षणानां यथायोगमुदाहरणप्रदेश एव करिष्यामः । मिथः प्रयोगक्रमो न विवक्षित इति वक्ष्यामः । अथ साङ्गं प्रतिमुखसंधिमाह—लक्ष्येति ॥ केनचिदंशेन लक्ष्यत्वमपरेणांशेनालक्ष्यत्वं चेत्यर्थः । प्रत्यङ्कनिबद्धकार्यानुकूलानेकप्रयोजनमध्ये कतिपयनिष्पत्तिर्लक्ष्यत्वं कतिपयानिष्पत्तिरलक्ष्यत्वं चेति मतान्तरम् । तादृशस्य बीजस्य व्यक्तिः प्रकाशनं प्रतिमुखमिति ॥ ११–१२ ॥

अथ अब प्रतिमुख सन्धिका निरूपण करते हैं । मुखसन्धि में उपन्यस्त बीज को जो कहीं पर लक्ष्यरूप से और कहीं पर कुछ अलक्ष्य रूप से व्यक्ति करना है प्रकाशन करना है उसको प्रतिमुख सन्धि मानी है बिन्दु एवं प्रयत्न का अनुगम करने से इसके १३ अंग होते हैं । ११ ।

विन्दु एवं प्रयत्न के अनुगुण प्रतिमुख सन्धि के अङ्गों का प्रयोग करना चाहिए । वे १३ अंग क्रमशः ये हैं—

विलास१, पारिसर्प२, विघूत३, शम४, नर्म५, नर्म द्युति ६; प्रगमन७, विरोध७, पर्युपासन६, वज्र१०, पुष्प११, उपन्यास१२, और वर्णसंहार १३ ।

अथ अब इनके स्वरूपों का लक्षणों का निरूपण करते हैं । संभोग के विषय की इच्छा विलास है १ पहले कुछ दिखाई पड़ा किन्तु फिर अदृश्य हो गया ऐसे पदार्थ का अनुसरण परिसर्प है २ । अनिष्ट वस्तु का विक्षेप दूरतः परिहरण विधूत है ३ ।

प्रगमनम् । छद्मना हितागमननिरोधनं विरोधः । इष्टजनानुनयः पर्युपासनम् । प्रमुखनिष्ठुरवचनं वज्रम् । अनुरागप्रकाशनविशिष्टवचनं पुष्पम् । अनुरागहेतु वाक्यरचना उपन्यासः । चतुर्वर्णनिर्वर्णनं वर्णसंहारः । एतेषां मध्ये परिसर्पप्रगमनवज्रोपन्यासपुष्पाणां प्राधान्यम् ।

अथ गर्भसंधिः—

गर्भस्तु दृष्टनष्टस्य बीजस्यान्वेषणं मुहुः ॥ १३ ॥

अथ साङ्गं गर्भसन्धिमाह—गर्भ इति ॥ प्रतिमुखसन्धौ लक्ष्यालक्ष्यतया दृष्टनष्टस्य बीजस्यापायशङ्कानुवृत्त्या विच्छेदानुवृत्तेर्मुहुर्मुहुः पौनः पुन्येनान्वेषणं

अरति का उपशनम शम है ४ परिहास वचन मज़ाक की बात चीत नर्म हैं ५ । अनुराग के प्रकाशन से उठी हुई प्रीति नर्मद्युति है ग्रन्थ कार का यह लक्षण ठीक नहीं है अतः परिहास से होने वाली द्युति नर्मद्युति है यह लक्षण ठीक है ६ । उत्तरोत्तर वाक्यों से एक के वाद एक वाक्यों से अनुराग बीज का उद्घाटन प्रकाशन प्रगमन है यह लक्षण भी गड़बड़ है रूपक दश प्रकार के हैं उनमें सब में शृङ्गार ही तो नही कहता है अन्य रस भी होते है । अन्य रसों से अनुराग की स्थिति कमजोर है अतः परस्पर के उत्तरोत्तर वाक्यों से बीज का प्रकाशन प्रगमन है । यह लक्षण ठीक है । । ७ । किसी बहाने से हितागमन का निरोध विरोध है । ८ अपने इष्ट जन का अनुनय पर्युपासना है ९ मुख के सामने यानी प्रत्यक्ष में निष्ठुर वाक्य बोलना वज्र है । १० । अनुराग प्रकाशन करने वाले विशिष्ट वाक्य पुष्प है । ११ । अनुराग के हेतु अनुराग के जनक वाक्यों की रचना उपन्यास है । १२ । चारों वर्णों का निःशेष वर्णन वर्णसंहार है । १३ । इन अंगो में परिसर्प प्रगमन वज्र उपन्यास एवं पुष्प की की प्रधानता है । अतः इनका दशरूप कों में प्रयोग करना आवश्यक है, औरों का सामयिक प्रयोग है ।

प्रतिमुख सन्धि में निर्दिष्ट होने पर भी पहले कुछ दिखाई पड़ा किन्तु किसी कारण वश कुछ तिरोहित हो गया ऐसे बीज का जो बार बार अन्वेषण करना है वह गर्भसन्धि है । पताका रूप अर्थप्रकृति के साथ प्राप्त्याशारूप अवस्था के सम्बन्ध से या आनुगुण्य से इसमें अंगों की कल्पना करनी चाहिए । तथा प्रयोग भी इन्ही के आनुगुण्य से करना चाहिए । १३ ।

पताकाप्राप्त्याशानुगुण्येन गर्भसंधेरङ्गानि प्रयोक्तव्यानि ।

अभूताहरणं मार्गो रूपोदाहरणक्रमाः ।। १४ ।।
संग्रहश्चानुमानं च तोटकाधिबले तथा ।
उद्वेगसंभ्रमाक्षेपा द्वादशाङ्गान्यनुक्रमात् ।।१५।।

अस्याप्त्याशापताकानुगुण्येनाङ्गोपकल्पनम् ।

एषां स्वरूपं निरूप्यते—

प्रस्तुतोपयोगिच्छद्माचरणमभूताहरणम् । तत्त्वार्थानुकीर्तनं मार्गः । वितर्कप्रतिपादनवाक्यं रूपम् । प्रस्तुतोत्कर्षाभिधानमुदाहृतिः । संचिन्तितार्थप्राप्तिः क्रमः । प्रस्तुतोपयोगिसामदानवचनं संग्रहः । लिङ्गादभ्यूहनमनु-

---

गर्भसंधिरिति । अत्र पताकाया वैकल्पिकत्वात् तदभावपक्षेऽपि प्राप्त्याशा नियतैव । पताकास्थाने तु बीजविन्द्वोरन्यतरस्य निवेश इत्यनुपदमेवोक्तम् ।। १३—१५ ।।

वे उपकल्पित १२ अंग ये हैं क्रमशः इनको कहते है अभूताहरण १ मार्ग २ रूप ३ उदाहरण ४ क्रम ५ संग्रह ६ अनुमान ७ तोटक ८ अधिबल ९ उद्वेग १० सम्भ्रम ११ एवं आक्षेप १२ ।

अथ अब इनके स्वरूप को लक्षण को कहते हैं । प्रस्तुत कार्य के उपयोगी यानी आरम्भ किये हुए कार्य को सिद्ध करने के लिए छद्म को किसी बहाने को करना अभूताहरण हैं १ । तत्त्वभूत पदार्थ का अनुकीर्तन मार्ग है २ । वितर्क का प्रतिपादन कारी वाक्य रूप हैं ३ । प्रस्तुत के उत्कर्ष का अभिधान उदाहरण है ४ । सञ्चित सम्यक् रूप से विचारित अर्थ की प्राप्ति क्रम है ५ । प्रस्तुत के साधक साम माने सात्वनामय एवं दानप्रधान वाक्य संग्रह है ६ । लिङ्ग से चिन्ह विशेष के द्वारा किसी हेतु से अभ्यूहन करना समझना अनुमान है ७ । रोष एवं संभ्रम युक्त वाक्य तोटक है । यहां सम्भ्रम का अर्थ संवेग है एवं त्वरा है । आदर नही है । और साध्वस भय भी नही है । संभ्रम; साध्वसेऽपि स्यात्संवेगादरयोरपि यह हैम कोष है या वाचस्पति का है । अमर की टीका में यह वचन मात्र उद्धृत है किसका यह हैं ऐसा नही लिखा है । रामार्थं सम्भ्रमस्तादृक् किमग्निर्न करिष्यति इस सुन्दरकाण्डीय वाक्य में संभ्रमः का अर्थ आदर है । वस्तुतस्तु रोष मय वाक्य तोटक है यहां संभ्रम पाठ उचित नही है क्यों कि संभ्रम तो स्वयं एक अलग अंग है । ८ ।

मानम् रोषसंभ्रमवचनं तोटकम् । इष्टजनातिसन्धानमधिबलम् । अपकारिजनात् भयमुद्वेगः । शङ्कात्रासौ च संभ्रमः । इष्टार्थोपायानुसरणमाक्षेपः । एतेषां मध्येऽभूताहरणमार्गतोटकाधिबलाक्षेपाणां प्राधान्यम् ।

अथ विमर्शसंधिः—

गर्भसंधौ प्रसिद्धस्य बीजार्थस्यावमर्शनम् ।
हेतुना येन केनापि विमर्शः संधिरिष्यते ।। १६ ।।
नियताप्तिप्रकर्युक्तेरङ्गान्यत्र त्रयोदश ।

नियताप्तिप्रकर्यानुगुण्येन विमर्शसंधेरङ्गानि प्रयोक्तव्यानि ।

तत्रापवादः संफेटो विद्रवद्रवशक्तयः ।। १७ ।।
द्युतिः प्रसङ्गश्छलनं व्यवसायो निरोधनम् ।
प्ररोचनं विचलनमादानं तु त्रयोदश ।।१८।।

अथ सङ्गं विमर्भसंधिमाह—गर्भसंधाविति ।। येन केनापि हेतुना क्रोधव्यसनादिनार्थस्यावमर्शनं पर्यालोचनम् । क्रोधव्यसनादिजन्यो गर्भनिर्भिन्नबीजार्थसंबन्धः फलप्राप्त्यवसायात्मको विचारनिर्णयो विमर्श इत्यर्थः । तदुक्तम्—'गर्भनिर्भिन्नबीजर्थसंबन्धो व्यसनादिजः । विचारनिर्णयो यस्तु स विमर्श इति स्मृतः ।।' इति ।। १६—१८ ।।

इष्टजन का अतिसन्धान वञ्चना (ठगना) अधिबल है ८ । अपकारी जन से होने वाला भय उद्वेग है ९ । शंका और त्रास सम्भ्रम है ।१०। इष्ट अर्थ के उपयोगी उपाय का अनुसरण आक्षेप है । ११ ।

इन अंगों में अभूताहरण मार्ग तोटक अधिबल एवं आक्षेप का प्राधान्य है । १४ । १५ ।

अथ अब विमर्श या अवमर्श सन्धि का निरूपण करते हैं । गर्भ सन्धि में प्रसिद्ध यात्री विकसित बीजरूप अर्थ का जिस किसी हेतु से यानी क्रोध से या व्यसन वगैरह किसी कारण से अवमर्शन पर्यालोचन विमर्श सन्धि है । इसमें नियताप्ति एवं प्रकरी की युक्ति से १३ अङ्ग होते हैं ।

नियताप्ति एवं प्रकरी के योग से दशरूपकों में विमर्श सन्धि के अंगों का प्रयोग करना चहिए । १६ ।

इसमें अपवाद १ संफेट २ विद्रव ३ द्रव ४ शक्ति ५ द्युति ६ प्रसङ्ग ७ छलन ८ व्यवसाय ९ निरोधन १० प्ररोचन ११ विचलन १२ एवं आदान १३ ये ३ अंग है ।

एतेषां स्वरूपं निरुप्यते—

दोषप्रख्यापनमपवादः। रोषसंभाषणं संफेटः। बधबन्धादिकं विद्रवः। गुरुतिरस्कृतिर्द्रवः। विरोधशमनं शक्तिः। तर्जनोद्वेजने द्युतिः गुरुकीर्तनं प्रसङ्गः। अपमानं छलनन्। स्वशक्तिप्रशंसनं व्यवसायः। क्रोधसंरब्धानामन्योन्यविक्षेपो निरोधन्। सिद्धवद्भाविश्रेयःकथनं प्ररोचनम्। स्वगुणाविष्करणं विचलनम्। कार्यसंग्रह आदानम्। तत्रैतेषामपवादशक्तिव्यवसायप्ररोचनादानानि प्रधानानि।

अथ निर्वहणसंधिः—

बीजादयो मुखाद्येषु विप्रकीर्णा यथायथम्
ऐकार्थ्यमुपनीयन्ते यत्र निर्वहणं तत्॥ १९॥

अथ सङ्गं निर्वहणसंधिमाह—बीजवन्त (?) आदयः॥ इति॥ संसर्गे मतुप्? बीजयुक्ता इत्यर्थः? यथायथं यथास्वं विप्रकीर्णा निजस्थानेषूपन्यस्ता इत्यर्थः। एको मुख्योऽर्थः प्रयोजनं येषां तेषां भावस्तत्त्वम्। यत्र बीजयुक्ता मुखसंध्याद्यर्थाः परमप्रयोजनसबन्धं लभन्ते स निर्वहणसंधिरित्यर्थः। अत्रोपक्षेपादिषु यत्र क्वचन कार्यकारणभावसद्भावस्तत्रैव क्रमोऽङ्गीकर्तव्यो न त्वन्यत्र। वस्तुस्वरूपविचारे क्रमाङ्गीकारे कारणाभावाल्लक्ष्येषु व्युत्क्रमदर्शनाच्च। तदुक्तम्—'वस्तुनेतृरसानीनामानुगुण्येन

अथ अब इनके स्वरूप को लक्षण को कहते हैं। दोषों का प्रख्यापन प्रसिद्ध करना अपवाद है १। क्रोधमय भाषण बात चीत करना संफेट है २। मार काट एवं बन्धन वगैरह करना विद्रव है ३। अपने गुरुजनों का माता पिता नाना नानी एवं अध्यापक वगैरह का तिरस्कार वह जिसमें होना द्रव नामक अंग है ४। जिसमें विरोध का शमन होता है वह शक्ति हैं ५। तर्जन एवं उद्वेजन द्युति है ६। गुरुओं का कीर्तन प्रसङ्ग है ७। उनका अवमानन छलन हैं ८। अपनी शक्ति की प्रशंसा व्यवसाय है ९। क्रोध के वेग से (यहां संरम्भ शब्द का अर्थ वेग है अतः संरब्ध माने क्रोध के वेग से आकुलपात्रों का परस्पर में अधिक्षेप गालिप्रदान निरोधन है १०। सिद्ध है निश्चित है ऐसा तुम्हारा होगा इस तरह भविष्य का कथन प्ररोचन है ११ अपने गुणों का आविष्करण प्रकटन विचलन है १२। कार्यो का कर्त्तव्यों का संग्रह आदान है १३। १६।१७। इनमें अपवाद शक्ति व्यवसाय प्ररोचन एवं आदान प्रधान हैं।

अथ अब निर्वहण सन्धि को कहते है। यहां बीजवन्तो मुखाद्यर्थाः यह पाठ नितान्त गड़बड़ है। क्यों कि बीज विन्दु पताकाख्य प्रकरी कार्य लक्षणाः, अर्थप्रकृतयः पञ्च। इस तरह बीजादि पांच अर्थप्रकृतियां बतलाई हैं। और अवस्थाः पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः। आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमाः।

फलाप्तिकार्यानुगुण्यादङ्गान्यस्य चतुर्दश ।

फलाप्तिकार्यानुगुण्येन निर्वहणसंधेरङ्गानि चतुर्दश प्रतिपादनीयानि ।

संधिर्विरोधो ग्रथनं निर्णयः परिभाषणम् ॥ २० ॥
प्रसादानन्दसमयाः कृत्याभाषोपगूहनम् ।
पूर्वभावोपसंहारौ प्रशस्तिश्च चतुर्दश ॥ २१ ॥

तेषां स्वरूपं निरूप्यते—

बीजोपशमनं संधिः । कार्यमार्गणं विरोधः । कार्योपक्षेपणं ग्रथनम् । बीजानुगुणकार्यप्रख्यापनं निर्णयः । मिथोजल्पनं परिभाषा । पर्युपासनं प्रसादः । वाञ्छितार्थप्राप्तिरानन्दः । दुःखप्रसमनं समयः । लब्धस्थिरीकरणं कृतिः । प्राप्तकार्यानुमोदनमाभाषणम् । अद्भुतार्थप्राप्तिरुपगूहनेमे । इष्टकार्यदर्शनं प्रशस्तिः ।

योजयेत् । विवक्षितोऽत्र नाङ्गानां क्रम इत्येव निर्णयः ॥' इति । न च तेषां प्रधानवस्तुसंबन्ध एव निबन्धनीय इति वाच्यम् । अन्यथापि दोषाभावात् । तदुक्तं नाटकप्रकाशे—'उपक्षेपादयः प्रबन्धेष्वाधिकारिका वा प्रासङ्गिका वा प्रयोक्तव्याः, यथा संदर्भस्य शोभायै भवन्ति' इति ॥ १९—२१ ॥

इस तरह आरम्भादि पांच अवस्थाएं बतलाई हैं । ये पांच अर्थ प्रकृतियां जब पांच अवस्थाओं से समन्वित होती है तब मुखादि पांच सन्धियां बनाती है । ऐसा जब रूपकों के विषय में सिद्धान्त है तब यह कहना चाहिए कि जो बीजादि चार अर्थ मुखादि चार सन्धियों में यथायथ माने अपने अपने स्वभाव से विप्रकीर्ण हैं फैले हुए हैं वे जहां एकार्थता को समान प्रयोजनता को प्राप्त कर दिये जाते हैं यानी समान प्रयोजन वाले बनाये जाते हैं वह निर्वहण सन्धि है । अतः "बीजाद्यर्थाः मुखाद्ये य हि ऐसा पाठ होना चाहिए । बीजवन्तो मुखाद्यर्थाः ऐसा पाठ मानने में उसका अर्थ होगा ।

बीजवाले मुखादि अर्थ । इसमें मुखादि सन्धियों को अर्थ कहा जाता है और वे अर्थ भी बीजवाले हैं । यह क्या अबोध बालकों की कहानी है जहां जो जैसा चाहे कह दिया जाय ।

इसी प्रसङ्ग में यह भी बतला देना आवश्यक है कि साहित्य दर्पण में जो एकार्थम् पाठ है वह भी गड़बड है उक्त पाठ तो वहां का गड़बड़ हैं ही ।

इसमें फलाप्ति एवं कार्य के समन्वय से १४ सन्धिया होती है । जिनका प्रयोग नाटिकादि में किया जाना चाहिए । १९ ।

वे अङ्ग ये हैं— सन्धि १ विबोध २ ग्रथन ३ निर्णय ४ परिभाषण ५ प्रसाद ६ आनन्द ७ ससय ८ कृति ९ आमाष १० उपगूहन ११ पूर्वभाध १२ उपसंसार १३ और प्रशस्ति १४ अथ अब इनके स्वरूप को लक्षण कहते हैं ।२०।२१

बीज रूप अर्थ का उपगमन स्वीकार करना सन्धि है १। कार्य का मार्गण खोजना विबोध है २। कार्य का उपक्षेपण ग्रथन है ३। बीज के अनुगुण कार्य का प्रख्यापन प्रकृष्ट कथन निर्णय हैं ४। आपस में बातचीत करना परिभाषा है ५। पर्युपासन प्रसाद है ६। वाञ्छित अर्थ की प्राप्ति आनन्द है ७। दुःख का प्रशमन समय है ८। लब्ध अर्थ का स्थिरीकरण कृति है ९। प्राप्त कार्य का अनुमोदन आभाषण है १०। अद्भुत की प्राप्ति उपगूहन है ११। अभीष्ट कार्य का दर्शन प्रतीत होना पूर्वभाव हैं १२। इष्ट वर की प्राप्ति उपसंहार है १३। शुभाशंसन प्रशस्ति है। १४।

इनमें संधि निर्णय आनन्द पूर्वभाव वराप्ति एवं प्रशस्ति का प्राधान्य है।

ग्रन्थकार दशरूपककार का पदानुसरण करते हुए भी पूर्ण रूप से सिद्धान्त का अनुगमन नहीं करते हैं अतः दशरूपककार के सिद्धान्त का विशदीकरण करना आवश्यक है। वह यह है कि ग्रन्थकार ने नाट्य रसाश्रय है अर्थात् रस को आधार मान कर नाट्य की प्रवृत्ति होती है ऐसा कहा है ये दशरूपक के अक्षर है। किन्तु दशरूपक में यह जो लिखा है कि धीरोदात्तादि नायकों की अवस्था का अनुकरण यहां किया जाता है अतः इसे नाट्य कहते है। मुख में जैसे चन्द्र का आरोप करते हैं। उसी तरह रामादि की अवस्था का अनुकरण करने वाले नट में रामादि का आरोप किया जाता है अतः इसे रूपक कहते हैं और वही अनुकरण सामाजिकजनों से दृश्य होता है अतः उसे रूप कहते हैं। रस वाक्यव्यङ्ग्य हैं अतः इसमें वाक्यार्थ का अभिनय होता है।

इनको ग्रन्थकार ने छोड़ दिया हैं। फिर भाव विशेष के सहारे किया जाने वाला अभिनय नृत्य है जिसमें भावरूप पदार्थ का ही (न कि वाक्यार्थ का) अभिनय किया जाता है। इसी पदार्थाभिनय नृत्य को मार्ग भी कहते है।

नाट्य में वाक्यार्थ का अभिनय होता है अतः इसमें सात्त्विक आङ्गिक वाचिक एवं आहार्यिक चतुर्विध अभिनय होता है। यहां सत्त्व का अर्थ है दूसरे की सुखमयी एवं दुःखमयी भावनाओं से भावित अन्तःकरण से युक्त जीवत् शरीर। उसमें होने वाले स्तम्भ स्वेदादि भावों को सात्विक भाव कहते हैं। आङ्गिक अभिनय उसे कहते हैं जो व्यापार वाणीरूप कर्मेन्द्रिय से अतिरिक्त चार कर्मेन्द्रियों हस्त पाद पायु एवं उपस्थ से किये जाते है। वाचिक अभिनय उसे कहते जो केवल वाणी रूप कर्मेन्द्रिय से किये जाते है। आहार्य कृत्रिम वेष भूषादि का धारण करना आहार्यिक अभिनय है।

नृत्य में आङ्गिक अभिनयों की प्रधानता है अतः उनका बाहुल्य इसमें होता है। इस लिए रसोपयोगी चतुर्विध अभिनयों से सम्पन्न होने वाला नाटक रूप या

रूपक है और भाव विषयक आङ्गिक अभिनय से सम्पन्न होने वाला नृत्य है जिसको मार्ग भी कहते हैं।

ताल और लय के आश्रित नृत्त होता है। उनमें ताल उसे कहते है जो गीतादिकों के परिमाण को परिच्छिन्न करता है अतः वह काल विशेष है। अर्थात् इतने समय तक इस राग या रागिनी वाले गीत को गाना चाहिए। इस तरह समय विशेष ही चञ्चत्प्रणाली ताल है। और इसी ताल के बीच का जो काल है उसे लय कहते हैं क्योंकि ताल जितने समय में गाया जाता है उतने समय के भीतर में ही उसका लयन माने समापन हो जाता है इसलिए लीन होने से इसे लय कहा जाता है। इसी लय को देशी कहते हैं।

ये दोनों नाटकादि दशरूपकों के उपकारी होते हैं इनके भी मधुर और उद्धत के रूप में दो भेद होते है। मधुर को लास्य कहते हैं उद्धत को ताण्डव कहते हैं।

इन रूपकों की जो दश संख्या कही जाती है उसका मतलब है कि ये दशों रूपक भिन्न भिन्न हैं। इनकी भिन्नता का भेद का प्रथम हेतु वस्तु है। रस और नेता भी भेद के हेतु हैं किन्तु इनमें प्रथम हेतु वस्तु ही है। वह वस्तु प्रधान एवं अप्रधान भेद से दो प्रकार का है। उनमें प्रधानीभूत वस्तु आधिकारिक है और अप्रधानीभूत वस्तु प्रासङ्गिक है। इनमें भी प्रासङ्गिक पताका एवं प्रकरी भेद से दो प्रकार का है। ये तीनों आधिकारिक पताका एवं प्रकरी भी प्रख्यात इतिहासादि में प्रसिद्ध उत्पाद्य कविकल्पित एवं मिश्र यानी प्रसिद्ध एवं उत्पाद्य दोनों का मिलान।

इस सब के विशदीकरण के लिए एक चित्र है।

(१) नाट्य रूप या रूपक

(२) नाट्योपयोगी

नृत्य या मार्ग— | नृत्त या देशी

मधुर या लास्य | उद्धत या ताण्डव

इसका फलितार्थ या विशकलितार्थ

मधुर नृत्य	या	लास्य नृत्य
उद्धत नृत्य	या	ताण्डव नृत्य
मधुर नृत्त	या	लास्य नृत्त
उद्धत नृत्त	या	ताण्डव नृत्त

(३) वस्तु

आधिकारिक एवं प्रासङ्गिक

प्रासङ्गिक के दो भेद

पताका प्रकरी

इन दोनों के तीन भेद—

प्रख्यात — उत्पाद्य — मिश्र

(४) आधिकारिक वस्तु

(१) प्रख्यात आधिकारिक वस्तु

(२) उत्पाद्य आधिकारिक वस्तु

(३) मिश्र आधिकारिक वस्तु

प्रासङ्गिक वस्तु—प्रख्यात पताका प्रासङ्गिक वस्तु
उत्पाद्य पताका प्रासङ्‌गिक वस्तु
मिश्र पताका प्रासङ्‌गिक वस्तु
प्रख्यात प्रकरी प्रासङ्‌गिक वस्तु
उत्पाद्य प्रकरी प्रासङ्‌गिक वस्तु
मिश्र प्रकरी प्रासङ्‌गिक वस्तु

(५) पताका स्थानकम्

भाविनः प्राकरणिकस्य अप्रस्तुततुल्यसंविधानतया (समेतिवृत्ततया) अन्योक्त्या सूचकम् ।

भाविनः प्राकरणिकस्य अप्रस्तुततुल्यविशेषणतया समासोक्त्या सूचकम् ।

पताका स्थानक ऐसा होता है

प्रस्तुत प्राकरणिकवृत्तान्त भूत भवद् एवं भावी भेद से तीन प्रकार का होता है। उसमें से भावी प्रस्तुत प्राकरणिक वृत्तान्त का अप्रस्तुत वृत्तान्त के समान इतिवृत्त होने से अन्योक्ति के द्वारा सूचना करने वाला प्रथम पताका स्थानक होता है। और भावी प्रस्तुत प्राकरणिक वृत्तान्त का अप्रस्तुत वृत्तान्त के समान विशेषण होने से समासोक्ति के द्वारा सूचन करने वाला द्वितीय पताका स्थानक होता है। भूत और भवद् (वर्त्तमान) के सूचित करने की जरूरत नही होती है यह होने वाला है यह होगा ऐसी सूचना भविष्य वृत्तान्त की ही की जाती है अतः प्रकृत में भावी प्रस्तुत वृत्तान्त कहना ही उचित हैं।

अतः दशरूपक का मुद्रित प्रस्तुतागन्तुभावस्य वस्तुनोऽन्योक्तिसूचकम् यह पाठ महान् अशुद्ध है अतः यहां पर प्रस्तुतागन्तुभावस्यान्यसमासोक्तिसूचकम् ऐसा पाठ होना चाहिए।

यह वस्तु या वृत्तान्त किसी दिव्य नायक का होता है या दिव्यादिव्य नायक का होता है या मर्त्य नायक का होता है अतः फिर यह तीन प्रकार का होता है। यद्यपि ग्रन्थकार ने इन तीन प्रकारों का निरूपण नही किया है किन्तु जिसका पक्षानुसरण करके ग्रन्थकार अपने ग्रन्थ का ग्रन्थन करते है उसने (दिव्यमर्त्यादिभेदतः) दिव्य मर्त्य एव आदि पद ग्राह्य दिव्यादिव्य भेद से पुनः यह तीन प्रकार का होता है ऐसा लिखा है अतः इन भेदों का भी एक चित्र हम बना देते हैं और यहां ग्रन्थ में लिख देते हैं।

(६) दिव्य मर्त्य एवं दिव्य मर्त्य (दिव्यादिव्य) आधिकारिक वस्तु

१—दिव्य प्रख्यात आधिकारिक वस्तु

२—मर्त्य प्रख्यात आधिकारिक वस्तु

३—दिव्य मर्त्य (दिव्यादिव्य) प्रख्यात आधिकारिक वस्तु

४—दिव्य उत्पाद्य आधिकारिक वस्तु

५—मर्त्य उत्पाद्य आधिकारिक वस्तु

६—दिव्यादिव्य उत्पाद्य आधिकारिक वस्तु

७—दिव्य मिश्र आधिकारिक वस्तु

८—मर्त्य मिश्र आधिकारिक वस्तु

९—दिव्यादिव्य मिश्र आधिकारिक वस्तु

प्रासङ्गिक वस्तु—

१०—दिव्य प्रख्यात पताका प्रासङ्गिक वस्तु

११—मर्त्य प्रख्यात पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१२—दिव्यादिव्य प्रख्यात पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१३—दिव्य उत्पाद्य पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१४—मर्त्य उत्पाद्य पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१५—दिव्यादिव्य उत्पाद्य पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१६—दिव्य मिश्र पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१७—मर्त्य मिश्र पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१८—दिव्यादिव्य मिश्र पताका प्रासङ्गिक वस्तु

१९—दिव्य प्रख्यात प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२०—मर्त्यप्रख्यात प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२१—दिव्यादिव्य प्रख्यात प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२२—दिव्य उत्पाद्य प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२३—मर्त्य उत्पाद्य प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२४—दिव्यादिव्य उत्पाद्य प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२५—दिव्य मिश्र प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२६—मर्त्य मिश्र प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु

२७—दिव्यादिव्य मिश्र प्रकरी प्रासङ्गिक वस्तु ।

(७) सन्धियाँ पाँच

नाट्य शास्त्र—	दशरूपक—	सा० दर्पण—	प्रताप रुद्रीय
(१) मुख	(१) मुख	(१) मुख	(१) मुख
(२) प्रति मुख	(२) प्रति मुख	(२) प्रति मुख	(२) प्रतिमुख
(३) गर्भ	(३) गर्भ	(३) गर्भ	(३) गर्भ
(४) विमर्श	(४) अवमर्श	(४) विमर्श	(४) अवमर्श
(५) निर्वहण उपसंहार	(५) उपसंहृति निर्वहण	(५) उपसंहार निर्वहण	(५) निर्वहण

(८) मुख सन्धि के १२ भेद

नाट्यशास्त्र —	दशरूपक —	साहित्य दर्पण —	प्रताप रुद्रीय
(१) उपक्षेप	उपक्षेप	उपक्षेप	उपक्षेप
(२) परिकर	परिकर परिक्रिया	परिकर	परिकर
(३) परिन्यास	परिन्यास	परिन्यास	परिन्यास
(४) विलोभन	विलोभन	विलोभन	विलोभन
(५) युक्ति	युक्ति	युक्ति	युक्ति
(६) प्राप्ति	प्राप्ति	प्राप्ति	प्राप्ति

(७) समाधान	समाधान	समाधान	समाधान
(८) विधान	विधान	विधान	विधान
(९) परिभावना	परिभावना (परिभाव)	परिभावना	परिभावना
(१०) उद्भेद	उद्भेद	उद्भेद	उद्भेद
(११) करण	भेद (करण)	करण	भेद
(१२) भेद	करण (भेद)	भेद	करण

यहां विचार यह है कि दशरूपककार ने सन्धि के भेदों के संग्रह का बोध कराने वाली कारिका में तो उद्भेद भेद एवं करण का इसी उक्त क्रम से उल्लेख किया और इनकी व्याख्या करने के प्रसङ्ग में उस उक्त क्रम को तोड़ कर करण का पहले और भेद का बाद में निरूपण किया। किन्तु भेद का जो लक्षण या स्वरूप बतलाया वह नांटकीय विषय का समन्वयकारी नही है। क्योंकि करण के स्वरूप को या लक्षण को सभी ने करण प्रकृत का आरम्भ है ऐसा लिखा है। दशरूपककार ने भी यही लिखा है। किन्तु भेद के लक्षण को भरत एवं विश्वनाथ से भिन्न लिखा। इन लोगों ने भेदः संहत भेदनम् लिखा है द० कार ने भेदः प्रोत्साहना मता लिखा है जो कि गड़बड़ है। क्योंकि आरम्भ के अर्थ हैं किसी कार्य के विषय में उत्सुकता हो जाना या करना। जब कार्य के सम्पादन करने के विषय में जो भी उत्सुक होगा वह अपने सहयोगियों को सहकर्मियों को एवं तदुपयोगी वस्तु तत्वों को जुटायेगा उस के वाद कार्य करने की प्रणाली का निर्धारण करके उसके करने में उद्यत होगा और अपना मार्ग या व्यवस्था करेगा ऐसी हालत में उन सहयोगियों का अपने अपने कार्य में संलग्न होने के लिए स्वस्वरूप में एक दूसरे से पृथक् होना ही पड़ेगा। अतः संहतों में एकत्रित होने वालों में अपने अपने कार्य के लिए भेद होगा ही। फलतः यही नाट्य शास्त्रीय लक्षण ठीक है। द० कार का प्रोत्साहनरूप लक्षण आरम्भ करने वालों की पूर्व स्थिति के उपयोगी हो सकता है आरम्भ अरने के बाद में वे ही स्वयं लगन के साथ कार्य करते हैं। इसी प्रसङ्ग में इसी विषय पर दशरूपक कार ने लिखा है कि सर्वत्र इह चोद्देश प्रतिनिर्देश वैषम्यं क्रियाक्रमस्य अविवक्षितत्वात्। यहां सन्धियों की क्रियाओं में कर्त्तव्यों में क्रम की विवक्षा नही है। कौन क्रिया पहले करने की है कौन बाद में ऐसी परम्परा की आवश्यकता नही है अतः उद्देश एवं प्रतिनिर्देश में वैषम्य हो गया है। अतः करण भेद के पूर्वापर कथन विपर्यय में दोष नही है। यह बतलाना जरुरी है कि उद्देश एवं प्रतिनिर्देश ऐसा पाठ यहां है और काव्यप्रकाश में भग्नप्रक्रमता के प्रसङ्ग में उद्देश्य एवं प्रतिनिर्देश्य ऐसा यकार घटित पाठ है

उसका अर्थ टीकाकारों ने किया है कि जिसको एक वार कह दिया है उसको पुनः कहना जहां होता है वहां एक पद का दुबारा प्रयोग किया जाता है। अतः उद्देश्य एक पद का पूर्व कथन रूप है और प्रतिनिर्देश्य उसी पद का पुनः कथन रूप है। इस व्याख्या के आधार पर तो यकार रहित ही पाठ उचित है और तद्घटित पाठ अनुचित है।

प्रतिमुख सन्धि के १३ अंङ्ग

नाट्यशास्त्र—	साहित्य दर्पण—	दशरूपक—	प्रतापरुद्रीय
(१) विलास	विलास	विलास	विलास
(२) परिसर्प	परिसर्प	परिसर्प	परिसर्प
(३) विधूत	विधुत	विधूत	विधूत
(४) तापन	तापन	शम	शम
(५) नर्म	नर्म	नर्म	शम
(६) नर्मद्युति	नर्मद्युति	नर्मद्युति	नर्मद्युति
(७) प्रगयण	प्रगमन	प्रगमन	प्रगमन (प्रगयण)
(८) निरोध	विरोध	निरोध	विरोध
(९) पर्युपासन	पर्युपासन	पर्युपास्ति (पर्युपासन)	पर्युपासन
(१०) पुष्प	पुष्प	पुष्प	पुष्प
(११) वज्र	वज्र	वज्र	वज्र
(१२) उपन्यास	उपन्यास	उपन्यास	उपन्यास
(१३) वर्णसंहार	वर्णसंहार	वर्णसंहार	वर्णसंहार

विधूत को सा. द. कारने विधुत लिखा हैं। धुञ् और धूञ् दोनों प्रकार की धातुएँ हैं अतः दोनों रूप होते हैं। यहां नाट्यशास्त्र और सा. द. में इसका लक्षण समान है। किन्तु दशरूपक में इसका लक्षण अरति लिखा है और प्रतापरुद्रीय में अनिष्टवस्तु निक्षेप लिखा हैं। इसके वाद ना. शा. एवं सा. द. में तापन लिखा है। अन्य दोनों में इसकी जगह में शम लिखा है। इन सब में अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग है। इसी तरह निरोध एवं विरोध का भी हाल है। तथा दो में पुष्प वज्र उपन्यास है दशरूपक में पुष्प उपन्यास और वज्र है। प्र. रु. में वज्र पुष्प एवं उपन्यास है। इस तरह विभिन्नता भी है। और नाटको के उदाहरणों से अपनी अपनी पोथियों में समन्वय दिखाया है।

गर्भ सन्धि के १३ अङ्ग या १२ अंग

नाट्यशास्त्र	साहित्यदर्पण	दशरूपक	प्रतापरुद्रीय
(१) अमूताहरण	अभूताहरण	अभूताहरण	अभूताहरण
(२) मार्ग	मार्ग	मार्ग	मार्ग
(३) रूप	रूप	रूप	रूप
(४) उदाहरण	उदाहरण	उदाहरण	उदाहरण
(५) क्रम	क्रम	क्रम	क्रम
(६) संग्रह	संग्रह	संग्रह	संग्रह
(७) अनुमान	अनुमान	अनुमान (अनुमा)	अनुमान
(८) प्रार्थना	प्रार्थना	प्रार्थना	प्रार्थना
(९) आक्षिप्ति	क्षिप्ति	तोटक	अधिबल (आक्षिप्त)
(१०) तोटक	तोटक	उद्वेग	उद्वेग
(११) अधिबल	अधिबल	संभ्रम	संभ्रम
(१२) उद्वेग	उद्वेग	आक्षेप	आक्षेप
(१३) विद्रव	विद्रव		

यहां इन सन्धियों के पूर्वापर में बड़ा भेद है। भिन्नता होने पर भी नाटकीय विषयों का समन्वय सभी ने अपनी २ दृष्टि से किया है। जिसको नाट्यशास्त्र और साहित्य दर्पण में उद्वेग कहा है। उसी को दशरूप एवं प्रतापरुद्रीय में संभ्रम शब्द से कहा है। नाट्यशास्त्र और सा. द. में प्रार्थना नामक अङ्ग अधिक माना इस लिये इनके मत में इस सन्धि के १३ अंग है अतः एक बढ़ा है बाकी इनमें १२ हैं। अतः एक घटा है।

अवमर्श या विमर्श सन्धि में १३

	नाट्यशास्त्र	साहित्यदर्पण	दशरूपक	प्रतापरुद्रीय
१	अपवाद	अपवाद	अपवाद	अपवाद
२	संफेट	संफेट	संफेट	संफेट
३	विद्रव	व्यवसाय	विद्रव	विद्रव (द्रवः)
४	शक्ति	द्रव	द्रव	द्रव
५	व्यवसाय	द्युति	शक्ति	शक्ति

६ प्रसङ्ग	शक्ति	द्युति	द्युति
७ द्युति	प्रसङ्ग	प्रसङ्ग	प्रसङ्ग
८ खेद	खेद	छलन	चलन
९ निषेधन	विरोधन	व्यवसाय	व्यवसाय
१० विरोधन	विरोधन	विरोधक	विरोधन
११ आदान	प्ररोचन	प्ररोचना	प्ररोचन
१२ छादन	आदान	विचलन	विचलन
१३ प्ररोचन	छादन	आदान	आदान

यहां पर भी वही गड़बड़ी है दशरूपक एवं प्रतापरुद्रीय में खेद एवं प्रतिषेध या निषेधन अङ्ग नही है। नाट्यशास्त्र सा. द. मे छादन है अन्यत्र दश प्रता में ये दोनों अर्थ से एक है शब्द से भिन्न है। दश एव प्रता में विचलन है अन्यत्र ना. में नहीं है। विद्रव और द्रव दो माने हैं किन्तु नाट्य में विद्रव और द्रव को एक ही माना है सा० में केवल द्रव ही है। इस तरह विभिन्नता में भी अपनी अपनी दृष्टि से नाटकीय विषयों में समन्वय तो दिखाया ही गया है। जो कि विचित्र ही है। वस्तुतः संभव नही है।

निर्वहण उपसंहार या संहार सन्धि में १४

नाट्यशास्त्र	साहित्यदर्पण	दशरूपक	प्रतापरुद्रीय
१ सन्धि	सन्धि	सन्धि	सन्धि
२ निरोध	विरोध	विरोध	विरोध
३ ग्रथन	निरोध	ग्रथन	ग्रथन
४ निर्णय	निर्णय	निर्णय	निर्णय
५ परिभाषण	परिमाषण	परिभाषण	परिभाषण
६ द्युति	कृति	प्रसाद	प्रसाद
७ प्रसाद	प्रसाद	आनन्द	आनन्द
८ आनन्द	आनन्द	समय	समय
९ समय	समय	कृति	कृति
१० उपगूहन	उपगूहन	भाषा	आभाषा
११ भाषण	भाषण	उपगूहन	उपगूहन
१२ पूर्ववाक्य	पूर्ववाक्य	पूर्वभाव	पूर्वभाव
१३ काव्यसंहार	काव्यसंहार	उपसंहार	उपसंहार
१४ प्रशस्ति	प्रशस्ति	प्रशस्ति	प्रशस्ति

एवं चतुःषष्टयङ्गसमन्विताः पञ्च सन्धयः प्रतिपादिताः 'एतेषां षट् प्रयोजनानि संभवन्ति—विवक्षितार्थप्रतिपादनं, गोप्यार्थगोपनं, प्रकाश्यार्थ-प्रकाशनं, अभिनयरागसमृद्धिः, चमत्कारित्वम्, इतिवृत्तविस्तरश्चेति। तत्रेतिवृत्तं सूच्यमसूच्यं चेति द्विविधम्। असूच्यमपि द्विविधं—दृश्यं श्राव्यं च। तत्र सूच्यस्य सूचनाक्रमः पञ्चविधः। तथोक्तं दशरूपके—

विभज्य लक्षितानि संध्यङ्गानि संख्यया संकलय्योपसंहरति--एवं चतुः षष्टीति ॥ तत्राङ्गानां प्रयोजनमाह—एतेषामिति ॥ अभिनयरागसमृद्धिरिति ॥ अभिनयदर्शनेन सामाजिकमनोरंजनसमृद्धिरित्यर्थः। नन्वेतेषां प्रयोजनकथनम-नुपपन्नम्। अङ्गानां प्रधानफलेनैव फलवत्त्वनियमादिति न वाच्यम्। तस्यादृष्टफलवत्त्वे नियतत्वात्। एतत्तु दृष्टं फलम्। तदुक्तं शृङ्गार-प्रकाशे—'अङ्गानां षड्विधं ह्येतत् दृष्टं शास्त्रे प्रयोजनम्' इति। प्रयोजना-नामेतेषां लक्ष्येष्वुदाहरणमूहनीयमित्युपेक्ष्य पुनरपि वस्तुनो द्वेधा विभागमाह--तत्रेति-वृत्तमिति ॥ द्वितीयं द्वेधा विभजति--असूच्यमिति ॥ तत्र 'नीरसोऽनुचितस्तत्र संसूच्यो वस्तुविस्तरः। दृश्यस्तु मधुरोदात्तरसभावनिरन्तरः ॥' इत्याद्यनयोर्व्यवस्था द्रष्टव्या। श्राव्यं चेत्यत्र च शब्दः श्राव्यगतावान्तरभेदाननुक्तमश्राव्यभेदं च समुच्चिनोति। श्राव्यं च सर्वश्राव्यं चेति द्विधा। द्वितीयं च जनान्तिकमपवारितं चेति द्विधा। एतेषां लक्षणं तु 'सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यादश्राव्यं स्वगतं मतम् ॥' त्रिपता-ककरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्। अन्योन्यामन्त्रणं यत् स्यात्तज्जनान्ते जनान्तिकम् ॥ रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्मै परावृत्यापवारितम्।' इति। त्रिपताकग्रहणं पताकस्याप्युपल

यहां भी पूर्वापर की गड़बड़ी पहले की तरह ही है नाट्य में जिसको द्युति कहा है उसी को सा. दश. प्रता में कृति शब्द से कहा है। नाट्य 'साहित्य' में जिसको पूर्ववाक्य कहा है उसी को दश. प्रता. में पूर्वभाव एवं काव्य संहार को उपसंहार कहा है। क्रमशः १२।१३।१२।१३ और सन्धियों के अंग मानने से ६४ होते है। नाटशास्त्र में ग. सं. के भी १३ अंग मान कर भी पर्यन्त में ६४ ही कहा है। इसमें प्रार्थना अधिक है।

इस प्रकार चौसठ अङ्गों से समन्वित पांच सन्धियों का प्रतिपादन किया। इन अङ्गों के कहने के ६ प्रयोजन होते हैं। उनमें पहला है नाटक में उद्देश्य भूत जिस बात को कवि कहना चाहता है उस विवक्षित अर्थ का प्रतिपादन। दूसरा है नायक की जो बात छिपाने के योग्य है उसको छिपाना। और जो प्रकाश्य है उस अर्थ को प्रकाशित करना। अभिनय में सामाजिकों के राग की समृद्धि। तथा अभिनय से सामाजिकों को चमत्कार का अनुभव होना एवं इतिवृत्त की

'विष्कम्भचूलिकाङ्कास्यप्रवेशाङ्कावतारणैः' इति ।

एतेषां स्वरूपं निरूप्यते—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।

संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः ॥ २२ ॥

उपात्तगुणनिमित्ताजात्यभावस्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

प्रतापरुद्रस्य गुणामृतोर्मिधौता विराजन्त्यमलीकृताङ्गाः ।
प्रक्षालितात्युद्धतभूमिपालाः खङ्गाम्बुभिः स्वच्छतरा भवन्ति ।।

अनुपात्तनिमित्ताजात्यभावस्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

दिशां जेतुर्विश्वप्रसृतमहसो रुद्रनृपते-
र्जयप्रस्थानोद्यत्करितुरगसंमर्दजनितम् ।
रजः कृत्वा ग्रस्तप्रतिबलसूर्यामिव दिवं
प्रतापाख्यानन्यान् दिशि दिशि विधत्ते दिनकरान् ।।

पोत्प्रेक्षायामित्यर्थः । क्रियारूपमिति ।। निमित्तमिति शेषः । प्रतापरुद्रस्येति ।। अत्र वाचनदीपिकेवेति जातिभावस्वरूपोत्प्रेक्षायां निमित्तं नोपात्तम् । दिशामिति ।।

प्रतापरुद्र के पैरों के नखचन्द्र की कान्ति प्रणाम करने वाले राजाओं के लिए विधिकरलिखित मालाक्षरों के वाचने के लिए मानों दीपिका है ।

गजब गजब है । वाह बाह कविता । धन्य हो विद्या के वस्तुतः निवास स्थान है । सूझ बूझ अनोखी है अनूठी है यहां यह दीपिका जाति वाचक शब्द है अतः जाति स्वरूपोत्प्रेक्षा है ।

उपात्त गुणनिमित्त जात्यभावस्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—जितने भी उद्धतः उद्दण्ड राजा लोग हैं वे सब प्रतापरुद्र के गुणामृत की तरङ्गों से धो दिये गये अतः अङ्गों से निर्मल हो रहे हैं । तथा तलवार की धारा के जल से प्रक्षालित किये गये बदमाश राजा लोग अत्यन्त स्वच्छ हो गये हैं ।

अनुपात्तनिमित्त जात्यभाव स्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—

दिशाओं को जीतकर विश्व में अपने तेज को फैलाने वाले प्रतापरुद्र की विजय यात्रा में चल रहे हाथी और घोडों के सम्मर्द से जनित रज ने जिससे प्रतिवल ग्रस्त हो गया है अत एव आकाश को सूर्य रहित मानों कर के प्रताप नामक अनेको सूर्यो को हर एक दिशा में स्थापित कर दिया ।

अत्रासूर्यामिति जात्यभावः। जातिहेतूत्प्रेक्षा यथा—

उदाररीत्या भुजया प्रतापरुद्रस्य विश्वैकधुरन्धरस्य।
विश्वंभरा कोमलशय्ययेव विस्मारिता गोत्रमहीध्रवासम्॥

अत्र शय्ययेवेति जातिहेतुत्वम्। जात्यभावहेतूत्प्रेक्षा यथा—

भूमेरकल्पवृक्षत्वादिति धाता विचिन्तयन्।
सृष्टवान् काकतीशानं निर्व्याजत्वागवैभवम्॥

अत्राकल्पवृक्षत्वादिति जात्यभावस्य हेतुत्वम्।

रजः कर्तृ। दिवमसूर्यामिव कृत्वेत्यत्र जात्यभावस्वरूपोत्प्रेक्षा अनुपात्तनिमित्ता। उदारेति॥ उदाररीत्या उदारस्वभावया। गोत्रमहीध्रवासं कुलपर्वतनिवासम। विस्मारितेति॥ 'गतिबुद्धि—' इत्यादिना अण्यन्तकर्त्र्या विश्वंभरायाः कर्मत्वं, तस्मिन्नभिधेये कर्मणि क्तः। 'ण्यन्ते कर्तृश्च कर्मणः' इति वचनात्। अत्र शय्ययेवेति जातिभावहेतूत्प्रेक्षायाः पर्वतनिवासविस्मारणं फलं निमित्तम्। भूमेरिति॥ निर्व्याजं निरुपाधिकं त्यागवैभवमौदार्यातिशयोयस्य तं तथोक्तम्। काकतीशानं सृष्टवानिति फलं प्रत्यकल्पवृक्षत्वादिवेति जात्यभावहेतुत्प्रेक्षा॥ नूनमिति॥

यहां असूर्याम् में जाति का अभाव है। अतः जात्यभावबाचकस्व रूपोत्प्रेक्ष यहां है। और निमित्त का अनुपादान है।

जातिहेतु उत्प्रेक्षा जैसे—

विश्वम्भराने विश्व की धुरा को मुख्यरूप से धारण करने वाले प्रतापरुद्र की उदार रीति सम्पन्न भुजा को मानो कोमलशय्या के रूप में प्राप्त कर गोत्र पर्वतों में निवास करना भुला दिया।

यहां शय्या इव यह जात्युत्प्रेक्षा है इसका पर्वतनिवास को भुलादेना फल निमित्त है।

जात्मभाव हेतूत्प्रेक्षा जैसे—

पृथ्वी पर फल वृक्ष नहीं होते हैं ऐसा विचार कर विधाताने अपने वैभव को निश्छलभाव से दान देने वाले काकतीश्वर की सृष्टि की।

यहां कल्पवृक्षरहितत्वात् इससे जात्यभावको हेतु बनाया। इसका फल है काकतीशान का सर्जन।

जातिफलोत्प्रेक्षा यथा—

नूनं विश्वंभराधारस्तम्भीभवितुमायतौ ।
वीररुद्रनरेन्द्रस्य भुजावाजानुलम्बिनौ ।

अत्र स्तम्भीभवितुमिति जातेः फलत्वम् ।

जात्यभावफलोत्प्रेक्षा यथा—

पशूनवध्यानालोक्य शत्रवः काकतीशितुः ।
प्रायेणामानुषत्वाय तृणवृत्तिं समाश्रिताः ॥

अत्रामानुषत्वायेति जात्यभावस्य फलत्वम् ।

क्रियास्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

नूनमिति ॥ भुजयोराजानुलम्बित्वं पुरुषस्य भाग्यलक्षणम् । तदुक्तं नाटके तृतीयेऽङ्के । अत्राधारस्तम्भीभवितुमिति जातिभवितुमिति जातिभावफलोत्प्रेक्षाया-मायतत्वगुणो निमित्तम् । पशूनिति ॥ अत्रामानुषत्वायेति जात्यभावफलोत्प्रेक्षायां तृणवृत्तिसमाश्रयणक्रिया निमित्तम् । एवमन्यत्रापि तादर्थ्यप्रतिपादक चतुर्थ्यादि-

---

जातिफलोत्प्रेक्षा जैसे—

वीररुद्र राजा के आजानुलम्बायमान भुजों को जो आयत किया है वह मालूम पड़ता है कि विश्वरक्षिणी मही के आधारभूत स्तम्भ बनाने के लिये ही किया है।

यहां स्तम्भिभवितु यह जाति उत्प्रेक्षा का फल है।

जात्यभाव फलोत्प्रेक्षा जैसे—

दुश्मनों ने समझ लिया कि काकतिनरेश निरर्थक पशुओं को नही मारते हैं अतः मानो मानुषभाव को छोड़ने के लिए ही तृणवृत्ति का आश्रयण किया। क्यों कि इस वृत्ति से जीवन बच जायगा।

अमानुषत्वाय यह जात्यभावफलोत्प्रेक्षा है। इसमें तृणवृत्ति का साश्रयणरूप-क्रिया निमित्त है।

क्रिया स्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—

श्रीकाकतीयनृपतेर्द्विषदङ्गनानां
श्वासोर्मिभिः सपदि मर्मरितान्तरालाः ।
तासां निवासविषये कृतयाचनानां
प्रत्युत्तराणि ददतीव मरौ वनान्ताः ॥

क्रियास्वरूपाभावोत्प्रेक्षा यथा—

विमुखे सति काकतिक्षितीन्द्रे वनसीमापि कठोरकण्टकाग्रा ।
चिकुरेषु विकर्षति प्रतीशानददानेव निजान्तरप्रवेशम् ॥

अत्राददानेति क्रियास्वरूपाभावः । क्रियाहेतूत्प्रेक्षा यथा—

राज्ञां गर्वाङ्कुरोद्भेदाः परिम्लाना दिने दिने ।
काकतीन्द्रतापार्कतीव्रोष्माभिभवादिव ॥

अत्राभिभवादिवेति क्रियाहेतुत्वम् । क्रियाहेत्वभावोत्प्रेक्षा यथा—

श्रवणे फलत्वम्, तृतीयादिविभक्त्या सामर्थ्येन वा हेतुत्वं चेत्यादिकमूहनीयम् । श्रीकाकतीयेति ॥ मर्मरः पर्णध्वनिः । 'अथ मर्मरः । स्वनिते वस्त्रपर्णानाम्' इत्यमरः । तद्वन्ति कृतान्यन्तरालानि येषां ते तथोक्ता इति गुणनिमित्ताकथनं दानोत्प्रेक्षायाम् । विमुख इति ॥ प्रतीशान् । चिकुरेषु केशेषु । निमित्तात् कर्मसंयोगे सप्तमी । विकर्षतीति क्रिया दानाभावोत्प्रेक्षायां निमित्ताम् । एवं निमित्तानुपादानेऽप्युदाहार्यम् । राज्ञामिति ॥ परिम्लानत्वमुत्प्रेक्षाफलम् । क्रियाहेत्वभावोत्प्रेक्षायाः

निवास स्थान के लिए याचना करने वाली काकतीश्वर के शत्रुओं के औरतों की श्वासोर्मियों से दुःखित अन्तःकरण वाले मरुप्रान्तीय जंगल ताभ्यः माने उनके लिए प्रत्युत्तर मानों दे रहे हैं ।

यहां तासां के स्थान में ताभ्यः पाठ समुचित है ।

जब काकतीश्वर विमुख हैं तब कठोर काण्ठोवाली वन की सीमा भी अपने यहां आवासको नहीं देनेकी प्रक्रिया से मानों दुश्मन राजाओं के चिबुक ठुड्डी का विकर्षण करती हैं ।

यह अददाना यह क्रियास्वरूप का अभाव है ।

क्रिया हेतु उत्प्रेक्षा जैसे—

काकतीन्द्र के सूर्यरूप प्रताप की तीव्र उष्मा के द्वारा किये गये आभिभव से राजाओं के अङ्कुरित गर्व दिन दिन परिम्लान हो रहे है । अभिभवादिव यह क्रियोत्प्रेक्षा में हेतु है । क्रियाहेत्वभाव की उत्प्रेक्षा जैसे—

कपोलफलकावस्याः कथं भूत्तास्तथाविधौः।
अपश्यन्ताविवान्योन्मीदृशीं क्षामतां गतौ ॥

क्रियाफलोत्प्रेक्षा यथा—

दम्भोलिसंरम्भमहाजिगोपः प्रस्थानभेरीनिनदोऽन्ध्रभर्तृः।
लीनानिवान्वेष्टुमरातिवर्गान् विगाहते शैलगुहान्तराणि ॥

क्रियाभावफलोत्प्रेक्षा यथा—

सीमाद्रिकुञ्जेषु विहारभाजः सिद्धाङ्गनाः कल्पितन्द्रिकार्घान्।
श्रीवीररुद्रस्य यशोविलासान् गायन्त्यसंस्प्रष्टुमिवान्धकारम् ॥

प्रतिज्ञामात्रमेव नोदाहरणमत्र दृश्यत इत्यन्यतो लिख्यते। 'कपोलफलकावस्याः कथं भूत्वा तथाविधौ। अपश्यन्ताविवान्योन्यमीदृशीं क्षामतां गतौ ॥ इति। अत्र दर्शनक्रियाहेत्वभावोत्प्रेक्षा क्षामतागमननिमित्ता। दम्भोलीति ॥ महाजिर्महा युद्धमन्याभिभव इति यावत्। दम्भोलिसंरम्भमेव महाजिं गोपयत्यच्छादयतीति तथोक्तः। तिरस्कृताशनिध्वनिरित्यर्थः। अन्वेष्टुमिवेति ॥ अन्वेषणक्रियाफलोत्प्रेक्षा गुहान्तरगाहनक्रियानिमित्ता। सीमाद्रीति ॥ सीमाद्रिर्लोकालोकः। कल्पितश्चन्द्रिकाया इवार्घः पूजाविधिर्येषां तान् तथोक्तान् चन्द्रिकासदृशानित्यर्थः। यशोगान-

---

कपोल फलकों की ऐसी अवस्था कैसे हो गई। उत्तर मालूम पड़ता है कि कि वे आयुस मे एक दूसरेको देख नहीं पा रहे हैं अतः सभी क्षीण अवस्था को प्राप्त हो गये हैं।

यहां दर्शन क्रिया हेत्वभाव की उत्प्रेक्षा में निमित्त क्षामतागमन को क्रिया है।

क्रियाफलोत्प्रेक्षा जैसे—

दम्भोलि माने लक्षण या वज्रध्वनि उसका संरम्भ माने प्रचण्डत्व है जिस में ऐसे महाजि भीषण युद्ध को छिपा देने वाला अन्ध्रभर्त्ता वीररुद्र का प्रस्थान कालिक भेरीध्वनि गुफाओं में छिपे हुए शत्रु वर्ग को खोजने के लिए भिन्न २ गुहाओं का बिगाहन करते हैं अर्थात् उन में जाते हैं।

यहां अन्वेषण क्रिया फल की उत्प्रेक्षा में गुहान्तरगाहन क्रिया निमित्त है।

क्रियाभाव फल की उत्प्रेक्षा।

सीमाद्रि कुञ्जों में बिहार करने वाली सिद्धाङ्गनाएं चन्द्रिका को अर्घ के रूप में कल्पना करके अर्थात् चन्द्रिका के तुल्य श्री वीररुद्र के यक्षोविलासों का गान करती हैं कि मानो अन्धकार से संस्पर्श नही होने पावे।

अत्रासंस्प्रष्टुमिवेति क्रियाभावस्य फलत्वम् ।

गुणस्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

चकास्ति काकतीन्द्रस्य कृपालोकनविभ्रमः ।
प्रकृतिष्वपि सर्वासु प्रसाद इव मूर्तिमान् ।।

गुणाभावस्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

प्रतापरुद्रस्य महाभिषेकपयः कणैः शीतलिताखिलाङ्गा ।
प्रशान्तभारार्तफणीन्द्रगाढश्वासानिलोष्मेव विभाति पृथ्वी ।।

अत्र प्रशान्तोष्मेति गुणाभावः । गुणहेतूत्प्रेक्षा यथा—

स्यान्धकारासंस्पर्शः फलम् । चकास्तीति ।। प्रकृतिषु प्रजासु प्रसादगुणस्य मूर्तिमद्विशेषणादुत्प्रेक्षालाभः । निमित्तमत्र नोक्तम् । प्रतापेति ।। अन्यत्र धर्मिणि धर्म्यन्तरोत्प्रेक्षा । अत्र तु भूरूपे धर्मिण्यूष्मप्रशान्तिलक्षणो धर्म उत्प्रेक्ष्यते । तत्र शीतलाङ्गत्वं निमित्तमुपात्तम् । जयेति ।। विशिष्टवस्तुसंग्रही लेशतोऽपि तस्यान्यत्रावस्थानं न सहत इति भावः । अत एवोपात्तनिमित्तेयं गुणहेतूत्प्रेक्षा । जाता

यहां यशोगान का फल है अन्धकार का संस्पर्श नहीं होना असंस्पर्श क्रियाभाव का फल है ।

गुणस्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—

काकतीन्द्र का सभी जनता पर विभ्रमभूत माने शृंगारमय चेष्टाभूत कृपावलोक ऐसा शोभायमान हो रहा है मानो मूर्तिमान् प्रसाद है प्रसन्नता है ।

यहां प्रसाद गुण की उत्प्रेक्षा है जो मूर्तिमत्व विशेषण के द्वारा मिलती है जानी जाती है । राजकर्तृक प्रजानुरञ्जनरूप निमित्त का अनुपादान है ।

गुणाभाव स्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—

प्रतापरुद्र के राज्याभिषेक सम्बन्धी जलके कणों से जिसके सकल अंग शीतलित माने ठंढे कर दिये है वह पृथ्वी ऐसी मालूम पड़ती हैं मानो अपने भार से आक्रान्त शेषनाग के गाढ़श्वास जनित अग्नि की गरमी प्रशान्त हो गई है । यहां उष्मा गुण की प्रशान्ति माने ऊष्मागुण का अभाव उसकी उत्प्रेक्षा की गई है ।

गुणहेतूत्प्रेक्षा जैसे—

जयश्रियामाश्रयतामुपेतः श्रीवीररुद्रस्य रणे कृपाणः ।
जयश्रियं वैरिमहीपतीनां समुत्सुको हर्तु मसूययेव ।।

अत्रासूययेति गुणस्य हेतुत्वम् । गुणाभावहेतूत्प्रेक्षा यथा—

जाता वयं संप्रति वीररुद्रनरेन्द्रगम्भोरिमगुल्फदघ्नाः ।
इत्यप्रमोदादिव जीवनेषु मालिन्यमम्भोनिधयो भजन्ति ।।

अत्राप्रमोदादिवेति गुणाभावस्य हेतुत्वम् । गुणफलोत्प्रेक्षा यथा—

आशिषां विषधूम्राणां नैर्मल्यार्थमिवोत्सुकाः ।
भुजङ्ग्यः काकतीन्द्रस्य गुणान् गातुं सुधामुचः ।।

इति ।। पार्श्वनिस्सृतौ पादग्रन्थी गुल्फौ तद्दघ्नास्तत्प्रमाणाः । 'प्रमाणे द्वयसच्—' इत्यादिना दघ्नच्प्रत्ययः । नरेन्द्रगम्भीरिम्णो गुल्फदघ्नाः तदपेक्षयातिस्वल्पगाम्भीर्या इत्यर्थः । जीवनेषदकेषु वृत्तिषु च । मालिन्यं कार्ष्ण्यं क्लिष्टत्वं च भजन्ते । अत्राप्रमोदादिवेति गुणहेत्वभावोत्प्रेक्षाया न श्लेषो बाधकः किं त्वङ्गमेव । तदुक्तं रुचकेन—'एषा चार्थाश्रयापि धर्मविषये श्लिष्टशब्दहेतुका क्वचिद् दृश्यते' इति । चक्रवर्तिनाप्युक्तम्—'क्वचिच्छ्लेषेण धर्मांशगतेनैषा न बाध्यते इति । आशिषामिति ।। विषधूम्राणां विषमलिनानामाशिषां दंष्ट्राणाम् । 'आशीरुरगदंष्ट्रायाम्' इति विश्वः । गुणगाननिमित्तां गुणभावफलोत्प्रेक्षां योजयति—अत्रेति ।।

युद्ध में जयश्रिय की आश्रयता को प्राप्त करने वाला श्रीवीररुद्र की तलवार ऐसी प्रतीत हो रही है मानो वह असूया से ईर्ष्या से दुश्मनों की जयश्री के अपहरण करने में उत्युक हो गया है ।

यहां गुण अपहरणोत्प्रेक्षा में हेतु है । गुणाभावहेतूत्प्रेक्षा जैसे—

समुद्र इस लिए दुःखी हो रहे है कि इस समय वीररुद्र की गम्भीरता के सामने हम लोगों का मापदण्ड उसके गुल्फ के बराबर हो गया हैं। इस दुःख से वे विचार करके अपने जीवन में मलिनता को प्राप्त कर रहे हैं ।

यहां अप्रमोदात् माने प्रमोद गुणका अभाव उत्प्रेक्षा का निमित्त है ।

गुणफलोत्प्रेक्षा जैसे—

भुजङ्गियों सर्पिणियां विषैले धूम से व्याप्त अपनी दंष्ट्राओं को निर्मल करने के लिए अमृत की वर्षा करने वाले वीररुद्र के गुणों का गान करने में उत्सुक हो गई ।

अत्र नैर्मल्यार्थमिति गुणस्य फलत्वम् । गुणाभावफलोत्प्रेक्षा यथा—

अरण्यवासार्जितबान्धवासु मृगीष्ववैरार्थमिवाशरण्याः ।
त्रिलिङ्गदेशेश्वरवैरिनार्यः पराङ्मुखा लोचनविभ्रमेषु ॥

अत्रावैरार्थमिति गुणाभावस्य फलत्वम् । द्रव्यस्वरूपोत्प्रेक्षा यथा—

न नित्यमस्मिन् परिपूर्णतेति त्यक्त्वा नभः क्षोणिनलावतीर्णः ।
आनन्दयन्निन्दुरिव स्वधाम्ना निभाति लोके नवकाकतीन्द्रः ।

द्रव्यस्वरूपाभावोत्प्रेक्षा यथा—

अरण्येति ॥ शरणे रक्षणे साधुः शरण्यः, तद्रहिता अशरण्याः अनाथा इत्यर्थः । अवैरार्थमिवेति ॥ विलासविमुखा मृगाङ्गना विलासिनीर्विलोक्य वैरायन्ते तन्निषेधार्थमिवेत्यर्थः । विभ्रमविमुखत्वमत्र निमित्तम् । नेति ॥ अस्मिन् नभसि । नवो गुणैरपूर्वः काकतीन्द्रः । अत्रेन्दोः क्षोणितलावतीर्णस्य कविकल्पितत्वादुत्प्रेक्षाविषयत्वमेकत्वाद् द्रव्यत्वं च । अनन्येति ॥ दानशौण्डो बहुप्रदः । 'स्युर्वदान्यस्थूललक्षदान-

---

यहां निर्मलत्व गुण प्राप्तिरूप फल की उत्प्रेक्षा है। इसमें निमित्त है गुणगान ।

गुणाभावफल की उत्प्रेक्षा जैसे—

त्रिलिङ्ग देशेश्वर के दुश्मनों की नारियां अशरण्य हुई (शरणं गृह रक्षितोः) इस दोष के अनुसार शरणमाने घर अतः घरबार रहित होकर जंगल में वास करने लगी । यहां रहने से जिन में बन्धुभाव हो गया है ऐसी मृगियों से वैर नहीं होने पावे इसलिए अपने से नेत्रो में निभ्रम माने श्रृंगारमयी चेष्टाओं को करने से पराङ्मुख हो गई ।

यहां वैरगुण का अभाव फल है उस वास्ते उनके नेत्रों के साथ अपने नेत्रों को बराबर नहीं करना हेतु है ।

द्रव्यस्वरूपोत्प्रेक्षा जैसे—

न नित्यम् । इसकी व्याख्या पहले कर दी गई है । यहां इन्दु में क्षोणीतलेवतीर्यत्व कविकल्पित है । यहां उत्प्रेक्षा का विषय है एकत्व सेख्य रूप गुणा कर आश्रय द्रव्य है अतः द्रव्यस्वरूपोत्प्रेक्षा है ।

द्रव्यस्वरूपके अभाव की उत्प्रेक्षा जैसे—

अनन्यसाधारणदानशौण्डे सद्यःकृतार्थीभवदर्थिसार्थे ।
श्रीकाकतीन्द्रे भुवि राजमाने द्यौः पारिजातेन विनाकृतेव ।।

अत्र दिवः पारिजाताभाव उत्प्रेक्ष्यते । द्रव्यहेतूत्प्रेक्षा—

प्रतापरुद्रदेवेन क्ष्माभृत्पक्षविजृम्भितम् ।
समुन्मूलितमामूलादपरेणेव वज्रिणा ।।

द्रव्यहेत्वभावोत्प्रेक्षा यथा—

शौण्डा बहुप्रदे' इत्यमरः ।। अस्यानन्यसाधारणत्वमर्थाद् दान इति लभ्यते । उभयोः खञ्जकुब्जादिवद्विशेषणसमासः । यद्वा तादृशदाने शौण्डो मत्तः निःसीमवितरणे निर्विचार इत्यर्थः । पारिजातस्तावदेक एव । तस्य राजरूपतया भूलोके वर्तमानत्वात् कुतो दिवः पारिजात इति भाव ।। प्रतापेति ।। क्ष्माभृत्पक्षविजृम्भितं वैरिभूपालबलविजृम्भणमन्यत्र पर्वतपक्षविजृम्भणम् । अत एवापरेणेव विज्रणेव श्लेषाङ्गा द्रव्यहेतूत्प्रेक्षा । अत्रापरशब्दाप्रयोगे शब्दमात्रसाधर्म्याच्छलेष एव स्यात् । अर्थसाधर्म्ये त्विन्द्रस्य सिद्धतया प्रतीतेरुपमैव । तत्प्रयोगे तु प्रकृतो राजैवापरवज्रित्वेनाध्यवसीयते । तस्यैवशब्देन साध्यत्वात् इत्प्रेक्षैव । इवशब्दाप्रयोगे तु सिद्धत्वादध्यवसायस्यातिशयोक्तिः । इवापशब्दयोरुभयोरप्यप्रयोगे रूपकमित्यादिविशेषा यथासंभवमूहनीयाः । काकतीयेति ।। विलीनाङ्गेन द्रवीभूतावयवेन । असुवर्णाचलेन सुवर्णा-

---

दूसरा जिसका जोड़ीदार दानी नहीं है अतएव तुरत दान महाकल्याण की भावना से तुरन्त दान के द्वारा याचकों को कृतार्थ करने वाला काकतीन्द्र जब पृथ्वी की शोभा बढा रहे हैं उससे मालूम पड़ता है कि स्वर्ग पारिजात से शून्य हो गया ।

यहां स्वर्ग में पारिजातशून्यत्व की उत्प्रेक्षाद्रव्याभाव की उत्प्रेक्ष है ।

द्रव्य हेतूत्प्रेक्षा जैसे—

प्रतापरुद्र देव मानों अपर वज्री है दूसरा इन्द्र है । जिसने क्ष्माभृत् पर्वतों के उत्पन्न हुए पांखों को जड़ से उखाड़ कर फैंक दिया अथच क्ष्माभृत् राजाओं के सहायों के बढ़ोती को आमूल से उन्मूलित कर दिया ।

यहां अपरवज्री की सम्भावना इव शब्द के साहचर्य से ज्ञात हो रही हैं । अतः द्रव्य हेतूत्प्रेक्षा है ।

द्रव्यहेत्वभाव की उत्प्रेक्षा जैसे—

काकतीयप्रतापोष्मविलीनाङ्गेन मेरुणा ।
असुवर्णाचलेनेव विरिञ्चिर्व्याकुलीकृतः ।।

अत्रासुवर्णाचलेनेति हेत्वभावः । द्रव्यफलोत्प्रेक्षा यथा—

दुग्धार्णवशतायेव कैलासाचलकोटये ।
नूनं प्रतापरुद्रेण यशो दिक्षु प्रसारितम् ।।

अत्र दुग्धार्णवशतायेति द्रव्यस्य फलत्वम् ।

द्रव्याभावफलोत्प्रेक्षा यथा—

वीररुद्रनरेन्द्रस्य जयप्रस्थानसंभवम् ।
रजः पिहितदिग्गोलं निराकाशमिव स्थितम् ।।

चलाभावेनेत्यर्थः । अत्राभाववाचिनो नञः क्रियासापेक्षत्वेनासमर्थस्यापि 'सुडनपुंसकस्य' इति ज्ञापकात् क्वचित् समास इष्यते । यदाह कैयटः—'असमर्थनञ्समासस्य क्वचित् साधुत्वज्ञापनायानपुंसकस्येति प्रसज्यप्रतिषेध आश्रीयते' इति । दुग्धार्णवेति ।। नूनमित्येतत् द्वितीयोत्प्रेक्षासाधकम् । वीररुद्रेति ।। आकाशस्याभावो निराकाशम् । अर्थाभावेऽव्ययीभावः । ततश्चतुर्थ्या 'नाव्ययी भावादतोऽम् त्वपञ्चम्याः' इत्यम्भावः । 'कस्तूरीतिलकन्ति फालफलके देव्या मुखाम्भोरुहे' इत्यादावुपमोपक्रमोत्प्रेक्षा । 'यत्रोल्लसत्फेनततिच्छलेन मुक्ताट्टहासेव विभाति शिप्रा'

काकतीय नरेश के प्रताप की गरमी से अंगों के विलीन हो जाने से सुमेरु अब सुवर्णाचल नहीं रह गया इसकी सम्भावनाने ब्रह्माको व्याकुल कर दिया ।

यहां सुवर्णाचलद्रव्य के अभाव की उत्प्रेक्षा है । ऊष्मासे विलीनाङ्गता निमित्त है ।

द्रव्यफलोत्प्रेक्षा जैसे—

नूनम्-मालूम पड़ता है कि सैकड़ों दुग्धार्णवों का और करोडों कैलास पर्वतों का निर्माण करने के लिए प्रतापरुद्रने दिशाओं में चारों तरफ अपने यश को फैला दिया ।

यहां सैकड़ों क्षीरसमुद्रों के कराड़ों कैलास पर्वतों के निर्माण रूप फल की उत्प्रेक्षा है उसका सहायक नूनम् पद है ।

द्रव्याभावफल की उत्प्रेक्षा जैसे—

वीररुद्र के जय प्रस्थान से संभूत रज ने दिशाओं को ढांपलिया इससे मालूम पड़ता है कि अब आकाश नहीं रहा ।

अत्र निराकाशमित्याकाशाभावाय इत्यर्थः। एवं भेदान्तरं यथासंभवमुदाहर्यं।

इत्यौपम्यगर्भालंकारविवेचनम्।

अतिशयोक्त्यलंकारः

विषयस्यानुपादानाद्विषय्युपनिबध्यते।
यत्र सातिशयोक्तिः स्यात् कविप्रौढोक्तिजीविता।

इत्यादौ सापह्नवोत्प्रेक्षेत्यादिकं तु स्वयमूहनीयमित्याह—एवमिति ॥ इत्थं साध्याध्यवसायमूलामुत्प्रेक्षां निर्णीय सिद्धाध्यवसायमूलामतिशयोक्तिं लक्षति—विषयस्येति ॥ यत्र विषय्यप्रकृतश्चन्द्रादिरुपनिबध्यते प्राधान्येनेति शेषः। कुतः। विषयस्य प्रकृतस्य मुखादेरनुपादानात् विषयिणा निगीर्णत्वादित्यर्थः। इदमत्रानुसंधेयम्। अध्यवसाये त्रयं संभवति—विषयो विषयी अध्यवसानव्यापारात्मकं स्वरूपं च। तत्र विषयस्य निगीर्णत्वेन स्वरूपप्रपिपत्तेरेवाभावादध्यवसाये न कुत्रापि प्राधान्यशङ्कावकाशः। नूनमादिशब्दैरध्यवसायेन व्यापारप्राधान्ये तूत्प्रेक्षा दर्शिता। नूनमादिशब्दाप्रयोगे विषयिण एव प्राधान्येऽध्यवसायस्य सिद्धत्वादतिशयोक्तिरिति। अत एवोक्तं रुचकेन—अध्यवसितप्राधान्ये त्वतिशयोक्तिः' इति। इदं रजतमित्य-

---

यहां आकाशद्रव्य के अभाव की उत्प्रेक्षा है। इसी तरह अन्यभेदों की उहा करें।

यहाँ औपम्यगर्भवाले अलंकारों का निरूपण समाप्त हुआ।

ऐसे साध्य अध्यबसाय मूला उत्प्रेक्षा का निर्णय पुरःसर निरूपण करके अब सिद्ध अध्यवसाय जिसका मूल है उस अतिशयोक्ति का लक्षण लिखते हैं।

अतिशयोक्ति अलंकार

जहां विषय वर्णनीय का अनुपादान माने निगरण करके विषयी अवश्य अप्रकृत का प्राधान्येन उपनिबन्धन करते है वह कविप्रौढोक्ति से जीविता सिद्धा अतिशयोक्ति होती है।

अध्यवसाय जहां होता है वहां तीन बाते होती है एक विषय दूसरा विषयी और तीसरा अध्यवसायव्यापार। इनमें प्रकृत विषयका निगरण हो जाने से प्रत्यय नहीं होता है अतः अध्यवसाय में कही भी उसकी प्रधानता नहीं होती है। जहां नूनम् आदि शब्दों के जरिये अध्यवसाय से व्यापार का प्राधान्य होता है वहा उत्प्रेक्षा होती है। उसका निरूपण कर ही दिया। अतः सिद्ध अध्वसायवालो

यत्र कविप्रौढोक्त्या विषयतिरोधानेन विषयी निबध्यते सातिशयोक्तिः। तस्याश्चातुर्विध्यम्—भेदेऽभेदः, अभेदे भेदः, संबन्धेऽसंबधः, संबन्धश्चेति। कार्यकारणयोः पौर्वापर्यविपर्ययरूपा त्वनध्यवसायमूलत्वाव्द्यतिरिक्तैव। किं तु प्रौढोक्तिमूलत्वादतिशोक्तिरिति कथ्यते। तत्र भेदेऽभेदो यथा—

स्थाने कल्पतरुर्जातः काकतीयकुलोदधेः।
लक्ष्मीपतिरसौ चित्रं मर्त्यलोकमहोत्सवः॥

अत्र प्रतापरुद्रकल्पवृक्षयोरभेदाध्यवसायः। अभेदे भेदो यथा—

स्यातिशयोक्तिता मा भूदित्युक्तम्—कविप्रौढोक्तिजीवितेति॥ विभागमाह—तस्या इति॥ ननु पञ्चमस्याप्यतिशयोक्तिभेदस्य संभवात् कथं चार्विध्यमित्याशङ्क्याह—कार्यकारणयोरिति॥ काव्यप्रकाशकारोक्तवैषम्यं त्वस्मदुपाध्यायैरेकावलीतरले समाहितमिति नेह प्रपञ्च्यते। क्रमेणोदाहरति—स्थान इति॥ कल्पतरोरुदधेरुत्पत्तिरुचिता किं तु लक्ष्मीसोदरस्यामर्त्योपयोगिनस्तयेदमद्भुतमिति भावः।

अतिशयोक्ति होती है। इसमें कवि की प्रौढोक्ति के द्वारा विषय के निगरण से तिरोधान से विषयी का उपनिबन्धन होता है। इसके चार प्रकार हैं—भेद में अभेद, अभेद में भेद, सम्बन्ध में असम्बन्ध एव असम्बन्ध में सम्बन्ध। जहां कार्य और कारण के पूर्वापरीभाव में विपर्यय होता है उसमें अध्यवसाय मूल नही होता है अतः अतिशयोक्ति से भिन्न ही वह है। किन्तु प्रौढोक्ति इसके मूल में रहती है अतः इसको भी अति शयोक्ति कहते हैं। ग्रन्थकार का ऐसा लिखना कि यहां कविप्रौढोक्ति रहती है अतः इसको अतिशयोक्ति कहते है यह गप्प है। क्यों कि स्वभावोक्ति को छोड़ कर सभी जगहों में कविकी प्रौढ़ोक्ति रहती है। ऐसा आलंकारिक सम्प्रदाय है।

उनमें भेद में अभेद जैसे—

यह वीररुद्र काकतीय कुल समुद्र से पैदा हुआ है यह स्थाने मान युक्त है। किन्तु वह समुद्र एक पिता की सन्तान होने से इसको सहारा होना चाहिए वह नही होकर यह लक्ष्मी का पति बन गया। और इसे मामे अमर्त्यलोक में माने स्वर्ग में रहना चाहिए वह यहां मर्त्य लोक में रहता है यही आश्चर्य है। यहां सहोदर को पति के रूप में कहना अश्लीलत्वदोष है। अन्य बात तो ठीक है।

यहां प्रतापरुद्र और कल्पवृक्ष भिन्न-भिन्न हैं। अभेद का अध्यवसाय है माने लक्षणा के द्वारा एकता का ज्ञान किया जाता है।

अभेद में भेद जैसे—

औन्नत्यं महदन्यदेव महितः कोऽप्येष गम्भीरिमा
काप्यन्या सरणिः प्रतापयशसोरन्यैव बाह्वोः प्रथा।
सर्वं नूतनमेव रुद्रनृपतेर्जाने न तन्निर्मितौ
सामग्री चतुराननेन कियती कीदृक्क्रमा कल्पिता॥

अत्रौन्नत्यादेर्वास्तवाभेदेऽपि भेदः कल्पितः। ततः स्वतः सिद्धकवि प्रौढोक्तिसिद्धयोरौन्नत्ययोर्भेदेऽपि अभेदाध्यवसायः।

संबन्धेऽसंबन्धेऽसंबन्धो यथा—

शिला चिन्तारत्नं तरुरमरशाखी पशुरसौ
वियद्धेनु सर्वं जगदपि तथा दोषविधुरम्।

औन्नत्यमिति॥ व्याख्यातमेतत्। अत्र राजमेर्वादिसंबन्धिनोरौन्नत्वाद्योर्वास्तवाभेदेऽप्यन्यदेवेत्यादिना काल्पनिको भेदः प्रतिपाद्यत इत्याह—अत्रेति॥ तर्ह्यस्मिन् भेद नाध्यवसायलक्षणानुगतिरत आह—स्वत इति॥ स्वतः सिद्धं यदौन्नत्यं तदेवान्यदेवेति कविप्रौढोक्त्या साशियम्। अतः स्वतःसिद्धप्रौढोक्तिसिद्धयोरौन्नत्ययोः फलरूपयोर्भेदेऽप्यभेदाध्यवसायः, न पुनः फलिमोस्तयोर्वास्तवभेदे सत्यभेदाध्यवसायकल्पनायोगात्। तदुक्तं चक्रवर्तिना—'अभेदाध्यवसायो हि फलेऽतिशयनादिह। न पुनः फलिनोस्तत्र भेदेऽभेदो न सिध्यति॥' इति। किं च प्रथमोदाहरणेऽपि स्वतःसिद्धप्रौढोक्तिसिद्धवदान्यत्वयोरेवाभेदाध्यवसायो न राजकल्प वृक्षयोः। अन्यथैकत्र फलयोरध्यवसायोऽन्यत्र फलिनोरिति वैरूप्यप्रसङ्गात्। एवं च प्रतापरुद्रकल्पवृक्षयोरभेदाध्यवसाय इति यत्पूर्वमुक्तं तत् फलगताभेदाध्यवसायषिषयमिति द्रष्टव्यम्। शिलेति॥ यथा चिन्तारत्नादिकं शिलात्वादिदोषदुष्टं, तथा

औन्नत्य और जगहों में भी है किन्तु प्रतापरुद्र में यह महत् औन्नत्य कुछ अन्य ही है। गम्भीरिमा समुद्रादि में भी है किन्तु यह महनीय गम्भीरिमा कुछ विलक्षण ही है। इसी तरह प्रताप और यश की सरणि कोई अन्य ही है। इत्यादि व्याख्या पहले हो चुकी है।

यहां औनत्य में वास्तव अभेद होने पर भेद की कल्पना की गई है। अतः स्वतः सिद्ध का कविप्रढोक्तिसिद्ध से भेद होना अनुचित नहीं है उचित है। यहां स्वतः सिद्ध कविप्रोढोक्तिसिद्धयोर्भेदेऽपि अभेदाध्यायः यह पाठ प्रकृत में जहां अभेद में भेद कहते हैं वहां अशुद्ध है क्योंकि प्रसङ्ग रहित है।

सम्बन्ध में असम्बन्ध जैसे—

चिन्तारत्न चिन्तामणि पत्थर है। कल्पद्रुम वृक्ष है छेदनीय है और वियद्धेनु कामधेनु पशु है तथा सम्पूर्ण जगत् ही दोष से विधुर है विकल है।

न सृष्टिर्वैधात्री तदिह चतुरश्रीः कथमियं
स्पृशेद्देवं रुद्रं सकलगुणसाम्राज्यनिलयम् ।।

अत्र विधातृसृष्टिसंबन्धेऽप्यसंबन्ध उक्तः। अतीतब्रह्मसृष्टिनेश्वरेणात्राभेदाध्यवसायः। असंबन्धे संबन्धो यथा—

ब्रह्मन् मेरुगिरौ कृतेऽपि किमिदं नैवंविधास्ते मुदः
स्वामिन् सत्यमधिक्रियाद्य फलिता यद्वीररुद्रः कृतः।
मिथ्या किं नु विकत्थसे त्रिजगतस्त्राणाय मत्प्रार्थितः
शंभुः क्ष्मामवतीर्णवानिति कथा जाता हरिब्रह्मणोः ।।

सर्वमपि जगदिति दुष्टेयं ब्रह्मसृष्टिः कथमनवद्यशेषगुणमेनं संस्पृशेदिति रुद्रदेवस्य ब्रह्मसृष्टिसंबन्धेऽप्यसंबन्धकथनम् । अत्राप्वसायं संपादयति—अतीतब्रह्मसृष्टिनेति ।। अयं च स्वतःसिद्धप्रौढोक्तिसिद्धगुणातिशयाध्यवसायमूल इति द्रष्टव्यम् । ब्रह्मन्निति ।। हरिवाक्यमेतत् । विरिञ्चिरुत्तरमाह—स्वामिन्निति ।। अधिक्रिया जगत्सर्जनाधिकारः । विष्णुर्विरिञ्चिकथनमन्यथा करोति—मिथ्येति ।। अत्रालौकिकौन्नत्यादिगुणयुक्तमेनं ब्रह्मापि निर्मातुं न शक्नोतीति भावः । असंबन्धे संबन्धं

तब यहां विधाता की सृष्टि चतुरस्रा नहीं है पूर्ण नहीं है। ऐसी अवस्था में तब कैसे यह सृष्टि सकल गुणों के सम्राज्य के स्थान वीररुद्र को स्पर्श करे।

यहां वीररुद्र विधाता की सृष्टि के बाहर नहीं है उस सृष्टि का ही एक अबयव है। इस तरह विधाता की सृष्टि से सम्बन्ध होने पर भी कवि की कल्पना से असम्बन्ध कहा जाता है। अतीतसृष्टि कर्त्ता के ईश्वर के साथ अभेदाध्यवसाय है।

असम्बन्ध में सम्बन्ध जैसे—

ब्रह्मन् ! सुमेरु पर्वत को बना कर भी यह क्या किया। क्या ऐसा मोद उसमें नहीं था। स्वामिन् ! सत्य है आपका कथन। किन्तु अधिकार माने जगन्निर्माण में प्रभुत्व मेरा सफल हो गया जो मैंने वीररुद्र का निर्माण किया मिथ्या विकल्पन बकवाद करते हो। सच बात यह है कि मैंने त्रिजगत् के त्राण के लिए शम्भुभगवान् से प्रार्थना की थी वही भगवान शम्भु यहाँ पृथिवी पर अवतीर्ण हुए है। ऐसी ब्रह्मा और विष्णु की कथा हुई।

अत्र हरिब्रह्मणोरेवंविधगोष्ठ्यसंबन्धेऽपि संबन्ध उक्तः। शंभुना सह काकतीन्द्रस्याभेदाध्यवसायः। कार्यकारणयोः पौर्वापर्यविपर्ययरूपातिशयोक्तिर्यथा—

मातः कथं काकतिनाथदृष्टेरग्रेसराः कामशराः पतन्ति।

तद्रूपलावण्यजितः स्मरोऽपि नूनं गतः किंकरताममुष्य॥

अत्र कार्यभूतस्य स्मरशरपातस्य कारणभूतात् प्रियदृष्टिपातात् पूर्वकालत्वमुक्तम्।

अथोक्तिसाम्यालंकारनिरूपणेऽतिशयोक्तिहेतुका सहोक्तिर्निरूप्यते।

योजयति—अत्रेति॥ पूर्ववदभेदाध्यवसाय इत्याह—शम्भुनेति॥ पञ्चमं भेदमुदाहरति—मातरिति॥ कामशरपीडामसहमानायाः कस्याश्चिन्मात्रा सह वचनम्। तस्य काकतीन्द्रस्य। अभूषणेपि भूषितवद्भासमान आकारो रूपम्, लावण्यं कान्तिविशेषः। अनयोर्लक्षणमुक्तम्। अमुष्य काकतीन्द्रस्य। कारणं पूर्वमपरं कार्यमिति सर्वत्र नियमः। कविप्रौढोक्त्या तद्विपर्ययोऽलंकार इत्याशयेनाह—अत्रेति॥ 'अविरलविलोलजलदः कुटजार्जुननीपसुरभिवनवातः। अयमागच्छति कालो हन्त हताः पथिकगेहिन्यः॥' इत्यादि कार्यकारणयौगपद्यमपि पौर्वापर्यविपर्यय एवेति द्रष्टव्यम्। सहोक्तेः संगतिमान—अथेति॥ लक्षणमाह—

यहां ब्रह्मा और विष्णु का ऐसी गोष्ठी के साथ सम्बन्ध नहीं होने पर भी सम्बन्ध कहा है। शंभु के साथ काकतीन्द्र का अभेदाध्यवसाय हैं।

कार्यकारण के पौर्वापर्यों के विपर्यय से होने वाली अतिशयोक्ति जैसे—

कोई मुग्धा अपनी माता से कहती है कि हे मातः! काकतिनाथ की दृष्टि के पड़ने के पहले काम के बांण गिरते हैं अर्थात् काकतिनाथ के देखते ही नायिकाएं कामाकुल हो जाती है अतः रूप एवं लावण्य से परास्त हुआ काम भी इसका चेला किंकर हो गया है।

यहां स्मरके बाणों का पतन कार्य है जो काकतिनाथ की दृष्टि के पातरूपकारण से पूर्वकाल में कहा है।

अथ उक्ति शब्द का साम्य जिन अलंकारों में है उन अलंकारों के निरूपण के समय में अतिशयोक्तिहेतुका सहोक्ति का निरूपण करते हैं।

सहोक्त्यलंकारः ।

सहार्थेनान्वयो यत्र भवेदतिशयोक्तितः ।
कल्पितौम्यपर्यन्ता सा सहोक्तिरितीष्यते ॥

यत्र भेदेऽभेरूपया कार्यकारणपौर्वापर्ययरूपया वातिशयोक्त्या एकस्य प्राधान्येनान्वयेऽपरस्य सहार्थेन संबन्धे उपमानोपमेयभावः कल्प्यते तत्र सहोक्तिः। प्राकरणिकाप्राकरणिकविषयत्वादुपमानोपमेयभावस्य सहार्थसंबन्धेन द्वयोरपि प्रकृतत्वान्न तदात्मता ।

कार्यकारणपौर्वापर्ययरूपातिशयोक्तिमूला सहोक्तिर्यथा—

सहार्थेनेति ॥ सदृशब्दस्यार्थो यस्य तेन सहार्थेन । तत्पर्यायेण चेत्यर्थः । 'अनेन सार्धं विहराम्बुराशेः' इत्यादौ सहोक्तिमात्रस्यालंकारता मा भूदित्युक्तम्—अतिदशयोक्तित इति ॥ अत्राकाङ्क्षितमंशमध्याहारादिभिः पूरयन् व्याचष्टे—यत्रेति एकस्य प्राधान्येनान्वय इति । यथा पुत्रेण सहागतः पितेत्यादौ पितुरागमनादिना शाब्दः संबन्धस्तद्वदिति भावः । अपरस्य सहार्थेन संबन्ध इति ॥ तथैव पुत्रादिवदिति भावः। उपमानोपमेयभावः कल्प्यत इति ॥ 'सहयुक्तेऽप्रधाने' इत्यप्रधाने तृतीयाविधानात् तदन्तस्य गुणभावादुपमानत्वम् । अर्थादितरस्य प्राधान्यादुपमेयत्वं च कल्प्यत इत्यर्थः। अतः एवात्र भेदप्रधानं साधर्म्यमति द्रष्टव्यम् । सह शाखया प्रस्तरं प्रहरतोत्यत्र प्रहरणे शाखाप्रस्तरयोरिव शाब्द एवायं गुणप्रधानभावो न वास्तवः, पित्रा सहागतः पुत्र इत्यपि सुवचत्वात् । उपमानोपमेयभावश्चात्र काल्पनिको न वास्तव इत्यत्र निमित्तमाह—प्राकरणिकेति ॥ तदात्मता अप्रकृतरूपा ।

सहोक्ति अलंकार

जहां अतिशयोक्ति के कारण सहार्थ का अन्वय होता है तथा पर्यन्त में कविकल्पित औपम्य हो वह सहोक्ति इष्ट है ।

जहां भेद में अभेदरूपा अथवा कार्यकारणपौर्वापर्यविपर्ययरूपा अतिशयोक्ति के बदौलत एक का प्राधान्य से और अपर का सहार्थ के साथ सम्बन्ध होने से उपमानोपमेयभाव की कल्पना की जाती है वहां सहोक्ति है । जब दो पदार्थों में उपमानोपमेयभाव होता है तब उनमें एक उबमेय प्राकरणिक होता है और अपर उपमान अप्राकारणिक होता है किन्तु जहां सहार्थ के साथ सम्बन्ध होने से दोनों प्रकृत होते है वहां अप्रकृतभाव नहीं होता है ।

कार्यकारणपौर्वापर्याविपर्ययरूपा अतिशयोक्ति जिस के मूल में है वह सहोक्ति जैसे—

अन्ध्रक्षमाभर्तृमटासिधारा रणेषु नीलोत्पलपत्रभासाः ।
पतन्ति कण्ठेष्वरिभूपतीनां साकं सुरस्त्रीजनमुक्तमाल्यैः ॥

अत्र कृपाणपतनोत्तरकालभाविनो दिव्यमाल्यपतनस्य सहकालत्वमुक्तमिति पौर्वापर्यविपर्ययः । भेदेऽभेदरूपातिशयोक्तिः श्लेषगर्भाध्यवसायरूपा चारुत्वातिशयहेतुः । तन्मूला यथा—

दिने दिने रुद्रनराधिपस्य प्रतापलक्ष्मीरुदयं प्रयाति ।
प्रकाशिताशेषदिगन्तराला विवस्वता सार्धमनिन्द्यभासा ॥

अत्रोदयं प्रयातीति श्लेषेणोदयपर्वताभ्युदययोरभेदाध्यवसायः । अथ

उदाहरति—अन्ध्र्विति ॥ अत्र दिव्यमाल्यानीव खड्गधाराः कण्ठेषु पतन्तीत्येवं प्रतीयमानस्योपमानोपमेयभावस्य द्वयोः प्राकरणिकत्वात् वैवक्षिकत्वम् । कण्ठपतनसाधर्म्यस्य भेदप्रधानकत्वं चोपमानोपमेययोः सहार्थप्रयुक्तगुणप्रधानभावनिबन्धमित्याद्यूह्नेयम् । अत्र कार्यकारणपौर्वापर्यविपर्ययरूपातिशयोक्तिमूलत्वमुपपादयति—अत्रेति ॥ दिने दिन इति ॥ श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायोऽत्र सहोक्तिमूलमित्याह—वत्रोदयमिति ॥ 'कुमुददलैः सह संप्रति विघटन्ते चक्रवाकमिथुनानि' इत्यत्र श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायो मूलम् । अत्र विघटनं संबन्धिभेदात् भिन्नम्, न तु श्लिष्ट-

---

नीलोत्पलपत्र के सदृश भासित होने वाली अन्ध्रराजा के योद्धाओं की तलवार दुश्मनों के कण्ठों में सुराङ्गना के द्वारा डाली गई मोतियों की माला के साथ गिरती है ।

यहां कृपाण के पतन के बाद जिसका समय हैं ऐसे दिव्यमाला के पतन को सहार्थसम्बन्ध से समसामयिक कहते हैं अतः पौर्वापर्य विपर्यय है ।

भेद में अभेद करने पर होने वाली अतिशयोक्तिमूल सहोक्ति श्लेषगर्भा तथा अध्यवसायरूपा जब होती है तब चारुत्वातिशय का हेतु होती है । ऐसी सहोक्ति जैसे—

जिसकी कान्ति अनिन्दनीय है और जिसने समस्त दिशाओं के अन्तरालको प्रकाशित कर दिया है ऐसी प्रतापरुद्र की प्रतापलक्ष्मी विवस्वान् के साथ प्रतिदिन उदय को प्राप्त करती है ।

यहां उदयं प्रयाति में सूर्य उदयाचल पर प्रयाण करते हैं और प्रतापलक्ष्मी उत्कर्ष को प्राप्त करती है अतः उदय और प्रयाति दोनों पदों में श्लेष है तथा उदयाचल प्रयाण और उत्कर्ष प्राप्ति में अभेद का एकता का अध्यवसाय है लाक्षणिक ज्ञान है ।

सहोक्तिप्रतिपक्षरूपा विनोक्तिर्निरूप्यते ।

विनोक्त्यलंकारः ।

विना संबन्धि यत्किंचिद्यत्रान्यस्य पराभवेत् ।
अरम्यता रम्यता वा सा विनोक्तिरिति स्मृता ।।

अत्र कस्यचिदसंनिधानाद्वस्तु रम्यमरम्यं वा भवेत् सा विनोक्तिः। सा द्विविधा अरम्यता रम्यता चेति । तत्र अरम्यता यथा—

प्रतापरुद्रदेवस्य गुणवर्णनया विना ।
कीदृशी काव्यरचना संशृणुध्वं कवीश्वराः ! ।।

मित्याह सर्वस्वकारः। 'उत्क्षिप्तं सह कौशिकस्य पुलकैः' इत्यादौ इयं मालयापि दृश्यते । अत्र कर्मसाहित्यात् सहोक्तिः पूर्वत्र कर्तृसाहित्यादिति भेदः । विनोक्तेः संगतिमाह—अथेति ।। लक्षणमाह—विनेति ।। यत्र संबन्धि यत् किंचिद्वस्तु विना अन्यस्य प्रतिसंबन्धिनो रम्यता शोभनत्वमरम्यता अशोभनत्वं वा पराभवेन्निवर्तेत सा विनोक्तिरित्यर्थः। फलितं व्याचष्टे—यत्रेति ।। रम्यमरम्यतारहितमरम्यं रम्यतारहितं वेत्यर्थः। व्याख्यानोक्तं व्युत्क्रमं परिहरन् विभजति—सेति ।। रम्यत्वाभावः अरम्यत्वाभावश्चेत्यर्थः। कस्मिंश्चित् सति कस्यचिद्रम्यत्वमरम्यत्वं वेति विधिमुखेनापि विच्छित्तिविशेषो नास्तीत्येवमभिधानमिति द्रष्टव्यम् । तदुक्तम्—सदसत्त्वनिवृत्तिश्चेन्निवृत्त्यान्यस्य वर्ण्यते । तदा द्विधा विनोक्तिः स्याद्विधिरित्र फलं भवेत् ।।' इति । आद्यमुदाहरति—प्रतापेति ।। कीदृशी, रम्या न भवतीत्यर्थः। संशृणुध्वं व्याख्यातम् । अलंकारफलं विधिमाह—अनेनेति । द्वितीयमुदाहरति—

अथ सहोक्ति के प्रतिपक्षरूपवाली विनोक्ति का निरूपत्र करते हैं ।

विनोक्ति अलंकार

एक की सम्बन्धि जिस किसी वस्तु के विना अन्य की अरम्यता अथवा रम्यता पराभूत माने निवृत्त हो जाय वह विनोक्ति मानी जाती है। जहां किसी के सन्निधान के विना अन्य की वस्तु रम्य अथवा अरम्य हो जाती है वह विनोक्ति है। वह दो प्रकार की है रम्या और अरम्या। यहां सा बिनोक्तिः द्विविधा ऐसा कह कर रम्या और अरम्या कहना चाहिए किन्तु ग्रन्थकार ने यहां रम्यता और अरम्यता लिखा है वह फिट नहीं हो रहा है।

उनमें अरम्या जैसे—

हे कवीश्वर लोगो ! सुनिये । प्रतापरुद्रराजा के गुणों के वर्णन के बिना कैसी काव्य रचना । अर्थात् वह रचना सुन्दर नहीं है ।

अत्र प्रतापरुद्रगुणवर्णनेन विना काव्यश्रियोऽशोभनत्वमुक्तम्। अनेन काव्यशोभामिच्छद्भिः कविभिः प्रतापरुद्रगुणा वर्णयितव्या इति विधिरेव प्रकाश्यते। रम्यता यथा--

कलापूर्णे नित्यं जयति जगतीन्दौ त्रिजगतो
वपुष्मत्यानन्दे विमलविभवे रुद्रनृपतौ।
विना लक्ष्म प्राप्य प्रतिदिवसपूर्णा निजतनुं
प्रकाशः स्यादिन्दुर्यदि दिवि भवेत् सोऽपि सुभगः॥

अत्र प्रतापरुद्रे प्रकाशमाने चन्द्रमसः कलङ्केन विना शोभनत्वमुक्तम्। सकलगुणशालिनः प्रतिपक्षस्य पुरस्तात् तादृशगुणवत्तयैव रम्यता नान्यथेति।

समासोक्त्यलंकारः।

कलेति॥ जगतीन्दौ भूलोकचन्द्रे रुद्रनृपतौ कलापूर्णत्वादिविशेषणैः प्रतीयमानेन चन्द्रादुत्कर्षेण जयति सति इन्दुः कलङ्कराहित्येन नित्यं पूर्णः। प्रकाशत इति प्रकाशः। प्रकाशमानो दिवि यदि स्याद्भूलोके त्वेतत्संनिधानेन तथाविधोऽपि न शोभत इति भावः। स चन्द्रोऽपि सुभगो भवेदित्यशोभनत्वाभावकथनम्। तदेवाह--अत्रेति॥ सहोक्तिविनोक्त्योः सहार्थविनार्थयोरभावेऽपि तदर्थविवक्षायामुदाहरणमलंकारसर्वस्वादौ द्रष्टव्यम्। उक्तिसाम्यात् समासोक्तिं लक्षयति–विशेषणानामिति॥ स्पष्टम्। समासेन संक्षेपेणार्थद्वयकथनात् समासोक्तिः। विशेषणसाम्यं विभजते—तदिति॥

यहां प्रतापरुद्र के गुणों के वर्णन के विना काव्यश्री अरम्य है ऐसा कहा है। इससे काव्य की शोभा को चाहने वाले कवियों को प्रतापरुद्र के गुणों का वर्णन करना चाहिए ऐसी विधि प्रकाशित होती है।

रम्यता जैसे—

नित्य ही कलाओं से पूर्ण जगत् का पृथ्वी का चन्द्रमा त्रिलोकी का शरीरधारी आनन्द और विमल विभव से सम्पन्न प्रतापरुद्र के नित्यजय होते रहने में यह इन्दु कलङ्क के विना तथा प्रतिदिन पूर्ण रहने वाली अपनी तनु को प्राप्त करके प्रकाशमान हो सकता है। यदि यह सुभग स्वर्ग में प्रकाशमान रहे।

यह प्रताप के प्रकाशमान होते रहने पर चन्द्रमा कलङ्क के विना रम्य होता है ऐसा कहा है। सकलगुणशामशाली प्रतिपक्षी के सामने उसके सदृश गुणवाला ही रमणीय होता है अन्यथा माने गुणशाली हुए विना रम्य नहीं होता है।

समासोक्ति अलंकार

विशेषणानां तौल्येन यत्र प्रस्तुतवर्तिनाम् ।
अप्रस्तुतस्य गम्यत्वं सा समासोक्तिरितीष्यते ।।

यत्र प्रकृतविशेषणसाम्यादप्रस्तुतं गम्यते सा समासोक्तिः । तत्र साम्यं त्रिविधम्—श्लिष्टविशेषणं साधारणमौपम्यगर्भं चेति ।

श्लिष्टविशेषणसाम्यं यथा—

सद्यो विश्लथमेखलां पुलकितासृज्वीं तनुं बिभ्रतो
रागादन्ध्रपतेः कृपाणलतिका गृह्णाति कण्ठेष्वरीन् ।

यत्र सकृदुच्चारितशब्देनार्थद्वयं प्रतीयते तच्छ्लिष्टम् । यत्रोभयप्रवृत्तिनिमित्तैक्यं तत् साधारणम् । यत्रौपम्यगर्भसमासविशेषाश्रयणं तदौपम्यगर्भम् । तेन समासोक्तिरपि त्रिविधा । तत्राद्यं भेदमुदाहरति—सद्य इति ।। प्रयोगानुकूला मेखला कण्ठरज्जुर्यस्यास्तां तथोक्तां शिथिलकाञ्चीगुणां च । पुलकाश्छाया अस्याः संजाताः पुलकिता रोमाञ्चिता च ताम् । ऋज्वीमकुटिलां परवशः रताववामश्च । तद्योगात् कृपाणलतिकासबन्धात् । अनुरक्तोऽनुवृत्तरक्तो भावः स्वरूपं येषां ते तथोक्ता । अत एव विवशाः परवशाः । अन्यत्र तद्योगान्नायिकासंबन्धादनुरक्तभावेनानुरक्तत्वेन विवशा । मीलिताक्षाः मूर्च्छया सुखपारवश्याच्च । तथा शून्यान्तःकरणा गतमनसो विगलितवेद्यान्तःकरणाश्च । कामपि वक्तुमयोग्यां साक्षादुक्तावऽमङ्गलत्वेनाश्लीलत्वादिति भावः । भावस्थितिं षष्ठभावविकारं विनाशमित्यर्थः । अन्यत्र कामपि वक्तुमशक्यां भावस्थितिं प्रेमानुबन्धं भजन्ति । अत्र श्लिष्टविशेषणसाम्यात् स्वङ्गलतायामरिषु नायिकानायकव्यवहारसमारोप इत्याह—अत्रेति ।। द्वितीयमुदाहरसि वीतेति ।।

जहां प्रस्तुतवर्त्ती विशेषणों के तोलन से बराबर करने से अप्रस्तुत गम्य हो उसे समासोक्ति मानते है ।

जहां प्रस्तुत के विशेषणों से अप्रस्तुत व्यङ्ग्य होता है वह समासोक्ति है । यहां साम्य तीन प्रकार का है । जो श्लिष्ट विशेषण से साधारण विशेषण से एवं औपम्यागर्भ विशेषण से होने वाला है ।

उनमें श्लिष्ट विशेषण से होने वाला साम्य जैसे—

अन्ध्रपति की कृपाणलतिका तलवार जिसके म्यान की मूठ माने पकड़ने की जगह सद्यः शिथिल हो गई है हट गई है ऐसी अथच नायिका की करधनी गिर गई । पुलकिता छायायुक्ता अथच रोमाञ्चिता तनु को धारण करती हुई रागात् माने तलबार के द्वारा कट जाने से लाल हुए अथच प्रेम से अरियों के कण्ठ का ग्रहण करती हैं अथच आलिङ्गन करती है उस कृपाण लतिका के अथच नायिका

तद्योगादनुरक्तभावविवशाः संमीलिताक्षाश्चिरं
शून्यान्तःकरणा भजन्ति खलु ते भावस्थिति कामपि ॥

अत्र विश्लथमेखलां पुलकितामिति श्लिष्टविशेषणमहिम्ना कृपाणलतिकाया नायिकात्वप्रतीतिः। अनुरक्तभावविवशा इत्यादिविशेषणद्वारा रिपूणां नायकत्वप्रतीतिः। साधारणविशेषणेन यथा—

वीतव्रीडमपास्तमानमुदयद्वैस्वर्यमाविर्भवत्-
स्वेदं निर्भरगात्रवेपथु मिलन्मूर्च्छं गलद्बाष्पकम्।
संजातप्रलयं च काकतिमहीनाथ स्मरोद्वेजिता
भूपाः शैलगुहासु यान्ति विजनं भीत्या समालिङ्गिताः ॥

व्याख्ययातमेतत्। अत्र वीतव्रीडादिविशेषणानामुभयत्रैकार्थत्वं साम्यं, तद्बलाद्भीरूणां शृङ्गारनायकव्यवहारसमारोप इत्याह अत्रेति ॥ व्रीडव्ययादिधर्मसमारोपोऽत्र निमित्तम्। 'द्यामालिलिङ्ग मुखमाशु दिशां चुचुम्ब' इत्यत्रेक्षणाग्नौ युवनायकव्यवहारारोपे आलिङ्गनादिकार्यसमारोपः कारणम्। साधारणविशेणसाम्ये धर्मकार्ययोरन्यतरारोपं विना व्यञ्जनव्यापारोद्भेदनेनाप्रकृतप्रतीतेरसंभवात्। एवं च द्वितीयो भेदो द्विविधो जातः। तृतीयमुदाहरति—भृतात्मेति ॥ गुणा रत्नानीवेत्युपमितसमासस्य गुणा एव रत्नानीति रूपकसमासस्य च साधकबाधकाभवात् सन्देह-

---

के योग से सम्बन्ध से मेल से अनुरक्तभाव खून से लाल हुए तथा विवश हुए माने असमर्थ हुए अथच अनुराग प्रेम के भाव से विवश हुए मूर्च्छा से मीलताक्ष हुए जिनकी आंखों का स्पन्दन रुक गया अथच सुखपारवश्य से मीलिताक्ष हुए शून्य अन्तःकरण हुए दुश्मन चिर कालतक भाव स्थिति भावनामयी स्थिति का अथच श्रृंगारमव आशय की स्थिति का भजन करते हैं।

यहां मेखला शब्द में श्लेष है मेखला माने तलवार के पकड़ने की मूठ और करधनी। पुलकित में श्लेष नहीं है। अन्यपदों में जहां श्लेष है उसे हिन्दी व्याख्या में दिखा दिया है। इन शिलष्टविशगणों की महिमा से नायिकात्व की प्रतीति हो जाती है। और अनुरक्तभावावशादि बिशेषणों के द्वारा रिपुओं में नायकत्व की प्रतीति हो जाती है।

साधारण विशेषण से जैसे—

काकतिनाथ को याद कर के उद्विग्न अत एव भीति से समालिङ्गित हुए राजा लोग एकान्त में गुहाओं में जाते है। जो लज्जा रहित हो गये हैं। अहंभाव जिन के नष्ट हो गये हैं। कण्ठ में विस्वरता माने भर्राहट हो गई है। मूर्च्छा आ गई है आँसू गिरने लगे हैं और प्रलय हो गया है।

अत्र शृङ्गारभयानकसाधारणविशेषणबलाद् भीत्या समालिङ्गिता इति नृपाणां नायकत्वप्रतीतिः। औपम्यगर्भविशेषणेन यथा—

भृतात्मा गुणरत्नौघैः पूर्णः सौजन्यवारिणा।
प्रतापरुद्रनृपतिर्धत्ते विश्वंभराश्रियम्॥

अत्र समासोक्तौ सर्वत्र व्यहारसमारोप एव जीवितम्। स चतुर्विधः। लौकिके वस्तुनि लौकिकव्यवहारसमारोपः, शास्त्रीयवस्तुव्यवहारसमारोप श्चेति द्विविधः। तथा शास्त्रीयवस्तुनि शास्त्रीयवस्तुव्यवहारसमारोपः, लौकिकवस्तुव्यहारसमारोश्चेति। एवं चतुर्विधः। यथाक्रममुदाहरणानि।

संकरः। ततो गुणसदृशै रत्नैरिति मध्यमपदलोपी समासः। एवमुत्तरत्रापि। इत्थमौपम्यगर्भविशेषणसाम्येन प्रतापरुद्रे समुद्रव्यवहारप्रतीतेः समासोक्तिः। यत्रोपमासमासे साधकमस्ति, यथा 'दन्तप्रभापुष्पचिता लोलाक्षी चारुहासिनी। केशपाशालिवृन्देन सुवेषा हरिणेक्षणा॥' इत्यत्र सुवेषत्वं तत्रोपमासमासानन्तरं मध्यमपदलोपिसमासो द्रष्टव्यः। तथा च तृतीयभेदस्यापि द्वैविध्यं सिध्यतीत्येवं पञ्चप्रकारा समासोक्तिः। तदुक्तमलंकारसर्वस्वे—'तदेवं श्लिष्टविशेषणसमुत्थापितैका। साधारणविशेषणसमुत्थापिता धर्मकार्यसमारोपाभ्यां द्विधा। औपम्यगर्भविशेषणसमुत्थापिता तूपमा संकरसमासाभ्यां द्विभेदा' इति। यत्र 'निरीक्ष्य विद्युन्नयनैः पयोद' इत्यादौ निरीक्षणादिकं रूपके साधकमस्ति तत्रैकदेशविवर्ति रूपकमेव न समासोक्तिरित्यादिविशेषा अपि तत्रैव द्रष्टव्याः। विशेषान्तरमाह—अत्रेति॥ व्यवहारसमारोप एवेत्येवकारो रूपसमारोपव्यवच्छेदार्थः। तथा हि—यदा विशेषणसाम्यादप्रस्तुतं प्रस्तुतविशेष्यत्वेन प्रतीयते न तु प्रयुज्यते तदा निष्प्रतियोगिकत्वेनापरित्यक्तस्वरूपस्य राजादेर्विशेषणसाम्यावगमितेनाप्रस्तुतसमुद्रत्वादिधर्मेण विशिष्टतया

यहां शृंगार और भयानक रस के साधारण विशेषण के बल से भीति से समालिङ्गित है इससे राजाओं में नायकत्व की प्रतीति हो रही है।

औपम्यगर्भवाले विशेषण से जैसे—गुणमय रत्नों से जिनका स्वरूप भृत् है माने गुणमय रत्नजटित भूषणों को पहिने हुए है और सौजन्यजलसे परिपूर्ण है ऐसे प्रतापरुद्र विश्वम्भरा की शोभा का धारण किय हुए हैं। यहां औपम्मगर्भविशेषणों से राजा में समुद्रत्व की प्रतीति है। यहां समासोक्ति में सर्वत्र व्यवहार का समारोप जीवित है। वह समारोप ४ प्रकार का है। लौकिकवस्तु में लौकिक व्यवहार का अथवा शास्त्रीय व्यवहार का समारोप ये दो प्रकार तथा शास्त्रीवस्तु में शास्त्रीयव्यवहार का और लौकिक व्यवहार का समारोप ये दो प्रकार हैं इस तरह चार प्रकार का है। क्रमशः उदाहरण देते हैं।

सप्ताङ्गस्फुरदुद्दामदानलक्ष्मीविराजितः ।
प्रतापरुद्रो भद्रात्मा तनुते सार्वभौमताम् ।।

अत्र लौकिके प्रकृतवस्तुनि लौकिकस्य सार्वभौमनामधेयस्य दिग्गजस्य व्यवहारप्रतीतिः ।

प्रतीतेः व्यवहारसमारोपः । यदा त्वप्रस्तुतमपि विशेष्यं प्रयुज्यते तदा तत् प्रस्तुतमर्थं स्वेन रूपेण रूपवन्तं कृत्वा न्यग्भवति । प्रस्तुतमपि स्वरूपं परित्यज्याप्रस्तुतताद्रूप्यमुपगृह्णाति । अतस्तत्र रूपसमारोप एव । तदुक्तम्—'अप्रस्तुतं प्रतीतं चेत् भेदकांशैकसाम्यतः । व्यवहारं समारोप्य प्रस्तुते न्यग्भवत्यय ।। तेनाप्रस्तुतवृत्तान्तारोपेण प्रस्तुतं स्वयम् ।संक्षेपेणोच्यते यस्मात् समासोक्तिरियं तदा ।। स्याद्विशेष्यांशसाम्यं चेत् प्रस्तुताकाररूपितम् । भवेदप्रस्तुतं वेद्यं रूपकालंकृतिस्तदा ।। इति । अत्राप्रस्तुतस्य प्रतीयमानत्वात् व्यवहारसमारोप एवेति भावः । तं चतुर्धा विभजति—स इति । वस्तुनि जात्यादौ । क्रमेणोदाहरति—सप्ताङ्गेति ।। स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशराष्ट्र दुर्गबलानि सप्ताङ्गनि; तद्गोचरया दानलक्ष्म्या त्यागवैभवेन विराजितः । अदेयमस्य किमपि नास्तीति भावः । अन्यत्र सप्ताङ्गानि करादीनि तत्र स्फुरन्त्या स्रवन्त्या दानलक्ष्म्या मदवैभवेन विराजितः । तदुक्तम्—'करात् कटाभ्यां मेढ्राच्च नेत्राभ्यां च मदस्रुतिः' इति पालकाव्ये ।' करात् नासारन्ध्राभ्यामित्यर्थः । भद्रात्मा मङ्गलमूर्तिः । अन्यत्र भद्रजातिः । तल्लक्षणं मतङ्गज इति प्रतीयते । सर्वभूमेरीश्वरः सार्वभौमः । तस्येश्वरः' इत्यण्प्रत्ययः । अनुशतिकादित्वात् उभयपदवृद्धिः । तत्तां चक्रवर्तित्वम् । अन्यत्र सार्वभौमतां दिग्गजविशेषत्वं तनुते । अतः प्रकृतप्रतापरुद्रेऽप्रकृतभद्रगजव्यवहारसमारोपः । लौकिके वस्तुनि शास्त्रीयवस्तुव्यवहारसमारोपमुदाहरति—गुर्विति ।। गुरुणां श्रेष्ठेन प्रमाणेन ध्वजादिशुभायविशिष्टप्रमाणेनेत्यर्थः । आयुधानां ध्वजाद्याया जयावहा इति तद्विदः । अन्यत्र प्रमाणेनानुमानेन तस्यैव कथासाधनत्वात् । गौरवं चास्य व्याप्तिपक्षधर्मतावैशिष्ट्यनिबन्धनं

स्वामी अमात्य सुहृत् राष्ट्र कोष दुर्ग एवं बल इन सात अंगों में चमकती हुई उत्कट दानलक्ष्मी से याचकों के लिए किये गये त्यागवैभव से विराजित है तथा भद्रात्मा मंगलमूर्ति प्रतापरुद्र की सार्वभौमता सर्वभूमीश्वरत्व का अथच कर माने शूंड उसकी दो नासिकाओं से गण्डस्थलों, से मेढ से और दो नेत्रों से चूने वाले उद्दाममद से विराजित भद्रजातीय सार्वभौमनामक दिशागजत्व का विस्तार करते हैं ।

यहां लोकिक वस्तु में माने प्रकृत राजा में सार्वभौम नामधेय दिशागज के व्यवहार का समारोय हैं । जिससे उसमें गजत्व की प्रतीति हो रही है ।

तथा—

गुरुप्रमाणेन निजेन सद्यस्तिरस्कृतोद्यत्प्रतिपक्षहेतौ ।
प्रतापरुद्रस्य समित्युदग्रे खड्गे महत्खण्डनपण्डितत्वम् ॥

अत्र लौकिके खड्गे तर्कशास्त्रप्रसिद्धवस्तुव्यवहारसमारोपः ।

द्रष्टव्यम् । प्रतिपक्षस्य शत्रोः प्रतिवादिनश्च । हेतिरायुधं हेतुरमानं चेति । इकारोकारयोः श्लेषः । उद्यदिति शत्रा प्रयोगप्रारम्भ एवानयोः पराभव इति लभ्यते । समिति युद्धे सभायां च । खण्डनपण्डितत्वं विदारणकौशलम् अन्यत्र दूषण नैपुण्यम् अत्र विशेषणसाम्याद्वैतण्डिकः प्रतीयते । शास्त्रीये वस्तुनि शास्त्रीयवस्तुव्यवहारसमःरोपमुदाहरति—अपूर्वेति ॥ अपूर्वस्यार्थस्य श्लाघया कथनेन गुरूणां श्लाघ्यानां भणितानां वाक्यानां यत् सारस्यमभिमुखीकरणयोग्यत्वं तस्य पदवी स्थानमित्यर्थः । पदे पदे प्रतिपदम् । श्रुतिग्राह्यं श्रोत्रेन्द्रियग्राह्यम् । अनिर्वचनीयम् । तत्त्वं माधुर्यरूपम् । कलयन्ती धारयन्ती । श्रुतिकटुत्वादिदोषराहित्येन श्लेषादिगुणसाहित्येन च स्रवत्सुधामधुरशब्दार्थशरीरेत्यर्थः । प्रबन्धश्रीः काव्यनाटकादिप्रबन्धलक्ष्मीः विजयते यस्यां बुधश्रेणी विदग्धपरिषद् निगूढमधिकतुं रसमास्वादयितुं प्रभवति । अधिकारस्य फलस्वाम्यलक्षणत्वात् सहृदय एवात्राधिकारी नान्य इत्यर्थः । अपूर्वाणामर्थानां चोदनैकसमधिगम्यत्वेन प्रमाणान्तरागोचराणामग्निहोत्रादीनां श्लाघया कथनेन गुरूणां श्रेष्ठानां भणितानां विधिवाक्यानां यत् सारस्यमर्थवादप्रयुक्तं प्रवर्तनौन्मुख्यं तस्य पदवी स्थानं विध्यादिविचारसध्रीचीनेत्यर्थः । श्रुतिशब्देन श्रुत्येकदेशो गृह्यते । तेन श्रुतिग्राह्यं लिङादिप्रत्ययवेद्यमत एव किमप्यलौकिकं तत्त्वं श्रेयःसाधनतारूपं धर्मम् । अत एवोक्तमाचार्यैः—'श्रेयः साधनता ह्येषां नित्यं वेदात् प्रतीयते । ताद्रूप्येण च धर्मत्वं तस्मान्नेन्द्रियगोचरः ॥' इति । पद्यते गम्यते प्रामाण्यादिकमेभिरिति पदानि न्यायाः । प्रतिपदं सहस्रेणापि न्यायैरित्यर्थः । कलयन्ती इतिकर्तव्यतारूपेण प्रतिपादयन्तीत्यर्थः । मीमांसेति गम्यते । तदुक्तमाचार्यैः—'धर्मे प्रमीयमाणे हि वेदेन

वैसे ही । अपने गुरुप्रमाण से उदीयमान शत्रु के हेतियोंको आयुधों को सद्यः तिरस्कृत कर देने वाले प्रतापरुद्र के उद्दामखड्गका युद्ध में खण्डन करने में महत् पाण्डित्य है । अथच अपने निज दुर्भर गुरु प्रमाण से प्रतिपक्ष विवादी के उद्यत हेतु का सद्यः तिरस्कृत करने में खण्डन में महत् पाण्डित्य वैतण्डिक में है । यहां हेतौ में हेति एवं हेतु का श्लेष है ।

यहां लौकिक खड्ग में तर्कशास्त्र प्रसिद्ध वितण्डारूप वस्तु के व्ययहार का समारोय है अतः वैतण्डिकत्व खड्ग में प्रतीत होता है ।

तथा—

अपूर्वार्थश्लाधागुरुभणितसारस्यपदवी
श्रुतिग्राह्यं तत्त्वं किमपि कलयन्ती प्रतिपदम्।
प्रबन्धश्रीर्वीरक्षितिभुजि कवीनां विजयते
बुधश्रेणी यस्यां निपुणमधिकर्तुं प्रभवति॥

करणात्मना। इतिकर्तव्यताभागं मीमांसा पूरयिष्यति॥' इति। यस्यां मीमांसायां बुधश्रेणिः निगमनिरुक्तादिविद्यानिष्णातविद्वत्सङ्घ एवाधिकर्तुं प्रभवति, तस्यैवाधिकारादिति भावः। तदुक्तं जिज्ञासाप्रस्तावे—'जिज्ञासैकोपनीतस्य द्वितीया पठितश्रुतेः। ज्ञातविद्यान्तरस्यान्या मीमांसा तत्पुरस्सरी॥' इति। अथवा मतान्तरेणार्थान्तरं तु—क्रियादिव्यतिरिक्तं स्थायिकार्यं प्रमाणान्तरागोचरमपूर्वम्। तदुक्तं शारिकनाथेन—'क्रियादिभिन्नं यत् कार्यं वेद्यं मानान्तरैर्न तत्। अतो मानान्तरापूर्वमपूर्वमिनि गीयते॥' इति। तदेवार्थो वाक्यार्थः, प्रधानत्वात्। तदुक्तम्—'कार्यस्यैव प्रधानत्वाद्वाक्यार्थत्वं च युज्यते' इति। एवमादेः श्लाघा कत्थनम्। तत्प्रधानानां गुरुभणितानां निबन्धनविवरणादिप्रभाकरग्रन्थानां यत् सारस्यं प्रसन्नगम्भीरत्वं तस्य पदवी स्थानं तथाविधग्रन्थयुक्तेत्यर्थः। श्रुतिग्राह्यं लिङादिवाच्यम्। एवं कार्यात्मके ह्यर्थे व्युत्पद्यन्ते लिङादयः' इति शारिकोक्तेः किमप्यलौकिकं तत्वम्। 'कार्यत्वेन नियोज्यं च स्वात्मनि प्रेरयन्नसौ। नियोग इति मीमांसानिष्णातैरभिधीयते॥' इत्युक्तलक्षणनियोगापरपर्यायं धर्मं प्रतिपदं

अपूर्व माने आरम्भ से लेकर आज तक किसी ने भी जिसका स्पर्श भी नहीं किया ऐसे अर्थ के प्रतिपादन से जो श्रेष्ठवाक्यों का सारस्य है अभिमुखीकरणयोग्यता हैं उसकी पदवी उसका स्थान तथा पद पद में श्रुति ग्राह्य कर्ण से ग्रहण करने लायक तत्व याधुर्य का कलन धारण करने वाली कवियों की रुद्रराजा के सम्बन्धी प्रबन्धश्री सर्वोपरि है सर्वोत्कृष्ट है जिसमें बुधमण्डली सुन्दरता से अधिकार करने के लिए समर्थ हैं।

अपूर्व अर्थ माने प्रेरणामात्र से अधिगम्य होने से अन्य प्रमाणों से प्राप्त नहीं होने वाले अग्निहोत्रादि के कथन में उत्तम विधिवाक्यों का जो सारस्य है, अर्थवादप्रयुक्तप्रवृत्तिकरणोन्मुखत्व है उसकी पदवीं उसका स्थान अग्निहोत्रं जुहुयादित्यादि में प्रयुक्त लिङ्गादि प्रत्यय वेद्यत्व अत एव किमपि अलोकिक तत्त्व माने श्रेयः साधन रूप धर्म। प्रतिपद माने प्रत्येक न्यायों से पद्यते गम्यते प्रामाण्य मेभिरिति पदानि न्यायाः इस विग्रह का आधार यहां पर है] कलन करने वाली मीमांसा है। जिस में बुधश्रेणि माने निगम निरुक्तादि में निष्णात पण्डित गण ही अधिकार करने के लिए अनुष्ठान करने के लिए समझने के लिए समर्थ है।

अत्र सर्वसाधरणे वस्तुनि तन्त्रशास्त्रप्रसिद्धवस्तुव्यवहारसमारोपः ।

तथा— सालंकारा लसद्वर्णा सगुणा रसनिर्भरा ।
भावानुबन्धिनी भाति भारती काकतीश्वरे ।।

अत्रालंकारशास्त्रीये वस्तुनि भारत्याख्ये लौकिकनायिकाव्यवहार-समारोपः । समासोक्तौ विशेषणविशेष्ययोर्द्वयोरुपादानाभावाच्छ्लेषाद्विशेषः । अन्येषामप्यलंकाराणामुक्तिसाम्येऽपि श्लेषगर्भत्वंविशेषा वक्रोक्तिरुच्यते—

कलयन्तीत्यादि पूर्ववत् । लक्ष्ये लक्षणं योजयति—अत्रालंकारेति ।। तच्च शास्त्रमत्र भाट्टं प्राभाकरं चेत्युभयं विवक्षितम् । शास्त्रीये वस्तुनि लौकिकव्यवहारसमारोपमुदाहरति—सालंकारेति ।। अलंकारैरुपमादिभिः कटकादिभिश्च सहिता 'सालंकारा । लसद्वर्णा मधुराक्षरा मनोज्ञकान्तिश्च । सगुणा श्लेषादिगुणयुक्ता गाम्भीर्यादिगुणसहिता च रसेन शृङ्गारादिनानुरागेण च । निर्भरा पूर्णा । काकतीश्वर विषये । भावोऽभिप्रायः प्रेमा च । तस्यानुबन्धो विच्छेदाभाव ।' तद्वती । भारती वाणी । नायिका तु गम्यते । ननु यत्र श्लिष्टविशेषणसाम्यं तत्र श्लेष एवालंकारः कस्मान्न भवतीत्यत्राह—समासोक्ताविति ।। अप्रकृतविशेष्यस्यापि पृथगुपादाने

यहां सर्वसाधारणवस्तु में मीमांसातन्त्र प्रसिद्ध वस्तु के व्यवहार का समारोप है । अलंकारशास्त्रीयं वस्तु यह लेख गप्प है । हां इसके आगे वाले सालंकारा श्लोक में अलंकारशास्त्रीय वस्तु है । अथ

अलंकारास्तु माने उपमादि अलंकारों से अथच कटक कुण्डलादि से युक्त लसद्वर्णा वर्ण माने अकारादि अक्षर जिसमें सुन्दर है तथा वर्ण रूपलावण्यादि जिस में चमकते हैं । सगुणा ओज-प्रसाद एवं माधुर्य गुणों से सम्पन्न तथा सुन्दरतादि बाह्य गुण अथच गाम्भीर्यादि मनोनिष्ठ गुणों से सम्पन्न । रस शृङ्गारादि से निर्भरा परिपूर्णा तथा अनुराग से विह्वल । भारती वाणी तथा इस नामवाली नायिका काकतीश्वर को अच्छी लगती है ।

यहां अलंकारशास्त्रीय वस्तु कविकर्मभूत काव्यरूप भारती में लौकिक नायिका के व्यवहार का समारोप है ।

यह श्लेषमयी वाणी है । किन्तु समासोक्ति नहीं है । समासोक्ति में केवल विशेषण ही श्लिष्ट होते हैं बिशेष्य एवं विशेषण दोनों में श्लेष नहीं होता है । यह श्लेष से समासोक्ति में वैशिष्टय है ।

उक्ति शब्द का निबन्धन जिनमें है ऐसे यद्यपि और भी अलंकार है तद्यपि श्लेषगर्भत्व का प्रसङ्ग है अतः इस प्रसङ्गवाली वक्रोक्ति को कहते हैं ।

वक्रोक्त्यलंकारः ।

अन्यथोक्तस्य वाक्यस्य काक्वा श्लेषेण वा भवेत् ।
अन्यथा योजनं यत्र सा वक्रोक्तिर्निगद्यते ।।

यत्र कयाचिद्विवक्षया केनचित्प्रयुक्तस्य वाक्यस्यान्येन अन्यथा विवक्षया योजना क्रियते सा वक्रोक्तिः । उक्तिवक्रत्वे कथंचित् संभवत्यप्येवंविधलक्षणाभावात् सर्वालंकारेभ्यो भिद्यते । काक्वा यथा—

* बहुवल्लहो खु राआ सहि तस्स सिरिंमि णिम्भरासत्ती ।
णूणा सिरिए वि तुमं अप्पाणं किं णु लहुवेसि ।।

---

* बहुवल्लभः खलु राजा सखि ! तस्य श्रियां निर्भरासक्तिः ।
न्यूना श्रियोऽपि त्वमात्मानं किं नु लघयसि ।।

श्लेषः । तदभावादत्र न श्लेषत्वमिति भावः । वक्रोक्तेः संगतिपूर्वकं लक्षणमाह—उक्तिसाम्य इत्यादिना ।। अन्यथोक्तस्येति ।। केनचिदिति शेषः अन्यथा योजनमिति ।। अपरेणेति शेषः । तदेतद् व्याचष्टे—यत्रेति ।। सर्वेभ्यो भेदमाह—उक्तीति ।। वक्रत्वं वैचित्र्यम् । संभवत्यपीति ।। सर्वालंकारेष्विति शेषः । विच्छित्तिमात्रवाचिनो वक्रशब्दस्योक्तविशेषे पर्यवसानात् सर्वविलक्षणत्वमिति भावः । काकुमूलां वक्रोक्तिमुदाहरति—बह्विति ।। (अप्पाणमित्यत्र आत्मनि पः इति सूत्रेणात्मशब्दे युक्तवर्णस्य पकारादेशः ।) अत्र प्रथमार्धे नायिकया संभावितस्यात्मन्यूनत्वस्य द्वितीयार्धे सख्या श्रियो न्यूनेत्यत्र काक्वा निषेधयोजनात् वक्रोक्तिः ।

वक्रोक्ति अलंकार

अन्यथा माने प्रकारान्तर से कहे हुए वाक्य की श्लेष या काकुके द्वारा अन्यथा माने प्रकारान्तर से जहां योजना होती है वह वक्रोक्ति कही जाती है ।

जहां कुछ कहने की इच्छा से किसीने कोई वाक्य कहा उसका तात्पर्य किसी ने कुछ अन्य ही समझलिया तदनुसार वह अन्यथा योजना संगति करता है तव वहाँ वक्रोक्ति होती है । उक्तिमें वक्रता माने कथन में विलक्षणता होनी सभी अलंकारोंमें सम्भव है तथापि इस प्रकार का वैलक्षण्य अन्यत्र नहीं है इसी में ही है अतः यह सभी अलंकारों से भिन्न ही है । काकुसे जैसे—

हे सखि ! राजाओं के बहुत वल्लभाएं होती है किन्तु इसकी अत्यन्त आसक्ति श्री में है । क्या तुम श्री से न्यून हो जो तुम अपने को तुच्छ करती हो या समझती हो । नहीं नहीं तुम तुच्छ नहीं हो ।

अत्र त्वमपि श्रियो न्यूनगुणा न भवसि। अतस्त्वय्यपि नृपतिरासक्त एव, किमित्यात्मानं लघूकरोषीति काक्का प्रतीयते।

श्लेषेण यथा—

कस्ते सुन्दरि वर्तते हृदि सदा राजा किमिन्दुर्न हि
क्षोणीभृत्तिलकः सुमेरुरयि किं नो रुद्रदेवो विभुः।
ईशः किं सखि! सत्यमात्थ सुभगे! त्वं गोत्रसारोद्भवे-
त्याल्यां खल्वपहासवाचि विरहं किंचिद्वधूर्व्यस्मरत्॥

स्वभावोक्तिरलंकारः

श्लेषमूलामुदाहरति—क इति॥ अत्र सखीनायिकयोरुक्तिप्रत्युक्तितया नव वाक्यानि योजनीयानि। राजा नृपश्चन्द्रश्च। क्षोणीभृत्तिलको राजश्रेष्ठः पर्वतोत्तमश्च रुद्रदेवः प्रतापरुद्रो रुद्रश्च। सत्यमात्थ ब्रूषे! गोत्रसारोद्भवा सत्कुलप्रसूता पर्वतराजपुत्री च। अपहासप्रधाना वाचो यस्यास्तस्यामपहासवाचि विरहं वियोगदुःखं किंचित व्यस्मरत्। वक्रोक्तिविपर्ययेण स्वभावोक्तिं लक्षयति—स्वभावेति॥ चारु सम्यग-

---

यहां तुम भी श्री से न्यून गुणों वाली नहीं हो अतः तुम्हारे में भी नृपति आसक्त ही है। तव क्यों अपने आपको लघु करती हो।

श्लेष से जैसे—

हे सुन्दरि! तुम्हारे हृदय में कौन हैं। उत्तर—अरी राजा हे! प्रश्न—अच्छा राजा है इन्दु नहीं है। उत्तर-वह क्षोणी को धारण करने वालों में तिलक है। अच्छा राजोत्तम है। उत्तर-नहीं पर्वतोत्तम है। प्रश्न-अयि सुमेरु है रुद्रदेव राजा नहीं है। उत्तर—अच्छा इस राजा के विषय में तुम पूछती हो। सच तुमने कहा। क्यों कि हे सुभगे! तुम गोत्रसार में प्रसूत है उत्तम कुल में उत्पन्न हुई हो। अथवा ईश माने ईशान शिव के बारे में तुमने प्रश्न किया सच है तुम्हारा प्रश्न। क्यों नहीं सच होगा क्यों कि हे सुभगे! तुम गोत्रसार पर्वत श्रेष्ठ हिमालय से पैदा हुई हो। यहां श्लेष स्पष्ट है। इस तरह सखी के अपहास के वाक्यों को सुनने से वधू विरह को कुछ भूलसी गई।

स्वभावोक्ति अलंकार

स्वभावोक्तिरसौ चारु यथावद्वस्तुवर्णनम् ।

यत्र चारुतया वस्तुनो यथावद्वर्णनं निबध्यते सा स्वभावोक्तिः ।

यथा— मदश्च्युता नर्तितकर्णतालमुद्धूतमूर्ध्ना त्रिपदस्थितेन ।
लोलाग्रहस्तेन गजेन जातो नित्योत्सवः काकतिवीररुद्रः ॥

व्याजोक्त्यलंकारः ।

अथोक्तिसाम्याद् व्याजोक्तिरुच्यते ।

व्याजोक्तिः सा समुद्भूतं वस्तु यत्र निगूह्यते ।

यत्र प्रकाशं वस्तु साम्यगर्भत्वेन निगूहनार्हत्वात् केनचित् व्याजेन प्रच्छाद्यते सा व्याजोक्तिः । यथा—

ग्राम्यम् यथावदन्यूनातिरेके वस्तुनो वर्णक्रियासंस्थानरूपस्य वस्तुस्वभावस्य कविप्रतिभैकगोचरस्य वर्णनमसौ स्वभावोक्तिः । अत एवेदं ग्राम्यं नालंकार इत्युक्तं दोषप्रकरणे । उदाहरति—मदेति ॥ मदश्च्युता मदस्राविणा । नर्तितकर्णतालं यथा भवति तथा उद्धूतमूर्ध्ना कम्पितकुम्भस्थलेन । त्रिभिः पदैः स्थितं स्थितिर्यस्य तेन त्रिपदस्थितेन । अग्रश्चासौ हस्तश्चेत्यवयवावयविनोरभेदविवक्षायां विशेषणसमासः । यदाह वामनः—'हस्ताग्राग्रहस्तादयो गुणगुणिनोर्भेदाभेदात्' इति । अत्र क्रियास्वभाववर्णनम् । एवं वर्णसंस्थानयोरुदाहार्यम् । व्याजोक्तेः संगतिमाह—उक्तीति ॥ लक्षणमाह—व्याजोक्तिरिति ॥ व्याचष्टे—यत्रेति ॥ प्रकाशं निगूढचरं कुतश्चिन्निमित्तात् प्रकटमित्यर्थः । अत्र वस्त्वन्तरप्रक्षेपरूपस्य व्याजस्य वचनाद्

स्वभावोक्ति वह है जहां चारुता के साथ स्वाभाविक वस्तु का वर्णन होता है । जहां सुन्दरता से जो जैसी है उसको यथावत् माने उसी रूप में निबन्धन जहां करते हैं वह स्वभावोक्ति है । जैसे

काकतिवीररुद्र नित्य गजके साथ क्रीडा करता है । उसके गजको मद चू रहा है । वह तालाकार कानों को नचाता हुआ मस्तक को ऊँचा कर रहा हैं । तीन पैरों से स्थित है और अग्रहस्त शूंड को हिला रहा है ।

यहां गज के स्वभाव का बिलकुल ठीक साथ वर्णन किया है । स्वाभाविक कथन के विरुद्ध व्याज से कथन को व्याजोक्ति कहते हैं व्याजोक्ति वह अलंकार है जहां समुद्भूत हुई माने प्रकाश में आई हुई वस्तु को छिपाते हैं । जहां प्रकाश में आई वस्तु साम्यगर्भ होने से निगुहन के छिपाने के योग्य हो गई है अतः किसी व्याज से बहाने से किसी वस्तु को जहां छिपाते हैं वह व्याजोक्ति है । जैसे

क्षोणीपाणिग्रहणसमये संमदाद्रोमहर्षे
सर्वाङ्गीणे नृपतितिलकः काकतीयान्वयेन्दुः।
धीरोदात्तः शिशिरसलिलैः किं नु राज्याभिषेकः
कर्तव्यः स्यादिति मृदु हसन् वीक्षते मन्त्रिवृद्धान् ॥

अत्र क्षोणीपाणिग्रहणजनितं रोमहर्षणं धीरोदात्ततया प्रतापरुद्रदेवेन महाभिषेकसलिलशैत्यव्याजेन प्रच्छादयता मन्त्रिणो वीक्ष्यन्ते।

मीलनालंकारः।

व्याजोक्त्युत्तरं किंचित्साम्यान्मीलनमुच्यते।

मीलनं वस्तुना यत्र वस्त्वन्तरनिगूहनम् ॥

यत्र वस्तुना वस्त्वन्तरं प्रच्छादितं भवति स मीलनालंकारः। स द्विविधः। सहजेनान्तुकतिरोधानमागन्तुकेन सहजतिरोधानं चेति। यथाक्रममुदाहरणे—

व्याजोक्तिरित्यर्थः। उदाहरति—क्षोणीति॥ सर्वाण्यङ्गानि व्याप्नोतीति सर्वाङ्गीणः 'तत्सर्वादेः' इति खप्रत्ययः। अत्र निगूढः क्षोणीपाणिग्रहणजन्यो हर्षो रोमहर्षेण प्रकाशित। सलिलशैत्यव्याजेनाच्छाद्यत इत्याह—अत्रेति॥ धीरोदात्ततया गाम्भीर्येणाच्छादितस्यापि हर्षस्य मृदुहासेन पुनः प्रकाशनं लक्षणान्तःपातीति रहस्यम्। मीलनं संगमयति—व्याजोक्तीति॥ लक्षयति मीलनमिति॥ उत्कृष्टवस्तुनापकृष्ट-

---

क्षाणी के पाणिग्रहण के समय में आनन्द से सभी अंगों में रोमहर्ष हो जाने पर काकतीयवंश का चन्द्र धीरोदात्त राजाओं में श्रेष्ठ प्रतापरुद्र है। क्या आप लोग राज्याभिषेक करने के लिए उद्यत है ऐसा वृद्ध मंत्रियों को कहते हैं।

यहां पृथ्वी के पाणिग्रहण में उत्पन्न हुए रोमाञ्चको वीररुद्र राजा धीरोदातता से राज्याभिषेक सम्बन्धी जल सम्भूत शैत्य के बहाने छिपाते हुए मंत्रियों से मृदु हास कर रहे हैं।

मीलन अलंकार

व्याजोक्ति के बाद व्याजोक्ति से कुछ समानता होने से मीलन को कहते हैं। जहां एक वस्तु से दूसरी वस्तु का निगूहन है वह मीलन है।

जहां वस्तु से वस्वन्तर का प्रच्छादन होता है वह मीलन अलंकार है। वह दो प्रकार का है। एक वह है जहां स्वाभाविक वस्तु से आगन्तुक वस्तु का तिरोधान होता है दूसरा वह है जहां आगन्तुक वस्तु से स्वाभाविकवस्तु का विरोधान होता होता है—जैसे

उग्रैः काकतिवीररुद्रनृपतेर्दोर्दण्डविस्फूर्जितै-
र्युद्धप्राङ्गणवर्जितेषु पतिषु क्वापि प्रलीनात्मसु ।
विष्वक्तीव्रतरस्मरज्वरजुषामङ्गे द्विषद्योषितां
संक्रान्तोऽपि न लक्ष्यते पथि महानूष्मा चिरं मारवः ॥

अत्र सहजेन रिपुकामिनीगतेन स्मरानलोष्मणा मार्गवशादागन्तुको मरूष्मा तिरोधीयते । यथा—

प्रतापरुद्रस्य भुजप्रभावादन्तर्भयाद्भूमिभुजामजस्रम् ।
स्वेदाश्रुकम्पाद्युदयेऽप्यनङ्गगोष्ठ्यां स्त्रियः प्रेम्णि न विश्वसन्ति ॥

अत्र भयजनितेन कम्पादिनागन्तुकेन सहजस्य प्रेमजनितस्य कम्पादेस्तिरोधानम् ।

वस्तुनिगूहनं मीलनमित्यर्थः । अत एव गुणसामान्यनिबन्धनात् सामान्यादस्य भेद इति द्रष्टव्यम् । सहजेनागन्तुकतिरोधानमुदाहरति—उग्रैरिति ॥ दोर्दण्डविस्फूर्जितैः भुजविजृम्भितैः । युद्धप्राङ्गणवर्जितेषु वर्जितयुद्धप्राङ्गणेष्वित्यर्थः । 'वाहिताग्न्यादिषु इति परनिपातः । लक्षणं योजयति—अत्रेति ॥ आगन्तुना सहजतिरोधानमुदाहरति—प्रतापेति ॥ भुजप्रभावात् पराक्रमात् भयहेतोः । अन्तर्गतं भयमन्तर्भयमाकारगोपनेनानभिव्यक्तमित्यर्थः, तस्माद्धेतोः । भूमिभुजः संबन्धिनि प्रेम्णि विषये न विश्वसन्ति । प्रेममूलानामपि स्वेदादीनां भयानुभावत्वशङ्कयेति भावः ।

काकतिवीररुद्र राजा के उग्र भुजाओं के प्रहारों से भयभीत जिन के पति युद्ध भूमि को छोड़ कर कहीं पर छिप गये । तब उन की औरतों के कामार्त्त अङ्गों में संक्रान्त हुई भी मरुभूमि की महती गरमी लक्षित नहीं हो रही है ।

यहां नृपस्त्रियों में सहज कामाग्नि की गरमी में मार्ग से चलने के कारण होने वाली आगन्तुक मरुभूमि की गरमाहट छिप गई । यथा प्रतापरुद्र के भुजों के प्रभाव से दुश्मनों के अन्तः करण में निरन्तर उद्धत हुए भय को जानकर [भयात् यह ल्यप्लोया पञ्चमी है । अतः भयं ज्ञात्वा ऐसा अर्थ किया है] स्त्रियां अनङ्ग गोष्ठी में उन राजाओं के शरीर में स्वेद आँसू एवं कम्पन के हो जाने पर भी प्रेम से ये हुए हैं ऐसा विश्वास नहीं करती हैं ।

हां भयजनित आगन्तुक कम्पादि से सहज प्रेम जनित कम्पादि का तिरोधान हो गया है ।

सामान्यालंकारः ।

सामान्यं गुणसाम्येन यत्र वस्त्वन्तरैकता ।

यत्र एकस्य वस्तुनो गुणसाम्येन वस्त्वन्तरैकात्म्यं भवति, स सामान्यालंकारः । यथा—

कैलासदुग्धार्णवयानहंसेष्वलक्षितेष्वन्ध्रनरेन्द्रकीर्तौ ।
त्रयः पुमांसः प्रथमे स्मयन्ते स्वसेवकान् संभ्रमतो विलोक्य ।।

अत्र प्रतापरुद्रकीर्त्यां जगत्सु विजृम्भितायां कैलासप्रभृतीनां विमलवस्तूनां तदैकात्म्यम् ।

तद्गुणालंकारः ।

इतरगुणसंनिधानातिशयसाम्यात् तद्गुण उच्यते ।

तद्गुणः स्वगुणत्यागादन्योत्कृष्टगुणाहृतिः ।

मीलनसाधर्म्यात् तदनन्तरं सामान्यं लक्षयति—सामान्यमिति ।। यत्र गुणसाम्यात् प्रस्तुतस्य वस्तुनोऽप्रस्तुतवस्त्वन्तरैकात्म्यं निबध्यते तत् समानगुणसंबन्धात् सामान्यमित्यर्थः । कैलासेति । प्रथमे पुमांसः शिवकेशवबिरिञ्चाः । संभ्रमतः संभ्राम्यतः क्वचिदप्यनवतिष्ठमानान् । स्मयन्ते मन्दं हसन्ति । लक्षणं योजयति—अत्रेति ।। तद्गुणं संगमयन् लक्षयति—तद्गुण इति ।। मीलने

सामान्य अलंकार

जहां गुणों के साम्य से वस्वन्तर के साथ एकता होती है वह सामान्य अलंकार है। जहां एक वस्तुका दूसरी वस्तु के साथ तादात्म्य हो जाता है वह सामान्य नामक अलंकार हैं। जैसे—

प्रतापरुद्र की कीर्ति में कैलास पर्वत क्षीर समुद्र एवं सवारो के हंस के छिप जाने पर विश्व के प्रथम तीन पुरुष शिव विष्णु और ब्रह्माजी अपने सेवको को सम्भ्रान्न हुए देखकर विस्मय करते हैं।

यहां जगत् में प्रतापरुद्र की कीर्ति विजृम्भित है फैली हुई है। कैलास पर्वत प्रभृति का उसके साथ एकात्मता एकरूपता हो गई है।

तद्गुण अलंकार

दूसरे के गुणों के संन्निधान से होने वाले अतिशय के साम्य से तद्दुण को कहते हैं। वह तद्गुण होता है जहां अपने गुणों का त्याग करके अन्य के उत्कृष्ट गुणों का आहरण करते हैं वह तद्गुण है।

यत्र न्यूनं स्वगुणं विहाय संनिहितवस्तुनः सकाशादुत्कृष्टगुणः स्वीक्रियते स तद्गुणालंकारः । यथा—

प्रतापरुद्रदेवाङ्घ्रिनखज्योत्स्नाविजृम्भितैः ।
नमन्नृपतिमाणक्यमौलयः शुचयः कृताः ।।

अत्र प्रणमतां भूपतीनां पद्मरागमुकुटाः स्वां शोणप्रभां मुक्त्वा काकतिवीररुद्रपदनखज्योत्स्नागतं धवलिमानमुद्वहन्ति स्म ।

अतद्गुणालंकारः ।

तत्प्रातिपक्ष्यादतद्गुणो निरूप्यते ।

सति हेतावन्यगुणास्वीकारः स्यादतद्गुणः ।

यत्र संनिधानरूपे हेतौ सत्यप्यन्यगुणस्वीकारो नास्ति असावतद्गुणालंकारः । यथा—

वस्त्वन्तरनिगूहनम् । इह पुनरनिगूहितस्यान्यगुणेनोपराग इत्यनयोर्भेद इति सर्वस्वकारहृदयम् । तस्याप्रकृपस्य गुणोऽत्रास्तीति तद्गुणः । उदाहरणं स्पष्टम् । अतद्गुणमाह—तत्प्रातिपक्ष्यादित्यादिना ।। ईशानमिति ।। अत्रेशानादि-

---

छोड़कर दूसरे के उत्कृष्ट गुणों का आहरण होता है । जहां अपने न्यून गुण को छोड़कर सन्निहितवस्तु के पास की वस्तु के उत्कृष्ट गुणों का स्वीकार करते हैं वह तद्गुण अलंकार है । जैसे—

त्रैलोक्य में फैली हुई रुद्रदेव के नखों की क्रान्ति ने माने नखेन्दु की चाँदनी ने प्रणत राजाओं के मस्तकस्थ मुकुट से जड़े हुए माणिक्यों को पद्मरागयमणियों को शुचि माने शुभ्र कर दिया ।

यहां प्रणाम करने वाले राजाओं के मुकुट में जड़ी हुई पद्मरागमणियां अपनी शोणकान्तिको छोड़ कर वीररुद्र राजा के नखेन्दुकी चाँदनी की धवलिमा का उद्वहन करते हैं ।

अतद्गुण अलंकार

तद्गुण के प्रतिपक्षी अतद्गुण का निरूपण करते हैं । किसी कारण के रहने पर भी अन्यके गुणों को ग्रहण नहीं करना अतद्गुण है । जहां सन्निधानरूप हेतु के रहने पर भी अन्य के गुणों का स्वीकार ग्रहण नहीं होता है । वह अतद्गुण अलंकार है । जैसे—

ईशानं समया जगत्यटति तल्लीलाट्टहासोज्ज्वले
दैत्यारिं परितस्तदङ्गविलसन्नीलद्युतिद्योतिते।
ब्रह्माणं निकषा च तत्तनुमिलत्स्वर्णप्रभाभास्वरे
पुष्णन् रुद्रनरेन्द्रकीर्तिविभवः स्वामेव शुभ्रां छविम् ।।

अत्र हरहरिविरिञ्चीनां समीपवर्तिषु जगत्सु यत्तन्नानाप्रभासमग्रेष्वपि निरन्तरं बिहरमाणस्य प्रतापरूद्रयशसो निरङ्कुशः स्वकीय एव धवलिमा विजृम्भते ।

विरोधालंकार

अतद्गुणे किंचित्प्रक्रान्तत्वात् विरोधस्य विरोधालंकारो निरूप्यते ।

आभासत्वे विरोधस्य विरोधालंकृतिर्मता ।

समीपवर्तिनि तत्तद्वर्णविशिष्टे जगति कीर्तिविभवः स्ववर्णमजहदेवाटतीत्यर्थः । अत एवातद्गुण इत्याह—अत्रेति ।। ईशानमित्यादौ 'अभितः परितः—'इत्यादिना द्वितीया । विरोधं संगमयति—अतद्गुण इति ।। विरोधस्य सत्यपि संनिधानेऽन्यगुणस्वीकाराभावलक्षणस्येत्यर्थः । लक्षयति—आभासत्व इति ।। व्याचष्टे—यत्रेति ।।

भगवान् शम्भु के सामीप्य से उसके लीलासामयिक अट्टहास से उज्वल, दैत्यारि विष्णु के सामीप्य से उसके अंगों में विलसित हो रही कान्ति से नील तथा ब्रह्माके सामीप्य से उसके तनु में वर्त्तमान स्वर्ण सदृश प्रभासे भास्वर जगत में रुद्रराजा का कीर्तिविभव अपनी ही शुभ्र कान्ति को पुष्ट करता हुआ घूम रहा है ।

हरि हर एवं विरञ्चि के शरीर की नानाकान्तियों से सम्भरित जगत् में निरन्तर विहरमाण प्रतापरुद्र के यश का अपना निरंकुश धावल्य बिजृम्भित हो रहा हैं ।

विरोध अलंकार

अतद्गुण में विरोध का कुछ संक्रमण हो रहा है अतः विरोध के कारण बनने वाले अलंकार को कहते हैं ।

जहां विरोध का आभास ही होता है न कि उसकी पूर्ण रूपता होती है वहां विरोध अलंकार माना है । जहाँ आरम्भ में आभास के रूप से विरोध

अत्र प्रथममाभासतया प्रतीतो विरोधः पर्यवसाने परिह्रियते स विरोधालंकारः। तत्र जातेर्जात्यादिना सह विरोधे चत्वारो भेदाः। क्रियायाः क्रियागुणद्रव्यैः सह विरोधे त्रयो भेदाः। गुणस्य गुणद्रव्याभ्यां विरोधे द्वौ। द्रव्यस्य द्रव्येण सह विरोधे एको भेदः। एवं विरोधे दश भेदाः। जातेर्जात्या क्रियया च विरोधो यथा—

पद्माकरोऽपि विलसति नितरामजडाशयोऽयमुर्वीशः।
विमलतरवारिधाराप्यासीद्वैरिक्षितीशतापकरी॥

अत्र पूर्वार्धे जात्योर्विरोधः, कमलाकरोऽप्यजडाशय इति विरोधात्। उत्तरार्धे जातिक्रिययोर्विरोधः, विमलतरवारिधारायाः संतापकरणविरोधात्। अत्र श्लेषमूलो विरोधः।

अत्र विशेषतो विभागमाह—तत्र जातेरिति॥ क्रियायास्त्रयो भेदा इति॥ जात्या सहैतस्या विरोधस्य जातेरेतया विरोधेन गतार्थत्वादिति भावः। एवं यथोत्तरमेकैकन्यूनता द्रष्टव्या। अत्रायं संग्रहः—क्रमाज्जातिगुणद्रव्यक्रियाणां तत्तदादिभिः। विरोधे दश भेदाः स्युश्चतुस्त्रिद्वयेकभेदतः॥' इति। पद्माकर इति॥ पद्माकरः सरोऽप्यजडाशय इति लढयोरभेदाज्जडाशयो जलस्थानं न भवतीति विरोधस्य लक्ष्मीनिवासोऽयमयन्दबुद्धिरिति परिहारः। विमलतरा अतिनिर्मला वारिधारापि तापकरीति जातिक्रिययोर्विरोधस्य तरवारिरायुधविशेषस्तस्य धारा कोटिरिति परिहारः।

प्रतीत हुआ किन्तु पर्यवसान में जिसका परिहार हो जाता हैं वह विरोध अलंकार है। जहां जाति का जाति गुण क्रिया एवं द्रव्य के साथ विरोध होने पर चार अलंकार होते हैं। क्रिया का क्रिया गुण एवं द्रव्य के साथ विरोध होने पर तीन भेद होते हैं। गुण का गुण एवं द्रव्य के साथ विरोध होने पर दो भेद होते है। और द्रव्य का द्रव्य के साथ विरोध होने पर एक भेद होता है। इस प्रकार ४ + ३ + २ + १ के संकलन से विरोध के दश भेद होते हैं। उनमें जाति का जाति और क्रिया के साथ विरोध जैसे—

यह राजा पद्माकर तालाब होता हुआ भी जलाशय नहीं है यह विरोध अथापि पद्मा लक्ष्मी का आकर खजाना होता हुआ भी जड आशय वाला नहीं है अपितु सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति के अनुसार बड़ा गुणी है। जहां जडशब्द है परन्तु डलयोरैक्यम् के नियम से जडाशय हो गया और जलाशय हो गया अतः विरोध का परिहार हो गया। अतिशय बिमल वारि की धारा भी प्रतापरुद्र के दुश्मनों को तापकरी हैं यह विरोध है। अथापि विमल तरवारि की खड्ग की धारा तापकरी होती है यह विरोध का परिहार हो गया। यहां श्लेष मूलक विरोध है।

जातेर्गुणद्रव्याभ्यां विरोधो यथा—

अमदः सार्वभौमोऽपि भास्वानपि कलानिधिः ।
वीररुद्रनरेन्द्रोऽयमद्भुतानां विहारभूः ॥

अत्र सार्वभौमोऽप्यमद इति जातिगुणयोर्विरोधः । भास्वानपि कलानिधिरिति जातिद्रव्ययोर्विरोधः । कलानिधेरेकत्वात् द्रव्यत्वम् । अत्रापि श्लेषमूलता । क्रियायाः क्रियया विरोधो यथा—

धर्मद्विषामर्थमुषां च भङ्गमुत्पादयन् काकतिवीररुद्रः ।

सर्वत्रापिशब्दो विरोधद्योतकः । नायमौद्भटानामिव विरोधबाधकः श्लेषः किं तु श्लेषविरोधयोरङ्गाङ्गिभावेन संकर इत्याशयेनाह—अत्र श्लेषमूलो विरोध इति ॥ उत्तरत्राप्येवंविधोदाहरणेष्वेवमेव विरोध इति द्रष्टव्यम् इति ॥ सार्वभौमो दिग्गजोऽप्समदो मदरहित इति जातिगुणयोर्विरोधः । सर्वभूमीश्वरोऽपि निरहंकार इति परिह्रियते । भास्वान् सूर्योऽपि कलानिश्चिन्द्र इति जातिद्रव्ययोर्विरोधः । तेजस्वी चतुःषष्टिकलाकुशल इति परिह्रियते । धर्मद्विषामिति ॥ त्रयाणां धर्मार्थकामानां वर्गस्त्रिवर्गः । त्रिवर्गो धर्मकामार्थैः' इत्यमरः । त्रिवर्गः साधारणो वैषम्यरहितः गोचर सेव्यत्वेन

जाति का गुण और क्रिया से विरोध जैसे—

सार्वभौम हैं तब भी अमद है दिग्गज हो कर मद रहित होना विरोध है । सर्वभूमीश्वर होता हुआ भी मद रहित है अहंकारी नहीं है । भगवान् सूर्य होता हुआ भी कलानिधि है चन्द्र है यह विरोध है । भासमान होता हुआ ही कलाओं का खान हैं क्यों कि खान से ही कलाओं की प्राप्ति होती है । अतः यह वीररुद्र आश्चर्यों के विहार की भूमि है ।

यहां सार्वभौम भी अमद है यह जाति और गुण का विरोध हैं । भास्वान् भी कलानिधि है यह जाति और द्रव्य का बिरोध है । कला निधि एक है अतः द्रव्य है । यह गप्प है । समुद्र से उत्पन्न चन्द्र एक है । शिव के मस्तक में चन्द्र द्वितीय है । अत्रि के नयन में समुन्थ चन्द्र तृतीय है । चन्द्रमा मनसो जातः इस श्रुति के अनुसार विराट् भगवान् के मन से पैदा होने वाला चन्द्रमा चौथा है । पृथिवी जल तेज क्या एक हैं वे तो अनेक है तब भी द्रव्य हैं । अतः एक होने से द्रव्य कहना गप्पाष्टक है । यहां भी श्लेष मूलकता है ।

क्रिया का क्रिया से विरोध जैसे—

न बाधतेऽस्य त्रिगुणः परस्परम् इसका त्रिगुण माने धर्म अर्थ और काम इन तीन का वर्ग परस्पर में एक दूसरे को बाधा नहीं पहुचाता है । इस नय के

त्रिवर्गसाधारणगोचरोऽपि करोति कामद्विषि भावमार्द्रम् ॥

अत्र त्रिवर्गसाधारणवृत्तेर्धर्मार्थविरोधिषु भङ्गकरणं कामारिस्नेहकरणं च विरुद्धम् । क्रियाया गुणद्रव्याभ्यां विरोधो यथा—

एष जिष्णुविहारोऽपि गोत्रवात्सल्यलालसः ।
करोति कमलोल्लासं राजाप्यन्ध्रनरेश्वरः ॥

विषयो यस्य स तथोक्तः । 'न बाधतेऽस्य त्रिगुणः परस्परम्' इति भावः । कामद्विषि कामपुरुषार्थद्वेषिणि स्मरहरे च । अत एव क्रिययोर्विरोधः समाधीयत इत्याह—अत्र त्रिवर्गेति ॥ पूर्वत्र द्वयोरपि विरोधिनोः श्लिष्टत्वमत्र पुनरेकस्यैवेति विशेषः । एष इति ॥ जिष्णोरिन्द्रस्य विहारो व्यापारो यस्य स तथोक्तः । तथापि गोत्रवात्सल्यलालसः पर्वतानुरक्त इति विरुद्धो । जयशीलव्यापारः कुलानुकूलश्चेति समाहितो

अनुकूल यह काकतिवीररुद्र साधारण रूप से त्रिवर्ग को विषय करता है अर्थात् त्रिवर्ग में समान भाव रखता है तब भी धर्मद्वेषियों का भंजन करता है और अर्थ को चुराने वालों को दण्ड देता है काम से द्वेष करने वालो में आर्द्र भाव माने स्नेह करता है । अतः साधारण रूप से त्रिवर्गभाव नहीं होना विरोध है और कामद्विट् माने काम पुरुषार्थ से द्वेष करने वाले ब्रह्मचारी तथा स्मरहर भगवान् शंकर से प्रेम करता है अतः विरोध का परिहार है ।

यहां त्रिवर्ग में साधारण समान वृत्ति व्यवहार करने वालों का धर्म और अर्थ के द्वेषियों का भञ्जन काम के द्वेषियों से स्नेह करना विरुद्ध है । परिहार ऊपर लिख ही दिया है । पहले पद्य में दोनों विरोधियों में श्लेष था इस प्रकृत पद्य में एक का ही विरोध है ।

क्रिया का गुण और द्रव्य से विरोध जैसे—

यह अन्ध्रनरेश्वर जिष्णु के इन्द्र के तुल्य बिहार व्यापार करने वाला होकर भी गोत्र पर्वतो पर वात्सल्य करने में लालसा इच्छा रखता है ।

यह विरुद्ध व्यवहार है । क्यों कि इन्द्र गोत्रभित् माने गोत्र पर्वतों का भेदन करता है और कुटुम्बी गोत्रवालों के ऊपर प्रेम करता है । राजा चन्द्र होता हुआ भी कमलोल्लास करता हैं । चन्द्रोदय होने पर कमलो का उल्लास विलास रुक जाता है तब उक्त कथन कैसे हो सकता है । राजा नृपति होकर कमला कलक्ष्मी का उल्लासक हैं यह विरोध का परिहार हो गया ।

अत्र जिष्णुविहारस्य गोत्रवात्सल्यमिति क्रियागुणयोर्विरोधः। कमलोल्लासं कुर्वन्नपि राजेति क्रियाद्रव्ययोर्विरोधः । अत्रापि श्लेषमूलतैव। गुणेन विरोधो यथा—

*रज्जंतो भुवणमिदं राएत्ति जए सलाहणिज्जो सि।
रुद्दणरिंद कहं सा रत्ता वि अ पंडुरा जाआ॥

अत्र रक्तत्वपाण्डुरत्वयोर्विरोधः। गुणस्य द्रव्येण विरोधो यथा—

ज्वलत्प्रतापरौद्रोऽपि काकतीयनरेश्वरः।
भूत्वा जैवातृको भाति शश्वद्विश्वप्रियंकरः॥

---

* रञ्जयन् भुवनमिदं राजेति यया श्लाघनीयोऽसि।
रुद्रनरेन्द्र कथं सा रक्तापि च पाण्डुरा जाता॥

राजा चन्द्रोऽपि कमलोल्लासं करोतीति विरोधस्य नृपतिर्लक्ष्मीविलास इति परिहारः रज्जन्त इति। ('न्तमाणौ शतृशानचोः' इति शतरि न्तादेशः। 'सलाहणिज्जोसि इत्यत्र 'अः क्ष्माश्लाघयोः' इति श्लाघाशब्दे युक्तवर्णस्य विप्रकर्षः। पूर्वस्याकारयुक्तता चेति वेदितव्यम्।) ज्वलदिति॥ प्रतापरौद्रोऽपि जैवातृकश्चन्द्र इति गुणद्रव्योर्विरोधः।

यहां जिष्णु विहार का गोत्रवात्सल्य यह क्रिया और गुण में विरोध है कमलोल्लास करता हुआ भी राजा है यहा क्रिया और द्रव्य का विरोध है। यहां भी श्लेषमूलता ही है।

गुण का गुण से विरोध जैसे—

हे रुद्र! तुम भुवन को खुश करते हो अतः यथार्थ में राजा हो किन्तु यह क्या बात है कि वह नायिका रक्ता होकर भी लालिमा से युक्त होकर भी पाण्डुरा है पीली हो गई। यह विरोध है। रक्ता माने अनुरक्ता और पाण्डुरा माने स्वच्छा अतः विरोध का परिहार हो गया। यहां रक्तत्व पाडुरत्व का विरोध है। गुण का द्रव्य के साथ विरोध जैसे—

काकतीय नरेश्वर जाज्वल्यमान प्रताप से रौद्र भयंकर होता हुआ भी विश्वप्रियंकर जैवातृक चन्द्र बन कर निरन्तर चमक रहा है।

यहां जैवातृक माने चन्द्रमा होने पर प्रताप से भयंकर नहीं हो कर शीतलता से प्रियंकर होता है किन्तु यहां तो विपरीत है अत। विरोध है। जैवातृक है माने आयुष्मान् है अत एव प्रकृष्टताप को रौंदने वाला रौद्र है। यह विरोधपरिहार है।

अत्र प्रतापरौद्रोऽपि जैवातृक इति गुणद्रव्ययोर्विरोधः । द्रव्यस्य द्रव्येण विरोधो यथा—

विभाति काकतीन्द्रोऽयं रुद्रोऽपि चतुराननः ।
तथा च जिष्णुरित्येष कथ्यते पुरुषोत्तमः ॥

एवं दश भेदा दर्शिताः । अयमश्लेषेणापि भवति । यथा—

स्वभावशिशिरा दृष्टिरपि काकतिभूभुजः ।
सार्वाङ्गतापिति जाता प्रतिपक्षमहीभृताम् ॥

अत्र स्वभावशिशिरापि अङ्गतापिनीति विरोधः ।

विशेषालंकारः

विभातीति ॥ रुद्रोऽपि चतुराननो ब्रह्मेति जिष्णुरिन्द्रोऽपि पुरुषोत्तमो विष्णुरिति च द्रव्ययोर्विरोधः रुद्र इति नामादिभिः प्रसिद्धैरर्थान्तरैः परिह्रियते । स्वभावेति ॥ शैत्य संतापयोर्गुणयोरश्लिष्टयोर्विरोधो विषयभेदेन परिह्रियते । विरोधमूलेष्वनेकभेदं विशेषमाह—आधारेति ॥ प्रसिद्धाधाररहितमाधेयम् एकं परिमितं वस्तु

यहां प्रतापरुद्र भी जैवातृक है यह गुण और द्रव्य का विरोध है । द्रव्य का द्रव्य से विरोध जैसे—

यह काकतीय रुद्र भगवान् शंकर होता हुआ भी चतुरानन ब्रह्मा है । तथा जिष्णु इन्द्र यह है तब भी इसको पुरुषोत्तम कहते है । इन्द्र का भाई विष्णु है उपेन्द्र इन्द्रावरजः इस कोष के आधार पर ऐसी प्रसिद्धि है । अतः जिष्णु को पुरुषोत्तम कहने में विरोध है । जिष्णु विजेता है अतः एव उत्तम पुरुष है परिहार है । यह द्रव्यों का विरोध था ।

इस प्रकार विरोध के दश भेदों को दिखा दिया । यह श्लेष के बिना भी होता है । जैसे—

काकतिनरेश की दृष्टि स्वभाव से शिशिर होती हुई भी दुश्मनों को सर्वाङ्गतापिनी है ।

यहां शिशिर होती हुई भी तापकारिणी है अतः विरोध है । मित्रों के लिए शिशिर है रिपुओं के लिए ताप दायिनी है इस तरह विषय भेद से विरोध का परिहार है ।

विशेष अलंकार

अथ विरोधगर्भालंकार निरूप्यन्ते ।

आधाररहिताधेयमेकं चानेकगोचरम् ।

अशक्यवस्तुकरणं विशेषालंकृतिस्त्रिधा ।।

यत्राधारमन्तरेणाधेयो स एको विशेषः । एकस्यानेकगोचरत्वे द्वितीयो विशेषः । प्रकृतादशक्यवस्त्वन्तरकरणे तृतीयः ।

यथाक्रममुदाहरणानि ।

नलनहुषदिलीपधर्मपुत्रप्रभृतिनरेश्वरसंश्रिता यशः श्रीः ।
अनुदिनमधुनाभ्युपेत्य मैत्रीं विलसति काकतिवीररुद्रकीर्त्या ।।

अत्र प्राचां भूपतीनामाधारभूतानां तिरोधानेऽतदाश्रयायाः अपि यशः श्रियः प्रताप कीर्त्या सहावस्थानम् । तथा च

युगपदेवानेकगोचरं तथा किंचिद् वस्त्वारभमाणस्तेनैव यत्नेनाशक्यवस्त्वन्तरमारभत इति त्रयो विशेषभेदा इत्यर्थः । क्रमेणोदाहरति—नलेति ।। अधुनापि नलादीनामभावसमयेऽपीत्यर्थः । नलादिसदृशकीर्तिरयं राजेति भावः । योजयति—

अब विरोध गर्भ अलंकारों का निरूपण करते हैं—जहां आधार के विना आधेय रहता है वह, और जहां यह आधेय अनेकविषयक है माने अनेक आधारों में रहता है वह तथा अशक्य जिसका होना शक्ति के बाहर है उसका भी हो जाना इस तरह तीन प्रकार का विशेष अलंकार है ।

जहां आधार रहित आधेय का निबन्धन रहता है वह एक विशेष है । जहां एक आधेय अनेक आधारों में रहता है वह द्वितीय विशेष है । जहां प्रकृत से अशक्य माने नहीं हो सकने वाली वस्तु का करना होता है वह तृतीय विशेष है । क्रम के अनुसार उदाहरण हैं ।

जो यशःश्री नल नहुष दिलीप और धर्मपुत्र युधिष्ठिर प्रभृति राजाओं के आश्रित थी वह आज उनके नहीं रहने पर भी प्रतापरुद्र की कीर्ति के साथ मैत्री को प्राप्त करके प्रतिदिन विलास करती है ।

आधारभूत प्राचीन राजाओं के तिरोधान में भी वीररुद्राश्रित कीर्ति के साथ अवस्थित है । यहां अशुद्ध पाठ हो गया है । वह ऐसा होने पर शुद्ध होगा । अतदाश्रिताया अपि यशःश्रियः प्रतापरुद्रकीर्त्या सह अवस्थानम् ।

पश्यन्तो भयविह्वलाः प्रतिनृपाः पश्चात् पुरः पार्श्वयो-
रप्यन्तर्बहिरन्ध्रपार्थिवपतिं प्रोत्क्षिप्तकौक्षेयकम् ।
निःसीमोल्बणधावनव्यतिकरप्रभ्रष्टदोरायुधाः
शैलाच्छैलमटन्ति कम्पविगलद्गाम्भीर्यशौर्यश्रियः ॥

अत्र भयभ्रान्तानां शत्रुनृपतीनां प्रतापरुद्रनृपतिरेकोऽप्यनेकत्र प्रतीयते । तथा च

अपारकरुणानिधेः सदसि वीररुद्रप्रभोः
प्रसादमधुरक्रमा लगति यत्र दृष्टिर्जने ।
अतीन्द्रमतिकिंनराधिपमशेषलाकोन्नतं
न किं किमधितिष्ठति त्रिभुवने स सर्वाधिकः ॥

पश्यन्त इति ॥ धावनव्यतिकरः पलायनसंबन्धः । कम्पेति ॥ कम्पेन विगलन्त्यौ मूर्तद्रव्यवत् पतन्त्यौ गाम्भीर्यशौर्यश्रियौ येषां ते यथोक्ता इत्यतिशयोक्तिः । योजयति—अत्रेति । अपारेति ॥ सदस्यास्थाने यत्र जने साधारणे । प्रसादमधुरक्रमा प्रसन्नेत्यर्थः । दृष्टिर्लगति स जनः सर्वाधिको लोकोत्तरः सन्नलौकिकं वैभवमनुभवतीत्यर्थः । अत्र पृथग्जनेऽपि प्रसादमारभमाणा दृष्टिरष्टैश्वर्यविशिष्टतामारभते किल, किमुत विशिष्टे जन इत्यर्थापत्तिर्व्यज्यते । संगतिपूर्वकमधिकं लक्षयति—

भय से विह्वल हुए दुश्मन राजा लोग प्रकृष्टता से तलवार उत्क्षेपण करने वाले अन्ध्रदेश के पार्थिवों के पति वीररुद्र को आगे पीछे अगल बगल तथा बाहर भीतर निःसीम माने कितना दौडेंगे इसकी अवधि नहीं है ऐसे उल्वण माने उत्कट दौड़ के प्रसङ्ग में जिन के हाथों से आयुध गिर गये हैं तथा भयजनित कम्पन से जिनकी गाम्भीर्य और शौर्यश्री विगलित हो चुकी हैं ऐसे हुए इस शैल से उस शैल पर दौड़ लगा रहे हैं।

यहां भयभ्रान्त दुश्मन राजाओं को वीररुद्रनृपति एक होता हुआ भी अनेक जगहों में प्रतीत हो रहा है।

जैसे—अपारकरुणानिधि वीररुद्र राजा की प्रसन्नता एवं माधुर्य के क्रम से सम्पन्न दृष्टि सभा में बैठे हुए जिस मनुष्य पर लग जाती है वह इन्द्रियांतीत अशेष लोकों से उन्नत किन्नराधिपतियो को भी अतिक्रमण करने वाले किस किस स्थान को नहीं प्राप्त करता है कहना चाहिए वह त्रिभुवन में सब से अधिक है।

अत्र साधारणो जनः प्रतापरुद्रदृष्टिप्रसादपात्रीकृतः किं किं न लभत इत्यशक्यवस्त्वन्तरकरणम् ।

अधिकालंकारः ।

आधाराधेयवैचित्र्यादधिकालंकारो निरूप्यते ।

आधाराधेययोरानुरूप्याभावोऽधिको मतः ।

यथाश्रयाश्रयिणोरानुरूप्यं नास्ति सोऽधिकालंकारः । स द्विविधः—आश्रयस्याल्पत्वमहत्त्वाभ्याम् ।

स्तोके ब्रह्माण्डरन्ध्रे विपुलतरतया स्वैरसंचारहेला-
संकोचादेकराशीभवदतुलरुचौ काकतीन्द्रस्य कीर्तौ ।
एतैः प्रालेयपृथ्वीधररजतगिरिस्वर्णदीशीतभानु,
क्षीराम्भोराशिमुख्यैः प्रकटितमधुना तद्घनीभावरूपम् ॥

आधारेत्यादिना ।। तस्य द्वेधा विभागमाह—इति ।। आद्यमुदाहरति—स्तोक इति ।। स्वैरसंचारस्य स्वेच्छाविहारस्य हेलाया विस्रम्भस्य संकोचात् । प्रालेयपृथ्वीधरादिभिस्तद्घनीभावरूपं प्रकटितम् । अत्राधारे ब्रह्माण्डेऽल्पतमे आधेयायाः कीर्तेराधिक्येन संचारसंकोचात् तत्र तत्र पिण्डीभूताः कीर्तिखण्डा एवामी न तु

यहां सामान्य जन भी प्रतापरुद्र की दृष्टि के प्रसाद का पात्र हुआ क्या क्या नहीं प्राप्त कर लेता है इस तरह यह अशक्य वस्त्वन्तरकरण है ।

अधिक अलंकार

आधार एवं आधेय के वैचित्र्य से अधिक अलंकार का निरूपण करते है । जहां आधार और आधेयेओं में आनुरूप्य का अभाव होता है वह अधिक अलंकार माना जाता है ।

जहां आधार के अनुरूप आधेय नहीं है और आधेय के अनुरूप आधेय नहीं है वह अधिक अलंकालंकार है । वह दो प्रकार का है । एक आश्रय की अल्पता में होता है दूसरा आश्रय की महत्ता पर होता है । जैसे—

ब्रह्माण्ड स्तोक अल्प छिद्र में विपुलता के साथ स्वेच्छापूर्वक हेला से अहमहमिका में पहिले मैं पहिल मैं करने वालों के सञ्चार का संकोच हो जाने से प्रतापरुद्र की वे जोड़ कान्तिवाली कीर्ति इकट्ठी हो गई उस एकत्रित कीर्ति के इन हिमाचल कैलास स्वर्गीयनदी चन्द्र और श्री समुद्र प्रमुखो ने आवास के भाव को प्रकट किया । अर्थात् वे आवास हो गये ।

अत्राश्रयस्य रोदःकुहरस्याल्पत्वम्,आश्रितस्य प्रतापरुद्रयशसो वैपुल्यम् ।

द्वितीयो यथा—

क्वापि क्वापि कलिङ्गमालवमहाराष्ट्राङ्गवङ्गादयो
भूपास्तादृशसैन्यवैभवसमाक्रान्ताखिलान्तराः ।
लीनाः काकतिवीररुद्रनृपतेर्व्यूहप्रपञ्चश्रिया
निःसीमे बलवारिधौ विदधते पूर्तिं न कोणेऽप्यहो ॥

अत्राश्रयस्य प्रतापरुद्रसैन्याम्बुधेर्वैपुल्यम् । आश्रितानामङ्गवङ्गकलिङ्गप्रभृतिराजकानीकिनीनामल्पत्वम् ।

अथ विभावना विशेषोक्तिश्च ।

कारणेन विना कार्यस्योत्पत्तिः स्याद्विभावना ।
तत्सामग्र्यामनुत्पत्तिर्विशेषोक्तिर्निगद्यते ॥

हिमाचलप्रभृतय इत्यनयोरानुरूप्याभावः । द्वितीयमुदाहरति--क्वापीति ॥ व्यूहानां मकरादिसंज्ञितानां सेनासंनिवेशविशेषाणां प्रपञ्चस्य श्रिया समृद्धया निःसीमे उद्वेले बलवारिधौ कलिङ्गमालवादिसेनाः सेवार्थमागताः सरित इव समुद्रे यत्र कुत्रापि कोणे विलीयन्त इत्यर्थः । अत्राधारस्याधिक्यमाधेयस्याल्पत्वं च न प्रमाणविरुद्धम् । किं तु महौदनमध्ये भिक्षाकवल इव नानुरूपम् । अत एवोक्तम्— आधाराधेययोरानुरूप्याभाव इति । अनानुरूप्यादधिकानन्तरं विभावनां तद्विपर्ययरूपां विशेषोक्तिं चोदाहरणलाघवार्थं युगपल्लक्षयति—कारणेनेत्यादिना ॥ यदि कारणं विना कार्योत्पत्तिरुच्यते तदा विरोधो दुष्परिहरः स्यात् । कारणान्वयव्यतिरेकानु-

---

यहां आश्रित प्रतापरुद्र का यश विपुल है और आश्रय ब्रह्माण्डरन्ध्र अल्प है । द्वितीय अधिकालंकार जैसे—

उस प्रकार के सैन्य समूह के वैभव से अखिल अन्तरालों में संक्रमण करने वाले अंग वंग कलिंग मालव और महाराष्ट्र के राजा लोग व्यूह के रूप सुन्दरता से निर्मित निःसीम काकतिवीररुद्र राजा की सेना रूपी समुद्र में कहां कहां लीन हो गये जिससे एक कोण की भी पूर्ति नहीं हुई न मालुम कहां समा गये ।

यहां आश्रय प्रतापरुद्र विपुल है और आश्रित अंग वंग कलिंग देश के के राजाओं की सेना अल्प है ।

अथ विभावना और विशेषोक्ति अलंकार

कारण के विना कार्य की उत्पत्ति जहां होती है वह विभावना है और कारण सामग्री के रहने पर भी कार्य उत्पन्न नही होता है वह विशेषोक्ति है ।

अत्र प्रसिद्धकारणपरित्यागेन कार्यस्योत्पत्तिर्निगद्यते सा विभावना। यत्र कारणसाकल्ये सत्यपि कार्यस्यानुत्पत्तिः सा विशेषोक्तिः।

यथा—

प्रतापरुद्रेण पराजितानां प्रत्यर्थिनां विन्ध्यगुहागतानाम्।
तमांस्यरात्रीणि समुद्भवन्ति तेजांसि घस्रेष्वपि नोद्भवन्ति॥

अत्र तमःप्रादुर्भावस्य प्रसिद्धकारणं रात्रिः। तया विनापि तस्योत्पत्तिर्निबद्धा। अप्रसिद्धं कारणं शोकाद्यस्त्येव। तथाहस्सु रविकिरणेषु सत्स्वपि तेजसोऽनुत्पत्तिरिति। अत्र निष्प्रतापत्वादि निमित्तमस्त्येव।

असंगत्यलंकारः।

विधायित्वात् कार्यस्येत्यतस्तत्परिहारार्थमाह—प्रसिद्धेति॥ अत एव वैशिष्ट्येन कार्यस्य भावनाद् विभावना। साकल्य इति॥ कारणनामिति शेषः। अत्रापि विरोधपरिहारार्थं सामग्रीवैगुण्यमुन्नेयम्। विभावनायां कार्योत्पत्तौ विरोधः, विशेषोक्तौ कारणसत्तायामित्युभयविरोधानुप्राणिताद्विरोधादेकैकविरोधानुप्राणितयोरनयोर्भेदः। उदाहरति—प्रतापेति॥ अविद्यमाना रात्रिः प्रसिद्धकारणं येषां तान्यरात्रीणि। तमांस्यन्धकारा मोहाश्च। घस्रेषु दिनेष्वपि। तेजांसि प्रकाशा विवेकाश्च। योजयति—अत्रेति॥ अत्र तमसां द्वैविध्येऽप्यभेदाध्यवसायादेकत्वमतिशयोक्त्या। सा चास्यामव्यभिचारिणीति न तद्बाधेनास्या उत्थानम्। अपि तु

जहां प्रसिद्ध कारण के परित्याग से माने कारण के बिना कार्य की उत्पत्ति को कहते हैं वह विभावना है जहां सकल कारणों के रहते हुए भी कार्य की उत्पत्ति के अभाव को कहते हैं वह विशेषोक्ति है। जैसे—

प्रतापरुद्र से पराजित हुए राजा लोग विन्ध्य की गुहा में आश्रय के लिए गये किन्तु आश्चर्य है कि वहां बिना रात्रि के अन्धकार व्याप्त हो रहा है और दिन में भी प्रकाश नहीं मिल रहा है।

यहां अन्धकार के प्रादुर्भाव का प्रसिद्ध कारण रात्रि है उसके बिना भी अन्धकार की उत्पत्ति को निबद्ध किया। अप्रसिद्ध कारण शोकादि हैं ही अतः यह विभावना है तथा दिन में रवि के किरणों का सद्भाव है तब भी प्रकाश की उत्पत्ति नही हो रही है। यहां भी राजाओं का निस्तेज हतप्रभ होना निमित्त है ही। यह विशेषोक्ति है।

अतिशयोक्ति अलंकार

कार्यकारणविरोधप्रस्तावादसंगतिरुच्यते।

कार्यकारणयोर्भिन्नदेशत्वे सत्यसंगतिः।

यत्रैकदेशवर्तिनोरपि कार्यकारणयोर्भिन्नदेशस्थितिर्निबध्यतेऽसावसंगत्यलंकारः। यथा—

बिभ्रत्युर्वीधुरां गुर्वीं वीररुद्रनरेश्वरे।
भवन्त्यतितरां शश्वन्नम्राः सामन्तमौलयः॥

अत्र राज्ञि भूभारः शत्रुषु नमनमिति।

विचित्रालंकारः।

विरोधप्रस्तावाद्विचित्रं निरूप्यते।

तदनुप्राणितत्वेनेत्यादिविशेषा अवान्तरभेदाश्च सर्वस्वे द्रष्टव्याः। असंगतेः संगतिपूर्वकं लक्षणमाह—कार्येत्यादिना॥ धूमाग्न्योरिव कार्यकारणयोः समानदेशत्वं न्यायसिद्धं, तदन्यथाकृतं चेदुचितसंगतिनिवृत्तेरसंगतिर्नामालंकारः। उदाहरति—बिभ्रतीति॥ स्पष्टम्। विचित्रं संगमयन् लक्षयति—विरोधेत्यादि॥ स्वस्य हेतोर्विरुद्धस्य विपरीतस्य फलस्याप्त्यर्थमुद्यम उत्साहो विचित्रालंकारः। न चायं

कार्यकारण में विरोध के प्रस्ताव होने से असंगति को कहते हैं। नियम है कि कार्यकारण की स्थिति एक देश में रहनी चाहिए। यह नहीं हो सकता है कि कारण राजस्थान में रहे और कार्य मुम्बई में हो जाय। किन्तु काशी के यहां वह भी कार्य और कारण की भिन्न देश में स्थिति होने पर भी असंगति अलंकार है। उसका हेतु है काव्य का निर्माण वैलक्षण्य। ये लोग एक देश में रहने वाले कार्य कारण की स्थिति को भिन्न देश वाली लिखेंगे या निबद्ध करेंगे। यह असंगति सौन्दर्य का आधायक होने से अलंकार है।

जैसे—बड़े वजन वाली पृथ्वी की धुरा का वहन तो वीररुद्र राजा करता है और नम्र होती हैं सामन्त गण की मौलियां। जो भार का वहन करता है वही नत होता है उसी में नम्रता रहनी चाहिए किन्तु प्रकृत में कार्यकारण स्थिति भिन्न देशों में है। भूभार राजा में है और झुक जाना शत्रुओं में है।

विचित्र अलंकार

विरोध के प्रस्ताव से प्रकरण से विचित्र का निरूपण करते हैं अपने

विचित्रं स्वविरुद्धस्य फलस्याप्त्यर्थमुद्यमः ।

यत्र स्वविरुद्धफलप्राप्त्यर्थमुद्योगः क्रियते स विचित्रालंकारः ।

यथा— प्रतापरुद्रनृपतेरग्रे दूरान्नरेश्वराः ।
अवरोहन्ति हस्तिभ्यस्तानारोढुमनर्गलम् ।।

अत्रारोढुमवरोहन्तीति विपरीतफलप्राप्त्यर्थं प्रयत्नः ।

अन्योन्यालंकारः ।

अथान्योन्यं निरूप्यते । अस्यापि विरोधमूलता ।

तदन्योन्यं मिथो यत्रोत्पाद्योत्पादकता भवेत् ।

यत्र परस्परं क्रियाद्वारकमुत्पाद्योत्पादकत्वं तदन्योन्यालंकारः ।

विषमाद्यमेदेऽन्तर्भवति । इह हि निषेधो वैपरीत्यं गमयति । विषमे तु व्यत्यय इति भेदस्य रुचकेनोक्तत्वात् । उदाहरति—प्रतापेति ।। योजयति—अत्रेति ।। अन्योन्यं निरूपयति—अथेत्यादिना । विरोधमूलतेति ।। संगतिकथनम् । क्रियाद्वारकमिति साक्षात् परस्परजन्यजनकभावस्य विरुद्धत्वादिति भावः । आरोहतेति ।।

विरुद्ध फल की प्राप्ति के लिए जो उद्यम है वह विचित्र है । जहां विरुद्ध फल को अपने अधिकार में रखने के लिए उद्योग किया जाता है वह विचित्र अलंकार है ।

जैसे—राजा लोग इधर से हाथियों पर चढ़कर आ रहे हो और उधर से अगर प्रतापरुद्र नृपति आजायें तो वे लोग उसके दूर ही से हाथियों से उतर जाते हैं क्योंकि ऐसा नही करेंगे तो प्रतापरुद्र हमें उद्दण्ड समझेंगे और हमारी सम्पत्ति को छीन लेंगे जिसके कारण हम लोग फिर हाथियों पर नही चढ़ सकेंगे अतः निरन्तर वे रोक-टोक हाथियों पर चढने के लिए ऐसा करते हैं ।

यहां निरन्तर चढने के लिए उतर जाते हैं यह विपरीत फल के लाभ के लिए प्रयत्न है ।

अन्योन्य अलंकार

अब अन्योन्य का निरूपण करते हैं । यह भी विरोध मूलक है । जहां मिथः आपुस में एक दूसरे का उत्पादक एवं उत्पाद्य हो वह अन्योन्य है । जहां परस्पर में अपनी क्रिया के द्वारा उत्पाद्य एवं उत्पादक भाव रहता है वह अन्योन्य अलंकार होता है । अर्थात् कहीं पर जो कारण है वह कार्य हो जाय और जो कार्य है वह कारण हो जाय वहां यह अलंकार है ।

यथा—

आरोहता रुद्रनरेश्वरेण विराजते काकतिराजपीठम् ।
आरुह्य तेनोज्ज्वलरत्नभाजा राजापि लक्ष्मीमधिकां बिभर्ति ।

अत्र प्रतापरुद्रभद्रासनयोरन्योन्यालंकार्यत्वम् ।

विषमालंकारः ।

अथ विरोधमूलो विषमालंकारः कथ्यते ।

विरुद्धकार्यस्योत्पत्तिर्यत्रानर्थस्य वा भवेत् ।
विरूपघटना चासौ विषमालंकृतिस्त्रिधा ॥

यत्र कारणाद्विरुद्धकार्यस्योत्पत्तिस्तदेकं विषमम् । अकार्यभूतस्यानर्थस्योत्पत्तिर्द्वितीयम् । विरूपयोर्वस्तुनोः संघटने तृतीयम् । तत्र प्रथमं यथा—

अत्रालंकारद्वारा रुद्रभद्रासनयोर्जन्यजनकभाव इत्यादि—अत्रेति ॥ संगतिपूर्वकं विषमं लक्षयति—विरुद्धेति ॥ कारणविद्धकार्यस्येत्यर्थः ॥ अनर्थस्य वेति ॥ उत्पत्तिरिति शेषः । आद्यमुदाहरति—राज्ञ इति ॥ अनुगतो भावो दार्ष्टान्ति-

रुद्रराजा के आरोहण करने से काकतिवंश के राजाओं का सिंहासन सुशोभित हो गया तथा उज्ज्वल रत्नों से निर्मित उस सिंहासन से राजा भी सुशोभित हो गया ।

यहां प्रतापरुद्र और सिंहासन में परस्पर में अलंकार्यत्व है ।

विषम अलंकार

अब विरोधमूलक विषम अलंकार को कहते हैं—

जहां विरुद्ध कार्य की उत्पत्ति हो अथवा अकार्य अनर्थ की उत्पत्ति हो अथवा विरूप की घटना रचना हो वह तीन प्रकार का विषम अलंकार है ।

जहां कारण से विरुद्ध कार्य की उत्पति होती है वह एक प्रकार का विषम है । जहां वस्तुतः कार्य नही है ऐसे अनर्थ की उत्पत्ति होती है वह द्वितीय है । जहां विरूप वस्तुओं की घटना होती है वह तृतीय है । उनमें प्रथम जैसे—

राज्ञः काकतिवीररुद्रनृपतेः खड्गात् तमालप्रभा-
दुद्भूतां शरदिन्दुकान्तिधवलां कीर्तिश्रियं पश्यताम् ।
लोकानां मुरवैरिपादकमलाज्जातां वियन्निम्नगां
श्रुत्वा संप्रति विस्मयाद्विरमति प्राप्तानुभावं मनः ।।

अत्र नीलवर्णात् खड्गादिन्दुधवलस्य यशसः समुत्पत्तिः ।

द्वितीयं यथा—

आस्तां जयाशा रिपुभूपतीनां संग्रामसीमानमुपागतानाम् ।
प्रतापरुद्रस्य विलोकनेन भ्रश्यन्ति जीवैः सममायुधानि ।।

अत्र समरोद्योगफलस्य न केवलं जयस्यानुत्पत्तिर्यावज्जीवितभ्रंश-रूपानर्थोत्पत्तिरपि । तृतीयं यथा—

कधर्मो यस्यासावनुभावो दृष्टान्तः । प्राप्तानुभावमनुभूतदृष्टान्तं लोकानां मनो विस्मयात् विरमति । अद्वितीयमेव वस्तु विस्मयावहं, न पुनः सद्वितीयमिति भावः । 'जुगुप्साविराम—' इत्यादिना विस्मयादिति पञ्चमी । योजयति— अत्रेति ।। द्वितीयोदाहरणं स्पष्टम् । तृतीयमुदाहरति—क्वेति ।। अशिववृत्तानाम-

---

वीररुद्र राजा के काले रंग वाले खड्ग से संभूत शरत्कालीन चन्द्रमा की कान्ति के सदृश धवल कीर्ति को देखने वाले लोगों के मन में जो मधुसूदन के चरण कमल से पैदा हुई आकाश गंगा को सुनकर विस्मय हो रहा था वह अनुभव को प्राप्ति के अनुसार दूर हो गया । क्योंकि प्रत्यक्ष अनुभव से उसका समन्वय हो गया ।

यहां काले रंग वाले खड्ग से धवल रंग वाले यश की उत्पत्ति कही हैं ।

द्वितीय जैसे—

संग्राम की सीमा में आये हुए राजाओं का जय आशा दिशा में अर्थात् शून्य में रह गया चला गया । क्योंकि रुद्रराजा के देखने से ही उनके जीव और आयुध एक साथ नष्ट भ्रष्ट हो गये ।

यहां समरोद्योग के फल जय की केवल अनुत्पत्ति ही नही हुई अपि तु जीवित के भ्रंश हो जाने रूप अनर्थ की भी उत्पत्ति हो गई । तृतीय जैसे—

क्व भूपालास्तादृग्विभवमहनीयप्रकृतितः
क्व चेयं कान्तारस्थितिरशिववृत्त्येकनिलया।
इति प्रेक्षं प्रेक्षं वनभुवि रिपून् रुद्रनृपतेः
प्रतापं श्लाघन्ते शबरपुरवीराः प्रतिदिशम्॥

अत्र महानगरनिवासयोग्यानां राज्ञामशिवानां वनप्रदेशानां विरूपाणां संघटनम्। एवं विरोधगर्भालंकारा निर्णीताः।

समालंकारः।

अधुना विषमवैधर्म्यात् समालंकारो निरूप्यते।

सा समालंकृतिर्योगे वस्तुनोरनुरूपयोः।

यत्रान्योन्यानुरूपपदार्थसंघटना क्रियते स समालंकारः। यथा—

मङ्गलचरितानामेकनिलयः। प्रेक्षं प्रेक्षं पुनः पुनः प्रेक्ष्य। आभीक्ष्ण्ये णमुलि द्विर्भावः। दिशि दिशि प्रतिदिशम्। यथार्थेऽव्ययीभावः। 'अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः' इति समासान्तः। अथ विरोधगर्भालंकारान्निगमयन् समालंकारं संगतिपूर्वकं लक्षयति—एवमित्यादिना। विषमवैधर्म्यादिति॥ विषमतृतीयभेदवैधर्म्यादित्यर्थः। अयं चालंकारः संबध्यमानवस्तुनोः श्लाघ्यत्वाश्लाघ्यत्वाभ्यां द्विविध इत्यनुसंधेयम्।

शबर पुर के वीर रुद्रराजा के शत्रुओं को वन भूमि में इति माने ऐसी अवस्था में देख देखकर रुद्रराजा के यश की चारों तरफ प्रशंसा करते हैं। वह अवस्था कौन है कहते हैं—

कहां वह राजवैभव से जनित महनीयता बड़प्पन और कहां यह अभद्र आचरणों की एक मात्र वन स्थिति।

यहां महानगरों में निवास के योग्य राजाओं का अमंगल वन में निवास करना यह विरूप घटना है। इस रीति से विरोध गर्भ अलंकारों का निरूपण कर दिया।

सम अलंकार

अब विषम के विरुद्ध धर्मवाला होने के कारण सम अलंकार का निरूपण करते हैं।

अनुरूप सदृश वस्तुओं के योग में वह सम अलंकार होता है। जहां परस्पर के अनुरूप पदार्थों का संघटन करते हैं वह सम अलंकार है। जैसे—

*विज्जओ सकलाओ लच्छीए समं पआवरुद्दंमि ।
संघटिऊण सुसरिसं होई कअच्छो सअं बह्मा ।।

अत्र प्रतापरुद्रे सकलविद्यानां लक्ष्म्याश्च योगः ।

तुल्ययोगितालंकारः ।

अथ गम्यमानौपम्यालंकारवर्गप्रस्तावः ।

प्रस्तुतानां तथान्येषां केवलं तुल्यधर्मतः ।
औपम्यं गम्यते यत्र सा मता तुल्ययोगिता ।।

यत्र केवलप्रस्तुतानां केवलाप्रस्तुतानां वा समानधर्मसंबन्धादौपम्यं गम्यते सा तुल्ययोगिता । प्रस्तुतानां यथा—

---

*विद्याः सकला लक्ष्म्या समं प्रतापरुद्रे ।
संघटय्य सुसदृशं भवति कृतार्थः स्वयं ब्रह्मा ।।

विज्जाओ इति ।। 'स्त्रियां शस उदोतौ' इति स्त्रीलिङ्गे विद्याशब्दे वर्तमानस्य शस ओदादेशः । अत्र श्लाघ्ययोः लक्ष्मीसरस्वत्योर्योगः । अश्लाघ्ययोस्तु 'धात्रा निम्बफलाखादे काकलोको हि कल्पितः' इत्यादौ द्रष्टव्यः । गम्यौपम्यानलंकारान् प्रस्तौति—अथेति ।। तत्र प्रस्तुताप्रस्तुतव्यासाश्रयां तुल्ययोगितामाह—प्रस्तुतानामिति ।। केवलमित्युभयत्र संयोज्य व्याचष्टे—यत्रेति ।। तुल्यस्य योगोऽस्यां संजात

प्रतापरुद्र में लक्ष्मी के सदृश सकल विद्याओं की संघटना करके स्वयं ब्रह्मा कृतार्थ होता है ।

यहां प्रतापरुद्र में सकल विद्याओ का और लक्ष्मी का समान योग है ।

तुल्ययोगिता अलंकार—

अब जहां उपमा गम्य है उस अलंकार वर्ग का प्रस्ताव है । जहां केवल प्रस्तुतों में अथवा केवल अप्रस्तुतों में तुल्यधर्म के बदौलत उपमा व्यक्त होती है वह तुल्ययोगिता अलंकार माना गया है ।

जहां केवल प्रकृत अथवा केवल अप्रकृतो में तुल्य धर्म की योगिता माने सम्बन्ध से औपम्य उपमा (स्वार्थे ष्यञ्) गम्य होती है वह तुल्ययोगिता मानी है । उनमें प्रस्तुतों में जैसे—

भद्रासनाध्यासिनि रुद्रदेवे तत्कीर्तयस्तद्द्विषदङ्गनाश्च ।
अनारतं भ्रान्तिविशेषभाजः प्रतिक्षणं पाण्डुरतां भजन्ते ॥

अत्र कीर्तीनां द्विषदङ्गनानां च प्राकरणिकत्वम् । पाण्डुरतां भजन्त इति समानधर्मः । अप्रकारणिकानां यथा—

कूर्मेन्द्रपन्नगाधीशहरित्करिकुलाद्रयः ।
मिथो निःसारतां प्राप्ताः काकतीन्द्रे महोभृति ॥

अत्र कूर्मेन्द्रप्रभृतीनामप्राकरणिकानाम् । निःसारतां प्राप्ता इति समानधर्मः । अत्र गम्यमानौपम्यं न वास्तवम् किं तु वैवक्षिकम् ।

इति तुल्ययोगितेत्यर्थः । सा च प्रस्तुतानामप्रस्तुतानां च प्रतिस्वं गुणेन क्रियया च संबन्धे चतुर्विधा । तत्र केवलप्रस्तुतविषयां गुणाश्रयामुदाहरति—भद्रासनेति- अन्योदाहरणमाह—कूर्मेन्द्रेति । । हरित्करिणो दिग्गजाः । एवमुथयत्र क्रियाश्र- यत्वेनाप्युदाहार्यम् । ननु प्रस्तुताप्रस्तुतविषयस्यौपम्यस्य कथमत्रोपपत्तिस्तत्राह— अत्रेति ॥ केवलप्रस्तुतेषु कस्यचिदुपमानत्वस्य केवलाप्रस्तुतेषु कस्यचिदुपमेय- त्वस्य कल्प्यमानत्वादिति भावः । अथ प्रस्तुताप्रस्तुतसमाश्रयं दीपकमाह—

प्रतापरुद्र राजा जब सिंहासन पर आसीन हुए तब उसकी कीर्ति और उसके शत्रुओं की अङ्गनाएं निरन्तर भ्रान्ति विशेष में मिथ्याज्ञान में रत हुई प्रतिक्षण पीली पडजाती है । उनमें कीर्ति निरन्तर दिग्दिगन्त में भ्रमण करती है और स्वच्छ होती है ।

यहां कीर्ति और शत्रुओं की अङ्गनाएं, दोनों प्राकरणिक है । भ्रान्तिभावकत्व और पाण्डुरत्व साधारण धर्म हैं । यहां भ्रान्ति और पाण्डुर में अभङ्ग श्लेष है । इसको ग्रन्थकार एवं टीकाकार दोनों ने नहीं लिखा है ।

अप्राकरणिक को में जैसे—

जब काकतीश्वर ने मही को धारण कर लिया तब मही धारण करने के स्वामी अहंकारी कूर्मेन्द्र कच्छप, पन्नगाधीश शेषनाग, हरित्करी दिग्गज एवं कुलाचल सब परस्पर में निः सारभाव को प्राप्त करते हैं ।

यहां कूर्मेन्द्र प्रभृति अप्राकरणिक है । निः सारता प्राप्ति साधारण धर्म है । यहाँ गम्यमान औपम्य वास्तविक नहीं है किन्तु वैवक्षिक है ।

दीपकालंकार ।

प्रस्तुताप्रस्तुतानां तु सामस्त्ये तुल्यधर्मतः ।।
औपम्यं गम्यते यत्र दीपकं तन्निगद्यते ।।

यत्र प्रस्तुताप्रतुतानां समस्तानामेव समानधर्मसंम्बन्धेनौपम्यं गम्यते तद्दीपकम् । तस्य धर्मस्यादिमध्यान्तगतत्वेन त्रैविध्यम् । आदिदीपकं यथा—

*भाइणलेण किअजुअं रहुउलदीवेण सोरिणा तेता ।
दावारो वाजणिणा कलिजुअअं वीररुद्दे ण ।।

---

*भाति नलेन कृतयुगं रघुकुलदीपेन शौरिणा त्रेता ।
द्वापरस्तपोजनिना कलियुगं वीररुद्रेण ।।

प्रस्तुतेति ।। अत्र प्रस्तुताप्रस्तुताना सामस्त्यमत एवौपम्यं वास्तवमिति तुल्ययोगितातो विशेषः । गम्यत्वं पुनरस्य पूर्ववदत्रापि इवाद्यभावात् । प्राकारणिकाप्राकारणिकमध्ये कुत्रचिन्निविष्टः समानो धर्मः पश्वर्थानुष्ठितः प्रयाजादिः पुरोशाशस्येवेतरांशस्योपकरोति । अत एव दीपसादृश्यात् दीपकमित्युच्यते । 'संज्ञायां च' इतीवार्थे कन्प्रत्ययः । तत्र विशेषमाह—तस्येति ।। आदिमध्यान्तगतत्वेन आदिमध्यान्तवाक्यगतत्वेनेत्यर्थः । भाईति ।। रघुकुलदीपेन शौरिणा रामेण । जनिरुत्पत्तिर्यस्य

दीपकालंकार

प्रस्तुत एव अप्रस्तुत की समस्तता में जहाँ तुल्य धर्म के बदौलत औपम्य गम्य होता है वह दीपक कहाता है । जहां समास माने मिले ही हुए न कि पृथक् २ है प्रस्तुत एव अप्रस्तुत में तुल्यधर्म के सम्बन्ध से जहां औपम्य गम्य होता है वह दीपक है ।

उस समान धर्म का कहीं आदि में कहीं मध्य में और कहीं अन्त में उपादान करने से वह तीन तरह का है ।

उनमें आदि दीपक जैसे—

नल से कृतयुग की रघुकुलदीप राम से त्रेता की धर्म पुत्र युधिष्ठिर से द्वापर की और वीररुद्र से कलियुग की शोभा है ।

यहां दो गलतियां है । रघुकुलोत्पन्न राम को शौरि शूरवंशज कहना यह पहली गलति हैं द्वापर की शोभा कृष्ण से कहनी चाहिए क्योंकि राम के बाद कृष्ण आते है और वे शौरि है ।

अत्र यथा नलरामधर्मपुत्रैः कृतत्रेताद्वापराः शोभन्ते तथा वीररुद्रेण कलियुगं शोभत इत्यौपम्यं गम्यते । मध्यदीपकं यथा—

*भाईरहिए जलणिही राअइ जोण्हाए पुण्णिमाचंदो ।
सुत्तीए कमलहवो कित्तीए पआवरुद्दो वि ।।

अत्र भागीरथ्यादिभिः समुद्रादयो यथा राजन्ते तथा कीर्त्या प्रतापरुद्रो राजत इत्यौपम्यं गम्यते । अन्तदोपकं यथा—

†सुरलोअं सुरणाहो णरलोअं वीररुद्दणरणाहो ।
फणिलोअं फणिणाहो रक्खइ णिरुपद्दवोज्जेअं ।।

---

* भागीरथ्या जलनिधी राजते ज्योत्स्नया पूर्णिमाचन्द्रः ।।
श्रुत्या कमलभवः कीर्त्या प्रतापरुद्रोऽपि ।।

† सुरलोकं सुरनाथो नरलोकं वीररुद्रनरनाथः ।।
फणिलोकं फणिनाथो रक्षति निरुपद्रवोद्वेगम् ।।

तेन तपोजनिना धर्मपुत्रेण । अत्र भातीति समानधर्मस्यादिवाक्यगतत्वादादिदेदीपकम् । भाई रहिए इति ।। अत्र राजत इत्यस्य द्वितीयवाक्य गतत्वान्मध्यदीपकम् । सुरेति । अत्र रक्षणस्यान्तवाक्यातित्वादन्तदीपकम् एपूदाहरणेष्वनेककारकगत्वेनैकक्रियादीपकम् एवमनेकक्रियागतत्वेनैककारकमपि दीपकमस्ति । यथा—'साधूनामुपकर्तुं लक्ष्मीं द्रष्टुं विहायसा गन्तुम् । न कुतूहलि कस्य मनश्चरितं च महात्मनां श्रोतुम् ।।' इति । अनन्तरालंकारयोः संगतिमाह—अथेति ।। समानधर्मस्य पदार्थगतत्वात् दीपकतुल्य-

---

यहां जैसे नल राम एवं धर्म पुत्र से कुलयुग त्रेता एवं द्वापर की शोभा है वैसे वीररुद्र से कलियुग की शोभा है इस तरह औपम्य गम्य है । और दीपक काहे हेतु भातिपद आदि में है ।

मध्यदीपक जैसे—

भागीरथी से समुद्र चाँदनी से पूर्ण चन्द्र श्रुति से ब्रह्माजी जैसे शोभायमान है वैसे ही कीर्ति से प्रतापरुद्र शोभायमान है ।

यहां राजते पद मध्य में है अतः मध्यदीपक है । जैसे भागीरथी वगैरह से समुद्रादि शोभित है वैसे कीर्ति से प्रतापरुद्र इस तरह औपम्य गर्भ है ।

अन्तदीपक जैसे—

सुरलोक की सुरनाथ और फणिलोक की फणिनाथ जैसे रक्षा करता है वैसे ही नरलोक की वीररुद्र नरनाथ करता है ।

अत्र यथा सुरलोकफणिलोकौ सुरनाथफणिनाथाभ्यां रक्षितौ तथा वीररुद्रेण नरलोको रक्षित इत्यौपम्यं गम्यते।

अथ पदार्थगतालंकारद्वयानन्तरं वाक्यार्थगतमलंकारद्वयं निरूप्यते।

प्रतिवस्तूपमालंकार।

यत्र सामान्यनिर्देशः पृथग्वाक्यद्वये यदि।
गम्यौपम्याश्रिता सा स्यात् प्रतिवस्तूपमा मता॥

यत्र वस्तुप्रतिवस्तुभावेन सामान्यं वाक्यद्वये निर्दिश्यते तेन गम्यौपम्या प्रतिवस्तूपमा। सा साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां द्विविधा। प्रथमा यथा—

मन्थानाचल एवैकः क्षमः सिन्धुविलोडने।
प्रतारुद्र एवैकः शक्तः शत्रुविलोडने॥

योगिते। तन्निरूपणानन्तरं पदारब्धवाक्यार्थमूलालंकारद्वयमुच्यत इत्यर्थः। तत्रापि पूर्वोक्तरीत्यान्तरङ्गवस्तुप्रतिवस्तुभावमूलां प्रतिवस्तूपमामाह—यत्रेति॥ फलतो व्याचष्टे—यत्र वस्त्विवति॥ गम्यौपम्येति॥ इवाद्यप्रयोगादिति भावः। अन्यथेय-मुपमैव स्यादिति हृदयम्। तेन प्रतिवस्तु प्रतिवाक्यार्थमुपमा सामान्यं यस्यां सा प्रतिवस्तूपमा। इत्यन्वर्थेयमजनि। तस्या द्वैविध्यमाह—साधर्म्येति॥ साधर्म्येणो-

---

यहां जैसे सुरलोक एवं फणिलोक सुरनाथ एवं फणिनाथ से सुरक्षित है ऐसा औपम्य गम्य है।

अथ इसके बाद पदगत दो अलंकारों के बाद वाक्यगत दो अलंकारों का निरूपण करते हैं।

प्रतिवस्तूपमा अलंकार

यदि दो दो वाक्यों में पृथ्क पृथक् साधारण धर्म का निर्देश होता है तब वह गम्य औपम्य के आश्रय पर रहने वाली प्रतिवस्तूपमा होगी।

जहाँ वस्तुप्रतिवस्तुभाव से सामान्य का दो वाक्यों में निर्देश करते हैं तब उस निर्देश से जिसमें औपम्य गम्य है ऐसी प्रतिवस्तूपमा है वह साधर्म्य एवं वैधर्म्य से दो प्रकार की है। उनमें पहली जैसे—

सिन्धु के विलोडन में जैसे मन्थाचल ही एक शक्त हैं वैसे ही शत्रु के विलोडन में प्रतापरुद्र ही एक समर्थ है।

अत्र यथा समुद्रविलोडने मन्थानाचलः क्षमस्तथा शत्रुविलोडने प्रतापरुद्रः शक्त इत्यौपन्यं गम्यते । द्वितीया यथा—

प्रतापरुद्र एवैकः पटीयान् जनरञ्जने ।
चन्द्रादृते क्षमो नान्यश्चकोरपरितोषणे ।।

अत्र चन्द्रेण यथा चकोरपरितोषणं क्रियते तथा वीररुद्रेण जनरञ्जनं क्रियत इति वैधर्म्येणौपम्यं गम्यते । अथ दृष्टान्तः ।

दृष्टान्तालंकारः ।

यत्र वाक्यद्वये बिम्बप्रतिबिम्बयोच्यते ।
सामान्यधर्मो वाक्यज्ञैः स दृष्टान्तो निगद्यते ।।

यत्र बिम्वप्रतिबिम्वभावेन सामान्यं वाक्यद्वये निर्दिश्यते स दृष्टान्तालंकारः । सोऽपि साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां द्विविधः । आद्यो यथा—

दाहरति—मन्थानेति ।। अत्र संबन्धिभेदेन क्षमशक्तशब्दाभ्यां समानधर्मस्य कथनाद्वस्तुप्रतिवस्तुभावः । वैधर्म्योणोदाहरति—प्रतापेति ।। पटीयानतिपटुः । दृष्टान्तं लक्षयति—अत्रेति ।। द्वयोः सदृशयोरर्थयोरुपादानं बिम्बप्रतिबिम्बभाव इत्युक्तम् । अत्रापीवाद्युपादाने पूर्ववदुपमैव स्यादिति द्रष्टव्यम् । दृष्टोऽन्तो निश्चयो यत्र स

यहाँ समुद्र के विलोडन में मन्थाचल जैसे क्षम है वैसे शत्रु के विलोडन में प्रतापरुद्र क्षम है इस तरह साधर्म्य से औपम्य गम्य है ।

द्वितीया जैसे—

प्रतापरुद्र ही एक ऐसा है जो जनरञ्जन करने में पटीयान् है । ठीक ही है चंद्र के सिवाय कोई दूसरा नहीं है जो चकोर का पोषण करे ।

यहां चन्द्र जैसे चकोर का पोषण करता है वैसे बीररुद्र जनरञ्जन करते हैं अतः वैधर्म्य से औपम्य गम्य है ।

दृष्टान्त अलंकार

जहां दो वाक्यों में बिम्वप्रतिबिम्वभाव से साधारण धर्म को कहते हैं उसे वाक्यवेत्ता लोग दृष्टान्त कहते हैं । जहां दो वाक्यों में बिम्वप्रतिबिम्वभाव से साधारण धर्म का निर्देश करते हैं वह दृष्टान्त अलंकार है । वह भी साधर्म्य एवं वैधर्म्य से दो प्रकार का है । उनमें पहला जैसे—

क्षोणीं बिभ्रतु भूभृतः कतिपये कापि प्रतिष्ठा पुनः
स्वर्णाद्रेर्दिगधीशवासनगरीसंदिग्धकुञ्जश्रियः ।
राजानो जनरञ्जनं विदधतां श्रीवीररुद्रप्रभोः
कोऽप्यन्यो महिमा जगत्त्रयधुराधौरेयदोःशालिनः ।।

अत्र प्रतापरुद्रस्य मेरोश्च बिम्बप्रतिबिम्बभावादौपम्यं गम्यते ।

वैधर्म्येण यथा—

काकतीन्द्रकृपादृष्टिमात्राज्जाग्रति संपदः ।
तावदब्जानि निद्रान्ति यावन्नोदेति भानुमान् ।।

अत्र यथा भास्वदुदयमात्रेण पद्मानि समुन्मीलन्ति तथा प्रतापरुद्रदयाविलोकनमात्रेण संपदः संभवन्तीति वैधर्म्येण बिम्बप्रतिबिम्बनम् ।

दृष्टान्त इत्यर्थः । साधर्म्येणोदाहरति—क्षोणीमिति ।। भूभृतः पर्वताः । दिगधीशानामिन्द्रादीनां वासनगरीत्वेन संदिग्धाः संदेहविषयीकृताः कुञ्जश्रियो यस्य तस्य तथोक्तस्य । तत्र कुञ्जेष्वेव नगरबुद्धिरुदेतीति भावः । संपूर्वको दिहिः सकर्मकोऽपि दृश्यते । यथा 'नानुपलब्धे न निर्णीतेऽर्थे न्यायः प्रवर्तते अपि तु संदिग्धे' इति । जगत्त्रयधुरायां धौरेयाभ्यां धुरन्धराभ्यां दोर्भ्यां शालते ताच्छील्येन तथोक्तस्य । धौरेयशब्दो व्याख्यातः । वैधर्म्येणोदाहरति--काकतीन्द्रेति ।। निदर्शनायाः संगति-

---

भले ही कतिपय राजा लोग पृथ्वी को धारण करें किन्तु उसके धारण करने में कोई विलक्षण प्रतिष्ठा स्वर्णाचल की ही है। जिस सुमेरु के कारण इन्द्रादि दिक्पतियों की आवासभूत नगरियों में कुञ्ज की शोभा का सन्देह होता है अर्थात् वे नगरियां कुञ्ज मालूम पड़ती हैं। इसी तरह भले ही राजा लोग भी जनरञ्जन करें किंतु श्रीवीररुद्र राजा की जनरञ्जन करने के विषय में कोई विलक्षण ही महिमा है। जिसकी भुजाएं जगत्रयी की धुरा के वहन करने में धौरेय हैं।

यहां प्रतापरुद्र का और मेरु का बिम्बप्रतिबिम्बभाव से औपम्य गम्य है। वैधर्म्य से जैसे—

काकतीन्द्र की केवल कृपादृष्टि से ही सम्पत्तियां जागती हैं क्योंकि तभी तक कमल शयन करते हैं जब तक सूर्य का उदय नहीं होता है।

यहां जैसे भास्वान् के उदय होते ही पद्म समुन्मीलित हो जाते हैं वैसे ही प्रतापरुद्र के विलोकन मात्र से सम्पत्तियां हो जाती है इस तरह वैधर्म्य से बिम्बप्रतिबिम्बभाव यहां है।

निदर्शनालंकारः ।

अथ गम्यमानौपम्यप्रस्तावान्निदर्शनालंकारो निरूप्यते ।

असंभवद्धर्मयोगादुपमानोपमेययोः ।
प्रतिबिम्बक्रिया गम्या यत्र सा स्यान्निदर्शना ॥

यत्रोपमानधर्मस्योपमेयगतत्वेन निबद्धस्यान्वयासंभवात् तत्सबन्धार्थं बिम्बप्रतिबिम्बकरणमाक्षिप्यते सैका निदर्शना । तद्विपर्यये द्वितीया निदर्शना । प्रथमा यथा—

रिपुतिमिरमुदस्यन् रत्नसिंहासनस्थ-
स्त्रिभुवनमहनीयः काकतीयक्षितीशः ।
वहति महितविश्वोल्लासलीलामभिख्या-
मुदयशिखरिचूडाचुम्बिनस्तीव्रभानोः ॥

माह—अथेति ॥ अत्र बिम्बप्रतिबिम्बभावोऽभ्युच्चयः । लक्षणमाह—असंभव-दिति ॥ उपमानधर्मस्योपमेयगतत्वेनोपमेयधर्मस्योपमानगतत्वेन वा संबन्धासंभवाद्वाक्यार्थसंबन्धा निदर्शना द्विविधेत्यर्थः । व्याचष्टे—यत्रेति । यद्विपर्यय इति उपमेयधर्मस्योपमानगतत्वेनेत्यर्थः । रिपुतिमिरमिति ॥ उदयशिखरिचूडाचुम्बिनः प्राचीनपर्वताग्रवर्तिनस्तीव्रभानोर्विश्वोल्लासिलीलां लोकानन्दिस्व-

---

निदर्शना अलंकार

गम्यमान औपम्य के प्रस्ताव से प्रकरण होने से निदर्शना अलंकार का निरूपण करते हैं। जहां उपमान के धर्म का उपमेय में निबन्धन कर देने से अन्वय का होना सम्भव नहीं है अतः उसके सम्बन्ध के लिए बिम्बप्रतिबिम्बभाव के करने का आक्षेप करते हैं वह एक निदर्शना है। उसके विपर्यय में दूसरी निदर्शना है। उनमें पहली जैसे—

रिपुतिमिर को उदस्त करने वाला रत्नजटित सिंहासन पर आसीन और त्रिभुवन में महनीय काकतीन्द्र नरेश उदयाचल के शिखर पर आसीन सूर्य की विश्व के उल्लासकारी महित लीला की शोभा का वहन करते है।

अत्र तीव्रभानोरभिख्यायाः प्रकृतेऽसंभवादभिख्यासदृशीमभिख्यां वहतीति बिम्बप्रतिबिम्बकरणाक्षेपः। उपमेयधर्मस्योपमानेऽसंभवाद्यथा—

वीररुद्रनरेन्द्रस्य यशोवैशद्यसंपदः।
लक्ष्यन्ते क्षीरवाराशिलीलादर्पणमन्डले ॥

अत्र यशोवैशद्यस्य दुग्धार्णवादावसंभवात् सादृश्योपगमेन बिम्ब-प्रतिबिम्बनं गम्यते। क्वचिन्निषेधवशादाक्षिप्तया प्राप्त्या बिम्बप्रति बिम्बकरणाक्षेपो यथा—

काकतीन्द्रद्विषत्कान्ता धावन्त्यः प्रतिकाननम्।
पद्भ्यां मुञ्चन्त्यलाक्षाभ्यां स्थले रक्तोत्पलश्रियम् ॥

रूपामभिख्यां शोभां वहति। योजयति—अत्रेति ॥ वीररुद्रेति ॥ अत्रोपमेयधर्मस्योपमानेऽसंभवाद् प्रतिबिम्बक्रियाक्षेप इत्याह—अत्र यश इति ॥ अत्र च विशेषान्तरमाह—क्वचिदिति। काकतीन्द्रेति ॥ अलाक्षाभ्यामलक्तकर-हिताभ्यांम्। पूर्वं राज्यसमय इत्यर्थः। संभवद्वाक्यार्थ संबन्धादपीयमन्यैरङ्गीकृता। तदुक्तम्—'अभवन् वस्तुसंबन्धो भवन् वा यत्र कल्पयेत्। उपमानोपमेयत्वं कथ्यते सा निदर्शना।' इति। उदाहरणं तु— 'चूडामणिपदे धत्ते यो देवं रविमागतम्। सतां कार्यातिथेयीति बोधयन् गृहमेधिनः॥' इति। अत्र चक्रवर्ती व्याचक्रे—

यहां प्रकृत में सूर्य की शोभा का वहन करना असम्भव है अतः अभिख्या के सदृश अभिख्या का वहन करते हैं इस तरह बिम्बप्रतिबिम्बभाव करने का आक्षेप है। यहां उपमान के धर्म को उपमेय से कहा गया है। अब उपमेय के धर्म का उपमान में असंभव है ऐसी निदर्शना जैसे—

वीररुद्र के विशद यश की सम्पत्तियां क्षीरसमुद्राख्य लीलादर्पण के मण्डल में लक्षित होती हैं।

यहां विशद यश की क्षीर समुद्र में संभावना नही की जा सकती है अतः सादृश्य के उपगम करने से बिम्बप्रतिबिम्बभाव गम्य होता है। यहां उपमेय के धर्म का उपमान में असंभव होने से बिम्वप्रतिबिम्बनक्रिया का आक्षेप किया है। कहीं निषेध करने के बदौलत आक्षिप्त से बिम्बप्रतिबिम्बनक्रिया का आक्षेप जैसे—

महावर जिनमें नहीं लगा हुआ है ऐसे पैरों से इस कानन से उस कानन में दौड़ती हुई काकतीन्द्र के दुश्मनों की औरतें स्थल स्थल पर रक्त कमल की शोभा को छुड़ा देती है।

अत्र मुञ्चन्तीति निषेधात् पूर्वं रक्तोत्पलश्रीप्राप्तिराक्षिप्ता।

व्यतिरेकालंकार।

अथ व्यतिरेकः।

भेदप्रधानसाधर्म्यमुपमानोपमेययोः।
आधिक्याल्पत्वकथनाद् व्यतिरेक स उच्यते॥

यत्रोपमानादुपमेयस्याधिक्येन न्यूनत्वेन वा प्रतिपादनेन भेदप्रधानं साधर्म्यमुपगम्यते स व्यतिरेकालंकारः। यथा—

दिनकृति कुमुदैर्धृतो न रागः शशिनि पराञ्चि परं सरोरुहाणि।
कुवलयकमलादृतप्रकाशः प्रभवति विश्वसुहृत् प्रतापरुद्रः॥

'बोधयन्निति कारोषाऽग्निरध्यापयतीतिवद् गिरिगृहमेधिनो बोधनक्रियासमर्थान् करोतीति तत्समर्थाचरणे णिचः प्रयोगात् संभवति वस्तुसंबन्धः' इति। ततस्तादृशबोधनाक्षेपः। सैषा सर्वापि पदार्थवृत्तिः। वाक्यार्थवृत्तिर्यथा—तत्पादनखरत्ननां यदलक्तकमार्जनम्। इदं श्रीखण्डलेपेन पाण्डुरीकरणं विधोः॥ इति। न चायं दृष्टान्तः। अत्र वाक्ययोः सापेक्षत्वात्। यत्र निरपेक्षवाक्यद्वये बिम्बप्रतिबिम्बभावः स दृष्टान्तः। यत्र सापेक्षवाक्यद्वये सेऽसौ निदर्शनेति महाननयोर्भेदः। अत्र मालावैचित्र्यमपि द्रष्टव्यम्। अथ गम्यौपम्यप्रस्तावाद् व्यतिरेकं लक्षयति—भेदेति॥ भेदो वैलक्षण्यं तत्प्रधानं साधर्म्यं गम्यत इत्यध्याहृत्य व्याचष्टे—यत्रेति॥

यहां मुञ्चति इस निषेध से पहले जब उनका राज्य था उस समय की श्री की प्राप्ति आक्षिप्ता है। अथ व्यतिरेक है।

व्यतिरेक अलंकार

जहां उपमान एवं उपमेय में आधिक्य के अथवा अल्पत्व के कहने से भेद माने वैलक्षण्य प्रधान है ऐसे साधर्म्य को व्यतिरेक कहते है।

जहाँ उपमान से उपमेय का आधिक्येन अथबा न्यूनत्वेन प्रतिपादन करने से जो भेद प्रधान साधर्म्यं उपगत होता है वह व्यतिरेक है। जैसे—

कुमुदों ने दिनकर में अनुराग नहीं किया और सरोरुह चन्द्र से पराङ्मुख हो गये किन्तु कुमाने भू और वलय माने मण्डल है अतः कुवलय भूमण्डल से अभिन्न कुवलय रात्रिविकासी कमल और कमला माने लक्ष्मी से अभिन्न कमलों से आहित है प्रकाश जिसका ऐसा विश्व सुहृत् प्रतापरुद्र प्रभु है।

